✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 177 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 24 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सीएम नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ के सौंदर्यीकरण कार्य का लिया जायजा

# औरंगाबाद के उत्पाद अधीक्षक के कई ठिकानों पर निगरानी का छापा

## 1.58 करोड़ की अवैध संपत्ति का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने रविवार को आय से अधिक संपत्ति से जुड़े मामले में औरंगाबाद के उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद के चार ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। निगरानी की टीम ने औरंगाबाद स्थित उनके कार्यालय एवं आवास के अलावा पटना के पश्चिम शिवपुरी स्थित आवास श्रीराम निकुंज एवं जहानबाद जिले के टेहटा थाना अंतर्गत सुमेरा गांव स्थित आवास पर एक साथ छापेमारी की। सात घंटे की लंबी पूछताछ और छापेमारी के बाद टीम बाहर निकल गई है। औरंगाबाद में दोनों ठिकानों पर नोट गिनने वाली मशीन मंगाई गई थी। छापेमारी के दौरान आजाद के आवास एवं कार्यालय से काली कमाई के रूप में अकूत संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले हैं। उत्पाद अधीक्षक की पत्नी के नाम पटना में जमीन के छह प्लाट, पत्नी व अन्य स्वजन के नाम जहानाबाद में चार जमीन प्लाट के प्रमाण भी मिले हैं। विशेष निगरानी इकाई के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दराद ने बताया कि अनिल कुमार आजाद के आवास और कार्यालय में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उसके अकूत संपत्ति के सबूत मिले हैं। अनिल ने अवैध कमाई से पत्नी माधुरी देवी के नाम 6 प्लॉट खरीदा है जो पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के मानस मार्ग में है। इसके साथ ही पत्नी और परिजन के नाम जहानाबाद में चार प्लॉट खरीदा हैं। इसकी कीमत 1,78,30,880 है। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पटना स्थित उनके आवास से 28 लाख रुपए का एफडी (शेष पृष्ठ 10 पर)



# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एमएलए आवास व जेपी गंगा पथ के सौंदर्यीकरण कार्य का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दारोगा राय पथ स्थित नवनिर्मित एमएलए आवास (डुप्लेक्स बंगला) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने एमएलए आवास के विभिन्न भागों का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी आवासों में निर्वाचन क्षेत्र संख्या और विधानसभा क्षेत्र अंकित है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्मित विधायक आवास बहुत अच्छा बना है। इन आवासों को सभी नवनिर्वाचित विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्र संख्या और विधानसभा क्षेत्र के आधार पर शीघ्र ही आवंटित कर दिया जायेगा। इस आवास में सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध हैं। इस परिसर का सौंदर्यीकरण भी बहुत अच्छे ढंग से किया गया है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश ने छपरा में तीन बच्चों की मौत पर जताया दुख

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के धनौती गांव में मछली पालन के लिए बनाए गए पोखर में डूबने से तीन बच्चों की हुई मृत्यु पर गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुःखद है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### जमुई में नक्सलियों के मंसूबे नाकाम, विस्फोटक बरामद

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** गरही थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। जनकपुरा गांव के जंगली इलाके में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए ये विस्फोटक लगाए गए थे। सशस्त्र सीमा बल की 16वीं वाहिनी को शनिवार को परासी गांव में गुप्त सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार जनकपुरा गांव से ऊपर पहाड़ी जंगली क्षेत्र मां-बेटा पहाड़ गिद्धेश्वर में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए जंगली रास्ते में अवैध विस्फोटक पदार्थ लगाए गए थे।

### भेल्दी थानाध्यक्ष व चौकीदार निलंबित

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने शनिवार को भेल्दी थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अपर थानाध्यक्ष की कुर्सी पर एक बाहरी व्यक्ति को बैठा पाया जो न तो पुलिस पदाधिकारी था और न ही उसके पास थाने में बैठने का कोई अधिकृत अधिकार था। उसने स्वयं को पारा विधिक स्वयं सेवक बताया परंतु इसके प्रमाण नहीं दे सका। उसके मोबाइल से थाने के कई गोपनीय दस्तावेज भी मिले। एसएसपी ने इसे गंभीर अनियमितता मानी और थानाध्यक्ष व चौकीदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के झलकू नगर के पास अज्ञात गाड़ी ने शादी से वापस लौट रहे बाइक सवार पिता-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई बड़हरा थाना क्षेत्र के मीरगंज बभनगावां गांव निवासी किसान दिनेश राय की मौत हो गयी जबकि बाइक चला रहा बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद कोईलवर थाना पुलिस ने उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

# स्कॉर्पियो दुर्घटना में तीन की मौत, चार गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दरभंगा-मुजफ्फरपुर मार्ग रविवार को अहले सुबह एक भयानक सड़क हादसा हुआ जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य की हालत गंभीर है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत चिंताजनक बताई है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कॉर्पियो दिल्ली मोड़ बस स्टैंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई है। उनका कहना है कि गाड़ी तेज गति से अनियंत्रित होकर हवा में उछलते हुए एक लेन से विपरीत लेन पर चली गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना सबसे पहले एक ट्रक चालक ने हाईवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस के इंस्पेक्टर शशिभूषण सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल (शेष पृष्ठ 10 पर)

# बिहार में बिछेगा उद्योगों का जाल : डॉ. दिलीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/किशनगंज।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल मंत्रिमंडल गठन के बाद पहली बार किशनगंज पहुंचे। यहां माता गुजरी मेडिकल कॉलेज में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था और औद्योगिक विकास पर महत्वपूर्ण बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. जायसवाल ने बताया कि 49 दिनों में उन्होंने 38 जिलों का दौरा किया। उनका एकमात्र उद्देश्य कार्यकर्ताओं से संवाद कर एनडीए सरकार को फिर से सत्ता में लाना था, जिसमें वे सफल रहे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार बिहार में कानून का राज स्थापित करेगी। शुक्रवार से ही अपराध मुक्त बिहार का मिशन शुरू हो



चुका है। डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि गलत करने वाले किसी भी व्यक्ति को सजा मिलेगी और स्पीडी ट्रायल चलाकर उसे जेल भेजा जाएगा। उद्योग मंत्री के रूप में अपनी सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं का पलायन रोकना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं को रोजगार मिले और कानून का राज स्थापित हो, ये उनकी दो मुख्य प्राथमिकताएं हैं। डॉ. जायसवाल ने स्वीकार किया कि सभी को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है। इसलि, युवाओं को रोजगार कैसे मिले, इसका रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य देशों से लोग यहां उद्योग स्थापित करें, इसके लिए श्रम विभाग ने कई नए कानून बनाए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 25 नवंबर को बिहार कैबिनेट की पहली बैठक होगी जिसमें बिहार में उद्योगों का जाल बिछाने पर प्रमुखता से निर्णय लिया जाएगा। इसी दिन भारत सरकार के साथ भी एक बैठक निर्धारित है जहां उद्योगों के विस्तार पर चर्चा होगी। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# किसानों की समस्या का करेंगे समाधान : संजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गन्ना मंत्री बनने के बाद संजय पासवान आज पहली बार अपने गृह जिला बेगूसराय पहुंचे। इनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पटना से बेगूसराय की सीमा सिमरिया पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-माला से लाद दिया। इसके बाद रास्ते में विभिन्न जगहों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। शहर में कार्यकर्ताओं के स्वागत के बाद संजय कुमार सबसे पहले पोखरिया स्थित अपने आवास पर पहुंचे और मां सहित सभी परिजनों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान लोजपा (रा.) जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जो विश्वास देता है उसे पर खड़े उतरेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई मंचों से कहा है कि बिहार के बंद पड़े जितने भी गन्ना मील हैं, सभी जल्द खोले जाएंगे। हम मंत्री होने के नाते संबंधित अधिकारियों के साथ समस्या को लेकर समीक्षा बैठक कर जानकारी लेंगे, निरीक्षण करेंगे, उसके बाद सभी बंद पड़े मीलों को खोलेंगे। किसानों को फायदा देने का प्रयास किया जाएगा। गन्ना किसानों की जो भी समस्याएं हैं, उसके संबंध में अधिकारियों के साथ बैठकर समस्या का समाधान करेंगे। पूरी मुस्तैदी के साथ उसपर काम करेंगे। हमारे नेता चिराग पासवान को भी जब विभाग मिला था तो लोगों ने कहा था कि बहुत कमजोर विभाग मिला है लेकिन उन्होंने पूरे देश दुनिया में अपने मंत्रालय को चमकाने का काम करने काम किया। समय-समय पर उनसे प्रेरणा और सहयोग लेकर गन्ना विभाग को चमकाने का काम करेंगे। हमारे बेगूसराय जिला में गन्ना उत्पादन का बहुत बड़ा क्षेत्र है, वहां की भी समस्याएं हैं सभी का समाधान करेंगे।






# अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना जरूरी : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जल संसाधन विभाग के नवनियुक्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभाल लिया। विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की और विभाग की प्राथमिकताओं पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि विभाग का फोकस मौजूदा व्यवस्था को मजबूत करने और चल रही परियोजनाओं को पूरी तरह प्रभावी बनाने पर होना चाहिए। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि नई पहल और नवाचारों पर 35 से 40 फीसदी काम हो जबकि 60 से 65 फीसदी ऊर्जा मौजूदा योजनाओं में सुधार और उनके बेहतर क्रियान्वयन पर लगाई जाए। उन्होंने कहा कि काम को कल पर नहीं छोड़ना है। जो भी करना है, आज और तुरंत करना है। यही दक्षता विभाग की पहचान बनाएगी। रबी सीजन करीब आने के मद्देनजर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नहरों में पानी की उपलब्धता बिना रुकावट सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि सिंचाई क्षमता बढ़ाना और पानी को अंतिम छोर तक पहुंचाना जरूरी है ताकि हर किसान रबी फसल में अधिकतम लाभ उठा सके। बाढ़ प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान देने की बात कही। मंत्री ने कहा कि पहले से बने तटबंधों को मजबूत करना और जरूरत के हिसाब से उनका विस्तार विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि क्षेत्रीय अभियंता स्वयं नियमित निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की कमी को तुरंत दूर करें। बैठक के दौरान विभाग में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए बनाई गई शोध और विशेष टीमों पर चर्चा हुई। इस पर मंत्री ने कहा कि ऐसी टीमों में युवा अभियंताओं की अधिक भागीदारी होनी चाहिए, ताकि उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित हो और विभाग में नई कार्य संस्कृति के साथ ऊर्जा का संचार हो सके। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) वरुण कुमार, संयुक्त सचिव अजय कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# 26 नवंबर को जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेंगे किसान

## खाद की कालाबाजारी व फर्जी धान अधिप्राप्ति के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने 26 नवंबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना, प्रदर्शन और प्रतिरोध मार्च आयोजित करने की घोषणा की है। यह निर्णय मोर्चा की संचालन समिति की आवश्यक बैठक में लिया गया जो रविवार को स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम, पटना में जनक देव सिंह उर्फ गांधी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दिल्ली किसान आंदोलन की बरसी को चिह्नित करते हुए किसानों के गुस्से को सड़क पर उतारने का आह्वान किया गया। समिति ने कहा कि 26 नवंबर 2020 को तीन कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सड़कों पर शुरू हुए आंदोलन ने किसानों की शक्ति और एकता को साबित किया था। उसी आंदोलन के सम्मान में बिहार में किसान विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन तेज करेंगे। बैठक में हाल में सम्पन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में हुई कथित धांधली और चुनाव आयोग के व्यवहार पर तीखी आपत्ति जताई



गई। नेताओं ने कहा कि चुनाव में 'लोकतंत्र की हत्या' हुई है और सर्वसम्मति से बिहार में फिर से चुनाव कराए जाने की मांग उठाई गई। मोर्चा ने कहा कि एनडीए सरकार की अप्रत्याशित जीत के बाद सत्ता पक्ष की तानाशाही खुलकर सामने आने लगी है। मजदूरों के अधिकारों पर चार श्रम कानून थोपकर केंद्र ने अपने कॉरपोरेट समर्थक चरित्र को उजागर किया है। वहीं बिहार में गरीब बस्तियों पर बुलडोजर चलाए जाने की घटना को शासन के दमन का प्रतीक बताया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि खाद की कालाबाजारी, फर्जी धान अधिप्राप्ति, भूमि अधिग्रहण और किसानों-मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमले चिंताजनक हैं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा खाद्य एवं कृषि सचिव और मुख्य सचिव से मिलकर किसानों की मांगों को हल करने का आग्रह करेगा। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बिहार में व्यापक किसान आंदोलन खड़ा किया जाएगा। बैठक को किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अमेरिका महतो, अनिल कुमार सिंह, देव कुमार, मनीष कुमार, ब्रजेश राय, अश्वनी कुमार चौबे, मुन्ना तिवारी, मो. मेराज खान एवं भूषण कुमार ने संबोधित किया और सभी किसान संगठनों को एकजुट होकर संघर्ष तेज करने की आवश्यकता बताई।



जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं करोड़ों बिहारियों की आन-बान और शान नीतीश कुमार को उनके नेतृत्व में एनडीए को मिले अभूतपूर्व जनादेश के लिए बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी

# एनडीए की प्राथमिकता प्रदेश में कानून का राज व रोजगार: डॉ. दिलीप जायसवाल

## बिहार की जनता ने विकास को पसंद किया और एनडीए को अपार समर्थन दिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद पहली बार किशनगंज पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। किशनगंज पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पर जमकर फूल बरसाए और उनके समर्थन में जमकर नारे लगाए। इसके बाद किशनगंज आवासीय कार्यालय में भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा संगठन के प्रति आपका समर्पण, अनुशासन तथा जनसेवा के प्रति आपकी अटूट निष्ठा ही



हमारी वास्तविक शक्ति है और इसी ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई गति मिलती है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार के लक्ष्य की दिशा में दृढ़ता से अग्रसर हैं। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारी प्राथमिकता बिहार में कानून का राज स्थापित करना और युवाओं को रोजगार देना है। उद्योग मंत्री होने के नाते हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी युवाओं को सरकारी नौकरी मिले, यह संभव नहीं है। ऐसे में हमारी प्राथमिकता प्रदेश में उद्योग लगाने की होगी। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग जल्द ही एक रोडमैप तैयार करेगा और उस पर काम किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी कल्पना है कि लोगों के दैनिक कार्य में जो भी सामान उपयोग में आते हैं, उनका निर्माण बिहार में हो और यहां कुटीर उद्योग की बहुतायत हो। सभी वस्तुओं का निर्माण का कार्य उद्योग विभाग के अंतर्गत आता है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने चुनाव में एनडीए को मिली जीत को लेकर लोगों का आभार जताते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए के घटक दलों के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त समन्वय देखने को मिला। हमलोगों ने चुनाव के पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की बैठक की थी। उन्होंने कहा बिहार में एनडीए सरकार ने जो काम किए थे और फिर चुनाव के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार और किसानों की खुशहाली की बात की गई तो बिहार की जनता ने विकास को पसंद किया और एनडीए को अपार समर्थन दिया।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल ने किया महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला-322 ने महिला सशक्तिकरण पर एक कार्यक्रम स्थानीय बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स, पटना में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन वी. के. लूथरा ने सभी विशेषट अतिथियों एवं कार्यक्रम के प्रवक्ताओं के साथ मिल कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता के रूप में पद्म श्री सम्मानित डॉ शांति राय एव सुद्धा वर्गीज के साथ उषा झा, साजिया केसर, हरजौत कौर बमराह, आई.ए.एस किरण घई, प्रो. माया शंकर आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप खेतान एवं प्रथम लायन लेडी रचना खेतान, ने सभी के विचारों को ध्यान से सुना एवं दिए गए निर्देश पर आगे कार्य करने की सहमति प्रदान की। पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर बी.के. लूथरा, पूर्व जिला-पाल नम्रता सिंघ, लायन रीता कुमार, (डी.सी. मिशन सखी), लायन अनसूया देवी, लायन किरान बजोरिया, लायन श्वेता, लायन श्रुतकृति अगरवाल, लायन नेहा, लायन चंदना सहाय, लायन सुनीता गोयनका, लायन सविता जालान, लायन राजीव भार्गव, लायन मनोज अगरवाल आदि ने इस कार्यक्रम के संचालन में अपना पूरा सहयोग दिया।

# अवैध वोटर नहीं तो टीएमसी भी नहीं : मंगल पांडेय

## घुसपैठियों को शरण देने में पश्चिम बंगाल देश का नंबर वन राज्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री एवं भाजपा पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडेय ने पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को सुचारु न होने देने का बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एसआईआर की शुरुआत होते ही ममता सरकार इस प्रक्रिया को रोकने की तमाम कोशिशें कर रही है। जैसा की टीवी चैनल्स व समाचार पत्रों में यह नजर आ रहा है कि यहां के अवैध वोटर मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया शुरु होते ही बार्डर पार यानी बंगलादेश की ओर भागते नजर आ रहे हैं। वहीं प्रदेश की नाकाम मुख्यमंत्री इन अवैध वोटरों के प्रति संवेदना प्रकट कर रही हैं। पश्चिम बंगाल देश का नंबर 1 राज्य है जहां घुसपैठिये खुद को सबसे सुरक्षित मानते हैं। यहां अवैध वोटर नहीं रहेंगे तो टीएमसी भी नहीं रहेगी। श्री पांडेय ने टीएमसी सरकार पर यह आरोप लगाया कि वो बूथ-लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की मौत पर राजनीति कर रही है। सच ये है कि टीएमसी के गुंडे बीएलओ



को धमका रहे हैं और चुनाव आयोग के नियमों की अनदेखी करने का दबाव बना रहे हैं। श्री पांडेय ने यह आरोप लगाया कि जिस प्रकार सरकार एसआईआर का विरोध करती नजर आ रही है, उससे बीएलओ की कथित सुसाइड सरकार को संदेह के घेरे में लाती है। पूरा भारत अवैध घुसपैठियों के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के फैसले के साथ खड़ा है। मगर सीएम ममता बनर्जी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन घुसपैठियों के साथ हैं। ममता-राहुल को अपने देश से ज्यादा दूसरे देश के नागरिकों के हित की चिंता है जो तुष्टिकरण का बड़ा उदाहरण है।

# नीतू नवगीत ने बिहार की संस्कृति से कराया परिचित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में बिहार दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने पारंपरिक गीतों के माध्यम से लोगों को बिहार की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराया। कार्यक्रम में उन्होंने उजर बगुला बिन, पिपरो न शोभे कोयल बिना बगिया ना शोभे राजा, पटना से



बैदा बुलाई दा नजरआ गईली गुईंया, राम जी से पूछे जनकपुर की नारी बता द बबुआ लोगवा गीत काहे गारी बता दे बबुआ, मांगी ला हम वरदान हे गंगा मैया, मांगी ले हम वरदान, दमा दम मस्त कलंदर तथा बिहार गौरव गान जिस धरा पर हमने जन्म लिया, वही हमारा मान है ये बिहार की धरती तुझपे जीवन कुर्बान है, हर दिल में बसता प्यार जहां पर, गंगा प्यार की बहती है, नालंदा और बोधगया का गौरव तुझ में समाया है जिस माटी में पले बढ़े हम, उसका कर्ज चुकाएंगे सहित अनेक पारंपरिक गीतों का गायन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रोताओं ने उनके साथ सुर में सुर मिलाकर गर्व से कहना हम हैं बिहारी, अपनी यही पहचान है गीत को गाया।

# बिहार के लोगों को अत्याधुनिक हृदय उपचार देना लक्ष्य : डॉ. नरेश त्रेहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा होटल लेमन ट्री प्रीमियर में अंतरराष्ट्रीय मेदांता कार्डियक कॉन्क्लेव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारत, इंग्लैंड, अमेरिका, मॉरीशस और नेपाल के ख्यातिप्राप्त हृदय रोग विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक सत्रों और मास्टरक्लास के माध्यम से अपनी नवीनतम विशेषज्ञता साझा की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मेदांता समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा- हृदय रोग आज भारत की सबसे बड़ी



स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। हमारा उद्देश्य है कि बिहार और पूर्वी भारत के मरीजों को वही उपचार मिले जो अमेरिका, यूरोप या दिल्ली-मुम्बई में उपलब्ध है। जयप्रभा मेदांता अस्पताल में संरचना, तकनीक और विशेषज्ञता—तीनों को उसी स्तर पर विकसित किया जा रहा है। कार्डियक कॉन्क्लेव इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ताकि डॉक्टरों को नवीनतम तकनीकों का ज्ञान मिले और मरीजों को सर्वोत्तम परिणाम मिले। कॉन्क्लेव में इंग्लैंड से डॉ. जेम्स नोलान, डॉ. राजे नरायण, अमेरिका से डॉ. मिथिलेश दास तथा मॉरीशस से डॉ. शमलोल उमेश ने अपनी प्रगति-उन्मुख प्रेजेंटेशन से हृदय रोग उपचार की नई दिशाओं पर प्रकाश डाला। भारत के विभिन्न प्रमुख शहरों—गुरुग्राम, नोएडा, लखनऊ, चेन्नई, हैदराबाद, जयपुर, मुम्बई, अहमदाबाद, कोलकाता, रांची और गुवाहाटी—से आए वरिष्ठ इंटरवेंशनल और क्लिनिकल कार्डियोलॉजिस्टों ने जटिल एंजियोप्लास्टी, हाई-रिस्क केस मैनेजमेंट, बिना तार वाले पेसमेकर, अतालता उपचार और बिना चीरा-फाड़ वाली हृदय प्रक्रियाओं पर अपनी तकनीकें साझा कीं। डॉ. प्रवीण चंद्रा (चेयरमैन, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, मेदांता) ने कहा- इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी लगातार विकसित हो रही है। आज हम ऐसे जटिल मामलों का इलाज कर पा रहे हैं जो कुछ वर्ष पहले संभव नहीं माना जाता था। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य है कि बिहार के चिकित्सक इन उन्नत तकनीकों को सीखें और अधिक जीवन बचाए जा सके। डॉ. रजनीश कपूर (वाइस चेयरमैन, कार्डियोलॉजी, मेदांता) ने कहा -हार्ट अटैक और अतालता के कई मरीज देरी से अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे मामलों में अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित टीम का संयोजन ही जीवन बचाता है। इस प्रकार के मास्टर-क्लास बिहार में कार्डियक केयर को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

# अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप के 15 साल पूरे होने पर नया डिप्लोमा किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंटरडिसिप्लिनरी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप (वाईआईएफ) के 16वें बैच, सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। फेलोशिप के 15 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि अब वाईआईएफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान करेगी। इस बैच के सभी चयनित फेलोज को एचडीएफसी बैंक के सहयोग से स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। करीब 100 सीटों वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पूरे देश, विशेषकर पटना और रांची जैसे शैक्षणिक रूप से उभरते शहरों से प्रतिभाशाली युवाओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। आवेदन की पहली राउंड 19 जनवरी 2026 तक खुली रहेगी। फेलोशिप की विरासत पर बात करते हुए अशोका यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के संस्थापक और चेयरपर्सन प्रमथ राज सिन्हा ने कहा अशोका की शुरुआत यंग इंडिया फेलोशिप से हुई थी, इसलिए इसका विश्वविद्यालय में बेहद खास स्थान है। प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे युवाओं को तैयार करना है जिनमें आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता हो। पिछले 14 वर्षों में लगभग 2400 पूर्व छात्र सरकार, सिविल सोसायटी, विकास क्षेत्र, अकादमिक जगत, शोध, खेल, परफॉर्मिंग आर्ट्स, बहुराष्ट्रीय संगठनों, कॉरपोरेट जगत और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। फेलोशिप के प्रभाव पर बात करते हुए अशोका यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर सोमक रायचौधरी ने कहा यंग इंडिया फेलोशिप ने विश्वविद्यालय में ऐसे नेताओं को तैयार करने में बड़ी सफलता हासिल की है जो आज दुनियाभर में अपना नाम बना रहे हैं। इसमें सभी आयु वर्ग और राष्ट्रीयताओं के उम्मीदवार जिनके पास जुलाई 2026 तक किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री होगी (अंतिम वर्ष के छात्र भी पात्र), आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि शिविर का आयोजन सोसाइटी परिसर रोड नं. 7, राजेन्द्र नगर में प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ हुआ। शिविर में नेत्र जांच का कार्य प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर कुमार, डॉ प्रवीण कुमार एवं अन्य अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। शिविर में करीब 95 मरीजों के आंखों की जांच की गई। मौके पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि आज नेत्र जांच में 26 लोगों का मोतियाबिंद बढ़ा हुआ पाया गया जिसका निःशुल्क ऑपरेशन फेको विधि से कराया जाएगा। जांच कराने वाले सभी मरीजों को दवा एवं आवश्यक परामर्श भी दिया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, संजय भलोटिया, प्रशांत बंका, घनश्याम अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, डॉ गौतम मोदी, सुजीत सिंघानिया, अनिल रिटोलिया, पवन गोयल सहित अन्य सदस्य लगे हुए थे।

# व्यापार मेला में बिहार दिवस समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिल्ली के भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में 14 से 27 नवम्बर 2025 तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में बिहार दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग विभाग एवं बिहार सूचना केंद्र दिल्ली द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वहीं बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा बिहार दिवस समारोह के अवसर पर भारत मंडपम के एमपीथिएटर 1 में एक-एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार से आए लोक कलाकारों ने अपनी गीत संगीत एवं मनमोहक नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पहले आयोजित प्रेस वार्ता को



दिल्ली में बिहार सरकार के स्थानिक आयुक्त एवं बिहार सरकार के इनवेस्टमेंट कमिश्नर व बिआडा (बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी) के एम डी कुंदन कुमार (आई ए एस) एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता का संचालन बिहार सूचना केंद दिल्ली के सहायक निदेशक वेद वृति ने की। इस अवसर पर बिहार पवेलियन के निदेशक संजय कुमार सिंह सहित उद्योग विभाग के कई पदाधिकारी मौजूद थे। कुंदन कुमार ने कहा कि 44वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में बिहार पवेलियन को इस बार के मेले के थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत के अनुरूप सजाते हुए इनमें बिहार के योगदान को दर्शाया गया है। बिहार पवेलियन को बिहार के लोक कलाकारों ने अपने हाथों से बिहार के लोक कलाओं से बेहतरीन रूप से सजाया है जो बिहार पवेलियन को खास बनाया है एवं लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वर्ष बिहार मंडप के मुख्य द्वार को सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में निर्माण हो रहा सीतामाता का मंदिर (प्रस्तावित) का प्रारूप बनाया गया है एवं मुख्य द्वार के बगल में पावापुरी मंदिर के प्रारूप का निर्माण किया गया है वहीं साइड के दीवारों पर राजगीर का विश्व शांति स्तूप, पटना मेट्रो एवं अन्य द्वार को महाबोधि मंदिर का प्रारूप दिया गया है। बिहार मंडप के सेन्ट्रल हॉल में बना बिहार संग्रहालय लोगों को आकर्षित कर रहा है। कुंदन कुमार ने व्यापार मेले से लोगों को बिहार में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि बिहार सरकार की नई औद्योगिक निवेश पॉलिसी 2025 भारत का श्रेष्ठतम निवेश पॉलिसी है, इसलिए सभी को आह्वान कर रहा हूं कि बिहार में निवेश करें एवं मिलने वाले बेहतरीन पैकेज का लाभ उठाएं। बिहार में जो भी 100 करोड़ या उससे अधिक का निवेश एवं 1000 लोगों को रोजगार देगा उन्हें एक रुपए के टोकन अमाउंट पर फ्री लैंड मुहैया किया जाएगा। बिहार सरकार द्वारा लाया गया बिहार इंडस्ट्रियल इनवेस्टमेंट प्रमोशन पैकेज 2025 के तहत 100 करोड़ निवेश एवं 1000 डायरेक्ट रोजगार देने वाले निवेशक को 10 एकड़ फ्री, 1000 करोड़ इनवेस्टमेंट वाले निवेशक को 25 एकड़ फ्री एवं 200 एकड़ निवेश करने वाले फॉरच्यून 500 कंपनीज को 10 एकड़ फ्री लैंड दी जाएगी। बिहार पवेलियन के बारे में जानकारी देते हुए कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार पवेलियन में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, बिहार खादी बोर्ड, जीविका, बिहार सरकार के बीएडा एवं पर्यटन विभाग के 65 स्टॉल है जिनमें 5 जीविका दीदी, 5 बिहार खादी बोर्ड, 3 बिहार सरकार के पर्यटन विभाग दो बीएडा, दो आम्रपाली इंपोरियम, सुधा, बिहार के सुप्रसिद्ध कतरनी, स्वर्ण मंसूरी एवं सोनम चावल, प्रमोद मल्टीफूड्स सहित बिहार के नायाब हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के स्टॉल हैं वहीं पवेलियन के केंदीय कक्ष में बिहार संग्रहालय के प्रदर्शनी एवं केंद्रीय हॉल में लोक कलाकारों द्वारा गायन भी लोगों को आकर्षित कर रहा है।

# विधायक स्नेहलता ने तिलौथू प्रखंड के कई गांवों का किया भ्रमण

## विधायक के समक्ष लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** सासाराम विधानसभा से पहली बार चुनाव जितने वाली विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने रविवार को स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू प्रखंड के कई गावों का भ्रमण किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए आम लोगों की समस्याओं को भी सुनी। आभार यात्रा की शुरुआत निमियाडीह चौक से हुई जहां स्नेहलता ने लोगों से सीधा संवाद की और बोली कि जिस तरह आपलोग मुझे अपना आशीर्वाद दिए हैं उससे भी बढ़कर इस क्षेत्र का विकास करुंगी। वही स्थानीय लोगों ने भी अपनी कुछ मांगों को रखा जिस पर उन्होंने बोली कि आपलोगों की हर समस्या का समाधान अवश्य होगा। उसके बाद हुरका गांव में पहुंची जहां लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहां भी लोगों से संवाद करने के बाद रजिरामडीहरा गांव पहुंची जहां ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी जिसने स्नेहलता का भव्य स्वागत किया। खास बात यह है गांव की वृद्ध महिलाएं भी उनसे मिलने पहुंची जिसने फूल माला से उनका स्वागत किया। वही कुछ ग्रामीणों द्वारा सिंचाई के क्षेत्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का मांग किया गया तो ग्रामीण महिलाओं द्वारा जीविका के माध्यम से महिला रोजगार हेतु दस हजार रूपये नहीं मिलने की शिकायत किया गया जिस पर उन्होंने बोला कि जिन महिलाओं को अभी तक नहीं मिला है उसको जरूर मिलेगा चिंता करने की बात नहीं है। इसी कड़ी में वे सेवही गांव पहुंची जहां लोगों ने उनका स्वागत फूल मालाओं से किया। आभार यात्रा की कार्यक्रम में चन्दनपुरा गांव पहुंची जहां एनडीए कार्यकर्त्ताओं सहित गांव के लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया और वहां पर उपस्थित लोगों ने अपने विधायक को देखकर काफी प्रसन्न हो गए। वहां पर मौजूद लोगों ने एक ही स्वर में कहा कि विधायक जी इस बार हमारे क्षेत्र का भरपूर विकास होना चाहिए। चन्दनपुरा गांव में अपने संवाद में स्नेहलता ने बोली कि हम तिलौथू क्षेत्र के लोगों का सहृदय आभार व्यक्त करती हूं जिसने अपना अपार जनसमर्थन देकर मुझे भारी मतों जिताया है। मैं आपलोगों को विश्वास के साथ कहना चाहती हूं कि जिस तरह आपलोगों ने अपना प्यार और आशीर्वाद मुझे दिया है उसी तरह मैं भी इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोडूंगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि मैं तिलौथू क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण की जहां मुझे लोगों का भरपूर स्नेह मिला। उन्होंने बताया कि आज मैं लोगों को आभार प्रकट एवं जन संवाद करने हेतु क्षेत्र में आयी थी। ऐसे तो मैं अब इस क्षेत्र का विधायक हूं इसलिए यहां तो हमेशा आना-जाना लगा रहेगा, लेकिन जैसे ही नई सरकार का कार्य पूर्ण रूप से संचालित होने लगेगा वैसे ही सासाराम विधानसभा की विकास कार्य का भी प्रारम्भ हो जायेगा।

दूसरी ओर तिलौथू संवाददाता के अनुसार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सासाराम की विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं बारी-बारी से सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। दौरे के क्रम में हुरका पंचायत में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी नेता रंगजी सिंह ने हुरका गांव में छठ घाट निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। वहीं बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने भी सड़क, जल-निकासी, बिजली, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक श्रीमती कुशवाहा ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी। इस अवसर पर रालोम जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय, छोटी ओझा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण प्रसाद, जदयू जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, रालोमो नेता मृत्युंजय सिंह, भाजपा पंचायत अध्यक्ष शैलेश लाल श्रीवास्तव, भाजपा नेता विश्वजीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक के इस जनसंपर्क दौरे की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक पहल बताया और विकास को लेकर आशा व्यक्त की।

# 40 जीवित पक्षियों के साथ तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-डिहरी ऑन-सोन को गाड़ी संख्या-12312 डाउन से पक्षियों की तस्करी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर निरीक्षक रामविलास राम, उप निरीक्षक कुमार गौरव, सहायक उप निरीक्षक हरे राम कुमार, प्रधान आरक्षी बृजभूषण मिश्रा, प्रधान आरक्षी संतोष कुमार पासवान, आरक्षी अभिमन्यु सिंह आरक्षी अंगद कुमार तिवारी एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान की एक टीम के द्वारा गाड़ी संख्या 12312 डाउन को डिहरी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंचने के बाद चेक करने पर उक्त ट्रेन के कोच संख्या-एस7 के शौचालय से एक व्यक्ति को संदिग्धावस्था में प्लास्टिक के तीन बड़े-बड़े झोलों को साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम एवं पता विक्रम मुखर्जी, उम्र करीब-22 वर्ष, पिता-विष्णु मुखर्जी, निवासी-गोपालपुर, थाना-कांडी, जिला-मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) बताया। उसके कब्जे के तीनों थैलों को विधिवत चेक करने पर भारी मात्रा में जीवित 33 अदद राष्ट्रीय पक्षी मोर के साथ 5 तीतर एवं 2 हरियल कबूतर पक्षी बरामद हुए। सभी बरामद जीवित पक्षियों को विधिवत जब्ती सूची बनाते हुए जब्त करते हुए वन्य जीव तस्कर विक्रम मुखर्जी को भी गिरफ्तारी नियमों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं समस्त आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद जब्त जीवित पक्षियों एवं वन्य जीव तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु वन विभाग डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।

# शाहाबाद महोत्सव में आदिवासी समुदाय की होगी विशेष भागीदारी

## सफलता के लिए गांव-गांव चलाया जाएगा अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** स्थानीय नगर पंचायत परिसर में रविवार को रोहतास नौहट्टा प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवियों की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने की। इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में कार्यरत लोगों ने भाग लिया तथा आगामी 6-7 दिसंबर को आयोजित होने वाले शाहाबाद महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि चूंकि कार्यक्रम स्थल रोहतासगढ़ किला है और यहां से आदिवासी समुदाय का सदियों तक आधिपत्य रहा है और उनका भावनात्मक लगाव है। ऐसे में आदिवासी समुदाय की विशेष भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। अखिलेश कुमार ने बताया कि महोत्सव में झारखंड प्रदेश से भी बड़ी संख्या में उरांव और अन्य आदिवासी समुदाय के लोग शामिल होने की सहमति प्रदान किए हैं। आज की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खासकर रोहतास नौहट्टा तथा तिलौथू प्रखंड के गांव-गांव से लोगों को इस कार्यक्रम में जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसी के तहत आगामी 28 नवंबर को नोहटा प्रखंड मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल गोदाम पर बैठक रखी गई है? आज के बैठक में संजय पासवान, सतीश सिंह, पूर्व मुखिया कृष्ण यादव, श्याम नारायण उरांव, नौहट्टा व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मिस्बाह अहमद, मुकेश सिंह, अनिल सिंह, सुमेर उरांव, कमलेश गुप्ता, बिरेंद्र उरांव आदि ने भी विचार व्यक्त किया जबकि संचालन समाजसेवी तोराब नेयाजी ने की और इस कार्यक्रम को खासकर रोहतास नौहट्टा तथा तिलौथू प्रखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होने वाला बताया। इस दौरान खान पान, प्रचार-प्रसार, अतिथियों के स्वागत आदि के लिए कमिटी भी बनाया गया।

# दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बुधन बीघा, चकनवा, इंद्रपुरी गांव में आयोजित दो दिन का स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शिविर में चर्म रोग, स्त्री रोग तथा हड्डी एवं जोड़ से संबंधित समस्याओं का लगभग 170 मरीजों की नि:शुल्क जांच व परामर्श दिया गया। दर्जनों मरीजों ने अपनी समस्या बताई। महिलाओं ने विशेष रूप से स्त्री रोग से जुड़ी सेवाओं का लाभ उठाया। हड्डी-जोड़ दर्द से पीड़ित लोगों को उचित सलाह और उपचार की दिशा बताई गई। शिविर के आयोजनकर्ता डॉ निषाद ने बताया कि हर्बल चिकित्सा के अविश्वसनीय लाभ के जागरूकता हेतु गांव-गांव जाकर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी मात्रा में स्त्री रोग और चर्म रोग का निदान किया जा रहा है। डॉ सिंपी कुमारी ने बताया कि गांव में आज भी स्त्रियां चर्म रोग एवं स्किन रोग और भी कई तरह तरीके के बीमारियों को लाज शर्म के मारे या पैसे के अभाव में शहरों की ओर रुझान कम रहता है। ऐसे में या चिकित्सा शिविर उन लोग के लिए काफी मददगार रहा है। चिकित्सा शिविर में आज बोन सेटिंग सेंटर के अजीत कुमार, शिवानी, मनीष, विक्की, गोलू, सुनीता, उत्तम कुमारी एवं अन्य लोगों का काफी योगदान रहा। दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में बोन सेटिंग कपिल थेरेपी हिजामा थेरेपी प्राकृतिक चिकित्सा और हर्बल चिकित्सा पर शिविर आयोजित किया गया था।



# कतरीसराय से पांच साइबर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गुप्त सूचना के आधार पर नालंदा पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक सक्रिय गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर की गई, जिसके लिए थाना स्तर पर एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया था। छापामारी टीम सूचना सत्यापन के लिए प्रखंड कार्यालय कतरीसराय के पीछे स्थित गुड्डू कुमार के घर पहुंची। घेराबंदी के दौरान घर से कई युवक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुल पांच व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि दो आरोपी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से साइबर फ्रॉड में उपयोग किए जाने वाले कई आपत्तिजनक उपकरण और दस्तावेज बरामद किए गए। सभी को थाना लाया गया है। दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी जारी है। इस संबंध में संबंधित थाना में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपीयों में गुड्डू कुमार, कुंदन कुमार उर्फ चंदन कुमार, राजकरण यादव, आकाश कुमार एवं एक विधि-विरुद्ध किशोर शामिल है। सभी आरोपी कतरीसराय के निवासी हैं। आरोपियों के पास से 08 मोबाइल फोन,39 हजार नकद, 02 एटीएम कार्ड, 03 बैंक पासबुक बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल और दस्तावेजों की तकनीकी जांच से गिरोह के नेटवर्क के बारे में और भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार,अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, पु.अ.नि. संजय कुमार सिंह, स.अ.नि. मनीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार शामिल थे।




## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, डा. मानव एवं मुख्य पार्षद ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा ( नालंदा )।** बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का बेजोड़ प्रदर्शन किया है, ये उनके अंदर की मेधा शक्ति को दर्शाता है जो बेहद ही प्रेरक है। उक्त बातें समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव एवं नगर परिषद हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने बिहार रोड स्थित विद्या विहार के प्रांगण में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का विधिवत शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बच्चों ने विज्ञान आधारित कई विषयों पर प्रोजेक्ट लगाकर अभिभावकों का भी मन मोह लिया है। विद्या विहार के निर्देशक अरविंद प्रसाद एवं विजय कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष तौर से सम्मानित करने की घोषणा की। इस अवसर पर अतिथियों ने बाल मेला का भी अवलोकन किया तथा बच्चों द्वारा बनाए गए लज़ीज़ व्यंजन की जमकर तारीफ़ की।

# युवा जदयू ने नीतीश मॉडल पर मुहर लगाने के लिए बिहार की जनता का आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय प्रखंड में रविवार को युवा जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक पल का उल्लास मनाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण के बाद पूरे नालन्दा जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। युवा जदयू के जिलाध्यक्ष धीरज पटेल और नगर अध्यक्ष राहुल रंजन कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार का पुनः मुख्यमंत्री बनना बिहार ही नहीं, पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर मुख्यमंत्री पर अटूट विश्वास जताकर 'नीतीश मॉडल' को मजबूत समर्थन दिया है। उन्होंने जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ग ने अपने स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद से इस ऐतिहासिक क्षण को संभव बनाया है। शपथ ग्रहण के बाद एनडीए समर्थित जदयू कार्यकर्ताओं ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूरे जिले में उत्साह और हर्ष का माहौल है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा श्रवण कुमार को पुनः मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के फैसले का स्वागत किया और इसके लिए उनका धन्यवाद प्रकट किया।



जदयू कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंत्री श्रवण कुमार सदैव कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। वे गरीबों, वंचितों के विकास को लेकर निरंतर तत्पर रहते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। क्षेत्रीय नेताओं ने इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति भी आभार जताया, जिन्होंने एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार युवा नेता रोहेल रंजन को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाया। नेताओं ने कहा कि नालन्दा की जनता ने लोकतंत्र को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिस उत्साह के साथ लोगों ने मतदान में भाग लिया, उससे जिले में सकारात्मक माहौल बना है। जनता द्वारा दिए गए इस प्रेम, समर्थन और आशीर्वाद ने बिहार में विकास की नई कहानी को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, सौरभ पासवान, हरेन्द्र रविदास, अभिषेक कुमार, नरेश रविदास, आदित्य राज, पठा यदुवंशी, रजनीश रंजन, अंगद पाण्डेय, कुंदन राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्राउन सुगर के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना पुलिस ने रविवार को गौरागढ़ मोहल्ला में छापामारी कर भारी मात्रा में ब्राउन सुगर की पुड़िया के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने 5 लाख 12 हजार 605 रुपया भी बरामद की है। गश्ती के दौरान पुलिस ने नशे की हालत में सड़क पर हंगामा कर रहे एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम आशुतोष कुमार उर्फ राहुल कुमार, उम्र 27 वर्ष, पिता विनोद कुमार, निवासी नईसराय, नरसलीगंज (थाना–बिहार) बताया। युवक ने खुलासा किया कि वह स्मैक/ब्राउन सुगर बेचने का काम करता है और यह माल गौरागढ़ मोहल्ला के सुधीर कुमार तथा पंडितनगर निवासी निरंजन कुमार उर्फ गंडोल से लाकर बेचता है। जिसके बाद अंचलाधिकारी बिहारशरीफ और थानाध्यक्ष बिहार के नेतृत्व में गौरागढ़ मोहल्ला स्थित सुधीर कुमार के घर की घेराबंदी कर छापामारी की गई। तलाशी में पुलिस ने 548 पुड़िया (289.15 ग्राम) ब्राउन सुगर, 5 लाख 12 हजार 605 नकद बरामद किया। गृहस्वामी सुधीर कुमार ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह ब्राउन सुगर बेचने के लिए घर में रखता था और बरामद नकदी इसी अवैध कारोबार की कमाई है। पुलिस ने मौके से आशुतोष उर्फ राहुल कुमार एवं सुधीर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। निरंजन कुमार उर्फ गंडोल की तलाश जारी है। पुलिस ने सभी बरामद सामग्रियों की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर बिहार थाना में मामला दर्ज कर लिया है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष सहित अन्य शामिल थे।




# पटेल की एकता को आगे बढ़ाएगा मार्च : सांसद

**सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 25 नवंबर को होगा यूनिटी मार्च**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर मेरा युवा भारत के तहत जिला स्तरीय यूनिटी मार्च का आयोजन 25 नवंबर को राजगीर में किया जाएगा। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यह पदयात्रा पूरे देश में एक साथ आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा सरदार पटेल ने बिखरे भारत को जोड़ा। यह मार्च उसी भावना को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि पदयात्रा 25 नवंबर को सुबह 10 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर से निकलेगी। इसमें छात्र, युवा संगठन, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उपनिदेशक दीक्षा मिश्रा ने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने एमवाई भारत पोर्टल पर इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं में एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना प्रतिक राज, मुस्कान, सुमंत, रजनी सहित कई युवा उपस्थित थे।




# नहर किनारे खाई में गिरी कार, चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सिलाव थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार नहर किनारे खाई में जा गिरी, जिसमें कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना का खुलासा रविवार सुबह तब हुआ, जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे खाई में पड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार को देखा। हादसा नानंद–गिरियक मार्ग पर चंडी मऊ गांव के पास हुआ। ग्रामीणों ने कार के अंदर झाँक कर देखा तो एक युवक स्टीयरिंग में फंसा था। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद युवक को कार से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह मृत पाया गया। घंटों बाद मृतक की पहचान राजगीर थाना क्षेत्र के बकसू निवासी 33 वर्षीय रवि शंकर कुमार उर्फ रजनीश कुमार, पिता ललन सिंह के रूप में की गई। ग्रामीणों के अनुसार, रवि शंकर अपनी कार से भाड़े पर यात्रियों को ले जाने का काम करते थे। संभावना है कि वह देर रात बिहार शरीफ से घर लौट रहे थे, तभी वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। सिलाव थाना प्रभारी मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कार के तेज रफ्तार से अनियंत्रित होने की बात सामने आई है।

# प्रखंड पेंशनर समाज का त्रिवार्षिक चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में प्रखंड पेंशनर समाज का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। यह चुनाव में वर्ष 2026-2028 सत्र के लिए पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों के मनोनयन पर्यवेक्षक के देखरेख में सम्पन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रुप में सेवानिवृत्त शिक्षक सह केवाली निवासी राम नरेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में कराया गया। इस दौरान आम पेंशनरों के द्वारा 15 सदस्यीय कमिटी का चयन किया गया। जिसमें सात पदाधिकारी व आठ कार्यकारिणी सदस्य का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सर्वसम्मति से नारदीगंज शाखा के प्रखंड पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष के पद पर रामधनी प्रसाद को व सचिव पद पर श्रीकांत सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। वही प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर कैलाश प्रसाद यादव और प्रवीण कुमार को चयन किया गया है। इसके अलावा संयुक्त सचिव पद पर सुखदेव प्रसाद व नरेश कुमार को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष के पद पर कामता प्रसाद सिंह को पदभार दिया गया है। इसके अलावा पेंशनर समाज के कार्यकारिणी सदस्यों में बलिराम प्रसाद सिंह, यमुना सिंह, रघुनंदन प्रसाद,भुनेश्वर प्रसाद सिंह, अलख पासवान, दशरथ प्रसाद,रामाधीन सिंह और चंद्रिका प्रसाद सिंह को सदस्य बनाये गए हैं। इस आम चुनाव में 30 पेंशनर समाज के लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की। चुनाव के पूर्व पेंशनर समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सेवानिवृत्त प्राचार्य बलिराम प्रसाद सिंह ने संयुक्त रुप से की। उसके बाद पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन करने के लिए आम सहमति बनी। तब सर्वसम्मति से प्रखंड पेंशनर समाज का गठन किया गया। कहा गया चुनाव की लिखित सूचना जिला शाखा में भेजी जाएगी।

## यदुवंशी एकता जागृति मंच की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** रविवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्व. कृष्णा प्रसाद सामुदायिक भवन पकरीबरावां में यदुवंशी जागृति एकता मंच की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष दिनेश यादव ने की। बैठक में कहा गया कि समाज में आपसी कटुता एवं वैमनस्यता के कारण समाज के हरेक वर्ग के लोग शिकार हो सकते हैं।

# चुनावी प्रक्रिया में मजबूती के लिए अनुज सिंह समर्थकों की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हाल में ही संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बाद रविवार को न्यू एरिया के सभागार में डॉ अनुज सिंह समर्थकों की की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें कि विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों ने एकजुटता का परिचय दिया। इस बैठक में नवादा विधानसभा के सभी पंचायत एवं वार्ड के सभी जाति वर्ग के प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी नागरिक शामिल हुए। बैठक में आगे के लिए रणनीति बनी एवं चुनाव परिणामों तथा संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नवादा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी रहे डॉ अनुज सिंह ने कहा कि जो जनादेश आया वह हमें पूर्ण रूप से स्वीकार है। हमने पूरे नवादा विधानसभा घूम-घूम कर देख लिया। धरातल पर जो हालात थे, उससे नवादा विधानसभा का हर आदमी अवगत था। पिछले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एक आक्रोश था, लेकिन जिस तरह से जनादेश आया है कहीं ना कहीं विचार करने का समय है । जनादेश पक्ष में आने का नहीं की वजह सरकार की योजनाओं की वजह से महिला मतदाताओं ने एक तरफा वोट किया। दूसरी वजह यह है कि हमारे विरोधियों द्वारा भ्रामक प्रचार किया गया। आज। हम सभी उस पर विचार विमर्श करेंगे।अब हम सभी मिलकर और मजबूती से बूथ लेवल और पंचायत लेवल पर काम करने के लिए आगे बढ़ेंगे। अब हम सब मिलकर चाहे वह पंचायत चुनाव हो, नगर परिषद का चुनाव हो, पैक्स चुनाव हो हमारे समर्थक सभी में भाग लेंगे और मेरा साथ उन्हें मिलेगा और पुरे नवादा विधानसभा में स्वच्छ राजनीति का आगाज होगा। हम हाथ पर हाथ धर कर बैठने वाले लोगों में से नहीं है ।यह तो अभी शुरुआत है, आने वाले समय में आप समर्थकों के सहयोग से जिला स्तर का चुनाव जीतने का काम करेंगे। चुनाव परिणाम में सरकार के द्वारा चलाए गए योजनाओं का एक बड़ा असर देखने को मिला है,हम सबों को यह भी देखना है कि हम कहां पीछे रह गए हैं और उन्हें सुधार कर आगे बढ़ते जाना है। मौके पर मौजूद समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी समर्थकों के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में हमने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है और आने वाले समय में चुनावी प्रक्रिया में और मजबूती से अपनी भागीदारी निभाएंगे। नारदीगंज पूर्व प्रमुख गौरी शंकर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह हार हमारे लिए एक सबक के जैसा है हमें यह ध्यान देना है कि आखिर हम सबों से कहां पर चूक हुई है और आने वाले चुनावी प्रक्रिया में उसे सुधार कर अपना प्रतिनिधित्व बनाए रखेंगे। युवा नेता चंदन कुमार ने कहा कि आने वाले समय में हम सभी पुनः एक बार पूरे जोर शोर से चुनावी प्रक्रिया में अपना दमखम दिखाएंगे सभी समाज के लोगों को एकजुट कर व्यवस्था बदलने का कार्य करेंगे। इस तरह से सभी क्षेत्र से आए हुए कई वक्ताओं ने अपना वक्तव्य दिया साथ ही आगे होने वाले चुनाव में पूरे मजबूती से कदम से कदम मिलाकर चलने कासंकल्प लिया। बैठक में ग्राम पंचायत राम के पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह, भगवानपुर पंचायत के पूर्व मुखिया रणजीत चौहान, जेपी चौधरी बस्ती बीघा, ओरैना पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद कुमार, पटवा सराय सरपंच देवराज पासवान, संजीव कुमार काजीबीघा, बलराम सिंह धुमड़ा, साबिर हुसैन चिरैंया, सुरेंद्र कुमार सिंह पूर्व मैनेजर ग्रामीण बैंक, मुकेश सिंह सिसवां, राजनंदन चौहान, नौसाद आलाम, मोहम्मद रिजवान आलम, मास्टर सफीर खान के साथ साथ सभी जाति धर्म के लोग लोग अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई अपनी राय सलाह दी। अंत में डॉ अनुज सिंह के द्वारा सबों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समापन किया गया।




# रिवाइटल प्रचार वाहन के कमियों और दवा विक्रेता संघ के बीच विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित ओम मेडिकल के सामने उत्तर प्रदेश से आए रिवाइटल प्रचार वाहन के कर्मियों और स्थानीय दवा विक्रेताओं के साथ तीखी नोंकझोंक रविवार की दोपहर हो गई।दवा विक्रेता संघ रजौली के प्रखंड अध्यक्ष व्यास प्रसाद और सचिव संतोष कुमार ने बताया कि प्रचार वाहन मैजिक के कर्मियों द्वारा सेंपल की दवाइयों को पैसे लेकर ग्रामीणों के बीच बेचा जा रहा है। साथ ही दुकान में बिकने वाली रिवाइटल की कीमत ज्यादा होती है,जबकि प्रचार वाहन द्वारा कम कीमतों में दवाई बेचा जा रहा है। इसी को लेकर स्थानीय दवा विक्रेताओं द्वारा प्रचार वाहन का विरोध कर थाना आदि को सूचित किया गया,कि प्रचार वाहन का काम सिर्फ प्रचार करना है,ना कि दवाई की बिक्री करना है। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश से प्रचार वाहन के साथ आए सुपरवाइजर शिवांश अवस्थी ने बताया कि उन्हें फूड सप्लीमेंट कंपनी रिवाइटल द्वारा प्रचार कर दवाई बेचने को निर्देशित किया गया है। उनके साथ रिवाइटल कंपनी के प्रमोटर आलोक पांडेय, राहुल वाजपेई और छोटू कुमार के अलावे जादूगर गजराज सिंह हैं।वे लोग क्षेत्र में घूमकर जादूगर की सहायता से जादू दिखाकर लोगों को एकत्रित करते हैं और फिर रिवाइटल का प्रचार-प्रसार करके,दवाइयों को लोगों के बीच बेचते हैं और साथ में सेंपल की कुछ दवाइयां मुफ्त में भी दी जाती है।उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को रिवाइटल की दवाई अच्छी लगेगी,तो वे बाद में स्थानीय दुकान से ही खरीदकर उपयोग करेंगे। घंटों चले इस नोंकझोंक के बाद पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ निराला ने बताया कि रिवाइटल कंपनी एक फूड सप्लीमेंट कंपनी है,उसका प्रचार वाहन विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर प्रचार करते नजर आते हैं। इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। पीएचसी प्रभारी के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और प्रचार वाहन द्वारा दवाइयों को लोगों के बीच बेचा जाना शुरू हुआ।




# एसिड अटैक पीड़ितों एवं किन्नर समुदाय के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के नेतृत्व में 23 नवंबर 2025 को दो अलग-अलग स्थानों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। पहला कार्यक्रम वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत चकवाय ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया, जिसमें एसिड अटैक पीड़ितों के अधिकार, स्थायी लोक अदालत के महत्व एवं विधिक सहायता संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के दिशा-निर्देश पर किया गया और इसमें डिफेंस अधिवक्ता उमेश्वर प्रसाद सिंह ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए बनाए गए कानूनों एवं उपलब्ध विधिक सहायता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी। दूसरा जागरूकता कार्यक्रम नवादा रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया, जो सितारा योजना 2023 के अंतर्गत किन्नर समुदाय के पुनर्वास एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित था। कार्यक्रम के दौरान डिफेंस अधिवक्ता मो. साजिद अयुब खान ने किन्नर समुदाय के अधिकारों, उनके लिए बनाए गए कानूनों तथा समाज में उनके सम्मान एवं सहभागिता को सुनिश्चित करने पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किन्नर हमारे समाज का एक अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें तिरस्कृत करना सामाजिक कुरीति है, जिसे समाप्त करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने यह भी बताया कि आमजन को यदि किसी भी प्रकार की विधिक जानकारी अथवा निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा से संपर्क कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सदैव इसके लिए तत्पर है।




# धर्मपुर प्राथमिक विद्यालय के पास अवैध शराब का धंधा बेखौफ जारी, प्रशासन की उदासीनता पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** शराबबंदी कानून भले ही राज्य में कागज़ों पर सख़्ती से लागू हो, लेकिन हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के धर्मपुर गांव में अवैध शराब कारोबारियों के हौसले कानून से ऊपर नजर आ रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय के पास भट्ठी पर धधकती आग से शराब बनाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। हालांकि यह अख़बार वीडियो की पुष्टि नहीं करता, पर ग्रामीणों का दावा है कि यह दृश्य धर्मपुर प्राथमिक विद्यालय परिसर के बिल्कुल समीप का ही है, जहां वर्षों से खुलेआम महुआ शराब का निर्माण और बिक्री जारी है। वायरल वीडियो में जलती भट्ठी, उससे रिसती शराब की बूंदें और आसपास फैली गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय परिसर और उसके आसपास के कई घर लंबे समय से शराब निर्माण का अड्डा बने हुए हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक भट्ठी जलती रहती है और तैयार अवैध शराब की सप्लाई न केवल ग्रामीण इलाकों, बल्कि शहर तक की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गोरखधंधे की शिकायतें कई बार पुलिस-प्रशासन तक पहुंचाई गई, लेकिन कार्रवाई महज रस्मअदायगी तक सिमटकर रह गई। नतीजा यह कि अवैध कारोबारियों के हौसले और भी बुलंद होते चले गए। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के लिए एक टीम भेजी गई है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

# लालटेन बाबा के 35 वें उर्स को लेकर उनकी मजार पर की गई चादरपोशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के टीकोडीह गांव में रविवार को अब्दुल गनी शाह कादरी उर्फ लालटेन बाबा के मजार पर 35 वें उर्स को लेकर कुरान तिलावत एवं चादर पोशी की गई। व्यवस्थापक सदस्य मोहम्मद दानिश इकबाल ने बताया कि 35 वें उर्स को लेकर उनके मजार पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरान की तिलावत मिलाद एवं चादर पोशी कर अमन एवं चैन की दुआ मांगी गई। स्थानीय खादिम हाजी मोहम्मद अली मस्त कलंदर, हाजी मोहम्मद जमाल उद्दीन, हाजी आजिम, सरफराज आलम, महमूद आलम, अयूब अंसारी, मौलाना अख्तर, गुलाम कादिर, राशिद, नेयाज, अलाउद्दीन आदि ने बताया कि लालटेन बाबा के मजार पर राज्य एवं राज्य के बाहर से भी लोग अपनी मनाते मांगने एवं मन्नत पूरी होने के बाद चादर पोशी करने के लिए आते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मजार शांति एवं सद्भावना का मिसाल है।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग के चंपाकली गांव में बीते शनिवार की देर रात्रि लगभग दो बजे ट्रैक्टर पलटने के कारण हुई दुर्घटना में चालक की मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह में ग्रामीणों को हुई, उसके बाद थाना को सूचित किया गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के राय बरेली जिले के गुरु बॉकगंज थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर गांव निवासी राजाराम के 39 वर्षीय पुत्र राम किशोर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामकिशोर फरका बुजुर्ग पंचायत के ईंट भट्ठा पर ट्रैक्टर चालक के रूप में कार्यरत था।बीते रात्रि वह अपने एक साथी को ढूंढने के लिए ट्रैक्टर चलाकर ढूंढने के लिए निकले थे। इसी बीच वे संकीर्ण रास्तों में फंस गए और ट्रैक्टर को पीछे करने के क्रम में ट्रैक्टर पलटते हुए पानी वाले कनाल में जा गिरा और चालक पानी में दबकर रह गया। सुबह जब ग्रामीणों ने यह नजारा देखा,तो ट्रैक्टर चालक को बचाने के उद्देश्य से बाहर निकाला,किंतु तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने कहा कि फरका बुर्जुग के गौरी ईंट भट्ठा,काशी ईंट भट्ठा एवं जेबीएम ईंट भट्ठा में उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कुल नौ ट्रैक्टर ईंट ढुलाई का काम करते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति के मृत होने की सूचना रविवार की सुबह मिली। सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एएसआई अजय कुमार घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। साथ ही बताया कि पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों संग किया कई इलाकों का निरीक्षण

## गया शहर को जाममुक्त बनाने की पहल तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया शहर में दिनों-दिन बढ़ती जाम समस्या के समाधान को लेकर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव, डीएसपी-1 सरोज शाह, डीएसपी-2 धर्मेंद्र भारती, यातायात डीएसपी सुधीर कुमार सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. कुमार ने शहर में जाम की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने दक्षिणी गया बाईपास से मंगलागौरी, गोदावरी, शमीर तक्या, राजेंद्र आश्रम मार्ग तथा कोयरीवारी-चाँदचौरा-नारायणचुआं से ब्रह्ममयि नारायणी पुल तक के



मार्गों को वन-वे घोषित कर सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, शमीर तक्या स्थित टीओपी को गोलम्बर के रूप में उपयोग करने, गेवाल विगहा स्थित खालीश पार्क को गोलम्बर के रूप में विकसित करने, मोड़ पर कल्भट निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त काशीनाथ मोड़ पर स्थित चर्च को केंद्र मानकर वन-वे व्यवस्था लागू करने, जी.बी. रोड व रमना रोड पर वन-वे व्यवस्था के कड़ाई से अनुपालन, जिला स्कूल के पश्चिमी मार्ग तथा गोलपत्थर अस्पताल परिसर के आसपास निर्धारित स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था लागू करने तथा स्टेशन रोड और रेलवे सिनेमा रोड को रेलवे प्रशासन के सहयोग से चौड़ीकरण कराने का निर्देश दिया। शहर में बिना उपयोग के लगे पोलों को हटाने का आदेश भी दिया गया। निरीक्षण के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया शहर की जाम समस्या अत्यंत गंभीर होती जा रही है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। ताकि शहर को जाममुक्त बनाने के लिए तत्काल और प्रभावी कार्य योजना लागू की जा सके। आज के निरीक्षण में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कौशलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील सिन्हा, प्रेम सागर, कुंदन शरण, सोनी सिन्हा, धनंजय कुमार धीरू, टिंकू गोस्वामी, जितेंद्र कुमार, शशि सिन्हा, सुमित कुमार आदि शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी जाम समस्या के त्वरित समाधान की मांग की।

# विश्व विरासत दिवस पर मगध विश्वविद्यालय के अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर आज गया पुरातत्व विभाग में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विरासत संरक्षण, ऐतिहासिक धरोहरों के महत्व तथा उनकी सुरक्षा को लेकर सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम तथा स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के आचार्य प्रो. मनीष कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय ऐतिहासिक स्थलों एवं प्राचीन धरोहरों के महत्व पर आधारित प्रदर्शनी के अवलोकन से हुई। इसमें गया और मगध क्षेत्र की प्राचीन बौद्ध, जैन और हिन्दू विरासत से संबंधित अलभ्य दस्तावेज, पुरावशेषों की प्रतिकृतियां, उत्खनन से प्राप्त सामग्री तथा पुरातात्विक मानचित्रों को प्रदर्शित किया गया। अपने संबोधन में कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम ने कहा कि ''विरासत केवल भूतकाल का




अवशेष नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक स्मृति का आधार है। इसका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का साधन है।'' उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर विरासत अध्ययन, संरक्षण तकनीक और स्थानीय धरोहरों के डिजिटल दस्तावेजीकरण हेतु विशेष पहल किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के आचार्य प्रो. मनीष कुमार ने विश्व विरासत दिवस के ऐतिहासिक और वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गया क्षेत्र विश्व इतिहास की अमूल्य निधि है—जहां बुद्धत्व, जैन परंपरा, हिन्दू धार्मिक धरोहर और मध्यकालीन संस्कृति, सभी ने अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने पुरातात्विक शोध, संरक्षण तकनीकों तथा क्षेत्रीय धरोहरों की जनभागीदारी से रक्षा की अनिवार्यता पर जोर दिया। कार्यक्रम में एआई एंड एएस विभाग के डॉ अलका मिश्रा, जन्मेजय सिंह, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के धर्मेंद्र कुमार एवं स्थानीय शोधार्थियों, इतिहासकारों, पुरातत्व विशेषज्ञों तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और विरासत संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों पर चर्चा की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए गया पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय और विभाग मिलकर धरोहर संरक्षण से जुड़े शैक्षणिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों को और मजबूत बनाएंगे।

## दिनदहाड़े 50 हजार रुपये की छिनतई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज में दिनदहाड़े बीच बाजार में एक व्यक्ति से बाइक सवार उचक्कों ने 50 हजार रुपये की छिनतई कर ली और फरार हो गये। अमैठी पंचायत के ओरैल निवासी पीड़ित नकुल चौधरी ने बताया कि वे घर बनाने के लिए अपनी पत्नी के साथ स्टेट बैंक की मुख्य शाखा प्रखंड मुख्यालय के निकट से 50 हजार रुपये निकालकर पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी बीच बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के निकट एक मोटरसाइकिल पर सवार उचक्के निकट पहुंचे और एक ने मेरे हाथ से रुपये का थैला झपट लिया और अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर फरार हो गये। घटना की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी है। इसके बाद पुलिस पड़ताल में जुटी है।

# जनता के हितों के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया परिसदन में नल-जल योजना से जुड़ी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं गया टाउन विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में बुडको के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, नगर निगम प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गया शहर के विभिन्न वार्डों में नल-जल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना, तकनीकी कमियों की पहचान करना तथा आगे की कार्ययोजना को गति प्रदान करना था। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नल-जल योजना सिर्फ एक सरकारी परियोजना नहीं, बल्कि



प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा अनिवार्य अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पानी की उपलब्धता किसी भी शहर के विकास की रीढ़ होती है और इस दिशा में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बुडको अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन वार्डों में लाइन बिछाने, मोटर रिपेयर, जलस्तर सुधार, टंकी सफाई या पाइपलाइन लीक जैसी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल कर तुरंत सुधारात्मक कार्य शुरू किए जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि जनता को स्वच्छ और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों से साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट देने तथा प्रत्येक कार्य की जमीनी समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही वार्ड स्तर पर हेल्पलाइन व्यवस्था मजबूत करने पर भी बल दिया, ताकि शिकायतों का तत्काल समाधान हो सके। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया शहर के विकास और जनता के हितों के लिए वे हर स्तर पर सतत प्रयासरत रहेंगे और नल-जल योजना को पूरी दक्षता से लागू करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है।

## विदेशी शराब और कार जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी के पास उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मारुति सुजुकी कार से 189 लीटर विदेशी शराब बरामद किया। कार पर सवार चालक ने भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफलता पा ली। फिलहाल टीम ने वाहन को जब्त कर उत्पाद थाना में सुरक्षित रखा है। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्ति पर कड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद विभाग का कहना है कि यह बरामदगी इलाके में सक्रिय अवैध शराब तस्करों के लिए बड़ा झटका है। अधिकारी बताते हैं कि टीम लगातार क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा रही है। ताकि अवैध शराब के किसी भी नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।

# सम्राट चौधरी के नेतृत्व में गृह विभाग की सक्रियता से बिहार में नई ऊर्जा का संचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी के कार्यभार संभालते ही राज्य में अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आगाज हो गया है। उनके द्वारा स्पष्ट संकेत दे दिया गया है कि अब बिहार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अपराध करने से पहले अब हर अपराधी को सौ बार सोचना पड़ेगा क्योंकि कानून का शिकंजा अब और अधिक कठोरता से कसने वाला है। सरकार का पूरा जोर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराधियों में भय उत्पन्न करने और आम जनता में सुरक्षा की भावना बहाल करने पर है। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि



सम्राट चौधरी के नेतृत्व में गृह विभाग की सक्रियता से बिहार में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

उन्होंने कहा कि अब बिहार में अपराधियों को किसी भी प्रकार की राजनीतिक या प्रशासनिक शरण नहीं मिलेगी। सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है—''अपराध मुक्त बिहार'' का संकल्प। डॉ. मिश्रा ने विश्वास जताया कि कठोर कानून व्यवस्था और तेज कार्रवाई से बिहार के विकास और शांति की राह और मजबूत होगी तथा जनता निडर होकर जीवन जी सकेगी।

# दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा : शशि प्रताप शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** दस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मगध विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहा भव्य दीक्षांत समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विश्वविद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है जिससे यह ऐतिहासिक अवसर और अधिक मनोहारी एवं अविस्मरणीय बन सके। कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने बताया कि दीक्षांत समारोह न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा, उसकी शैक्षिक गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। परिसर में व्यापक स्तर पर सजावट, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था



सुनिश्चित की गई है, ताकि सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को एक गरिमामय एवं सुव्यवस्थित वातावरण प्राप्त हो। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार, विद्यार्थियों तथा आयोजन समिति के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट सहयोग और समर्पण के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत करेगा।

## विवाहिता लापता, शिकायत दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबुर पंचायत के एक गांव से एक 20 वर्षीय विवाहिता लापता हो गई है। उसकी मां ने कोंच थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना 12 अगस्त 2025 की बताई गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 10 दिसंबर 2024 को नवादा जिले के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद वह कुछ दिन पहले अपने ससुराल से मायके आई थी। परिजनों की खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव का ही एक युवक उसे भगा ले गया है। मां ने आशंका जताई है कि युवक ने अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उनकी बेटी को विवाह के इरादे से भगाया है। बेटी का कोई सुराग नहीं मिलने पर पीड़िता ने थाना पहुंचकर आवेदन दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि रविवार को कांड संख्या 531/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# फ्लोरिना ने राज्यस्तरीय चेस प्रतियोगिता में दर्ज की शानदार जीत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा फ्लोरिना ने राज्यस्तरीय चेस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता किशनगंज के अशोक भवन में तीन दिनों तक आयोजित हुई जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फ्लोरिना ने अपने शानदार रणनीतिक कौशल, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास के दम पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अब फ्लोरिना का चयन राष्ट्रीय स्तर की चेस प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उनके चयन की खबर मिलते ही विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह, प्रिंसिपल राज नारायण सिंह, खेल शिक्षक अरुण कुमार एवं बादल गुरु ने फ्लोरिना को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आरएसके पब्लिक स्कूल हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहन देता रहा है जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राएं लगातार विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। फ्लोरिना के पिता सुनील कुमार सिंह ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं मूल रूप से विक्रमगंज (ग्राम-बसगीतिया) का निवासी हूं और अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए डिहरी ऑन-सोन में रहकर उन्हें आरएसके पब्लिक स्कूल में पढ़ा रहा हूं। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल, व्यक्तित्व विकास और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## सड़क किनारे झोले में मिला नवजात शिशु का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के खटनही-कोराप मुख्य पथ स्थित ग्राम पंचायत तिनेरी के कचरा संग्रहण केंद्र के पास रविवार को नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि दोपहर करीब 3 बजे राहगीरों की नजर सड़क किनारे पड़े एक झोले पर पड़ी। झोले के अंदर काले दुपट्टे में लिपटा नवजात शिशु मिला। देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। शिशु को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसका जन्म देर रात या रविवार सुबह हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने जन्म के तुरंत बाद शिशु को सुनसान स्थान देखकर फेंक दिया। स्थानीय लोग इसे गंभीर सामाजिक अपराध बताते हुए तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। कुछ इसे कलयुगी माता-पिता की कृत्य बता रहे हैं तो कुछ इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय घटना मान रहे हैं। ग्रामीणों के सहयोग से नवजात के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की सूचना थाना को देने की बात ग्रामीणों ने कही जबकि पूछे जाने पर आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# सम सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष ने विधायक सोनू सिंह को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सम सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता गिरिजाधारी पासवान ने नवनिर्वाचित विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह को उनकी धर्मपत्नी, भाजपा पूर्व जिला मंत्री सुनीता देवी के साथ उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता तथा बाबा भीमराव आंबेडकर द्वारा लिखित भारत का संविधान भेंट किया गया। सम्मान समारोह के दौरान संस्थापक अध्यक्ष गिरिजाधारी पासवान ने कहा कि विधायक सोनू सिंह युवा, ऊर्जावान और कर्मठ नेतृत्व वाले जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए सरकार में रहते हुए वे न केवल जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे, बल्कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी कार्य




करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उनसे बड़ी अपेक्षाएं रखी हैं और अब समय है कि विकास कार्यों की गति तेज हो। उन्होंने रोहतास इंडस्ट्रीज डालमियानगर को खुलवाने, पाली पुल, स्टेडियम, तथा डिहरी को जिला बनाने की बात रखी। उन्होंने विधायक को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सामाजिक न्याय और समानता की भावना के साथ वे क्षेत्र को नई दिशा देंगे। सम्मान ग्रहण करते हुए विधायक राजीव रंजन सिंह ने गिरिजाधारी पासवान के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर तबके की विकास यात्रा में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## हंगामा कर रहे दो शराबी गिरफ्तार, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** स्थानीय थाना पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि कोंच थाना कांड संख्या 535/25 के नामजद अभियुक्त अवधेश सिंह और जितेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना कुमार सिंह, दोनों ग्राम हिच्छापुर निवासी, शराब पीकर हल्ला-गुल्ला कर रहे थे। गुप्त सूचना पर एसआई चंद्रशेखर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को हिच्छापुर गांव से गिरफ्तार किया। थाने लाकर कोविड जांच कराने के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर-बाइक में जोरदार टक्कर, दो युवक गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती-ददरेजी मुख्य पथ स्थित करमाइन मोड़ के पास रविवार शाम करीब 7:30 बजे ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद ग्राम करमाइन निवासी राजद युवा नेता मो. आकिब आलम वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने बिना देर किए दोनों घायलों को अपनी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों की पहचान ग्राम भाम निवासी मो. तलहा (22) पुत्र मो. समद तथा ग्राम रामपुर, थाना रफीगंज निवासी मो. फरहान (25) पुत्र स्व. मो. अफरोज के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। मो. तलहा का इलाज कोंच स्वास्थ्य केंद्र में जबकि मो. फरहान का इलाज रफीगंज स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर ग्राम बिरनावां निवासी मो. तौकीर का बताया जा रहा है।


## शपथ पत्र

मैं कमलेश कुमार पिता प्रेम कुमार ग्राम-पावा वार्ड संख्या 09. पोस्ट-पावा, थाना-दीपनगर, जिला-नालन्दा शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत है जिसका आधार नं. 5209 7247 3164 है जिस पर पर मेरा नाम कमल नयन प्रसाद अंकित है। मेरे नाम से वोटर आईडी कार्ड है जिसका ईपिक संख्या NNM0108100 है जिस पर मेरा नाम कमलेश कुमार दर्ज है तथा मेरे नाम से निवास प्रमाण पत्र निर्गत है जिस पर भी मेरा नाम कमलेश कुमार दर्ज है तथा मेरे सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम कमलेश कुमार दर्ज है। मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा सभी दस्तावेज में मेरा नाम कमलेश कुमार पिता प्रेम कुमार दर्ज है जो सही एवं सत्य है।
मैं अपना सही नाम आधार कार्ड में कमल नयन प्रसाद के जगह पर सुधार कर कमलेश कुमार पिता प्रेम कुमार दर्ज करने हेतु प्रकाशन करवाकर अपना नाम बदलने वास्ते यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
कमलेश कुमार

## AFFIDAVIT

I, Chitranjan Kumar date of birth 16.01.1975 S/o- Ram Asish Sharma residence of Vill+Post- Tankuppa, Ps.-Konch, Dist-Gaya ji (Bihar) do hereby solemnly affirmed and declare as follows:-

1. That I am residence above mention.
2. That I am posted in Assam Rifles in Nagaland in rank G.D.
3. That my son correct name Shashi Ranjan Sharma according to Aadhar Card of my son.
4. That my service record my son name is Shashi Ranjan Kumar wrongly mention.
5. That my all documents submitted by me is true and correct.
6. That hence this affidavit for the purpose of correction of my son name is my service record according to Aadhar Card.

Verification

I, Chitranjan Kumar do hereby declare that the contents of this affidavit from para 1 to 6 are true and correct to the best of my personal Knowledge and belief.
affidavit no. 9157 date-19-11-25

**Deponent**
**Chitranjan Kumar**

संपादकीय

# लैंड पूलिंग : खुशी की चमक फीकी

मप्र की मोहन यादव सरकार के इस स्पष्टीकरण कि उज्जैन में सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लिए लागू लैंड पूलिंग एक्ट में केवल संशोधन किया गया है, उसे वापस नहीं लिया गया है, के बाद किसानों के चेहरों की खुशी फीकी पड़ गई है। भारतीय किसान संघ और किसानों ने फिर से सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। हालांकि दो दिन पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस विवादित एक्ट की वापसी का ऐलान किया था, लेकिन बाद में न जाने क्या हुआ कि अब इसमें केवल संशोधन की बात कही जा रही है। सीएम ने एक्ट वापसी का वादा आरएसएस और किसानों के दबाव के बाद किया था। लेकिन बुधवार को जारी आदेश से स्पष्ट हुआ कि सरकार ने पूरा एक्ट खत्म नहीं किया है, बल्कि इसकी एक धारा में बदलाव किया है। धारा 52(1) ख के तहत धारा 50(12) क में संशोधन किया है। यानी कानून हटाया नहीं, बस उसके नियमों में संशोधन किया है। उल्लेखनीय है कि लैंड पूलिंग में सरकार किसानों की जमीन लेती, वहां पक्का निर्माण कर आधी जमीन लौटा देती। बदले में मुआवजे का प्रावधान नहीं था। विरोध के बाद सरकार ने इसमें संशोधन किया। नए संशोधन के बाद सरकार 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा देकर विकास योजनाएं बनाएगी। सीएम ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। ऐसा लगता है कि उनसे मिलकर लौटने के बाद बुधवार को सरकार ने नया आदेश जारी किया। इसके मुताबिक किसानों को जमीन का मुआवजा कितना मिलेगा, यह फैसला सरकार ही करेगी। अगर सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण जैसे सड़क, बिजली, नाली या पानी की टंकी बनते हैं, तो जमीन स्थायी रूप से अधिग्रहित होगी। ऐसे में किसानों को दोगुना मुआवजा मिल सकता है। अस्थायी काम जैसे कच्ची सड़क आदि के लिए कम मुआवजा मिलेगा। किसानों की चिंता यह है कि पक्का निर्माण होने पर वे जमीन देने से मना नहीं कर सकते। किसी को आपत्ति हो तो हाई कोर्ट जाना होगा। इसके अलावा सरकार ने सिंहस्थ क्षेत्र की 2344 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर 'स्पिरिचुअल सिटी' बनाने की योजना बनाई थी। इसके लिए चार क्षेत्र टीडीएस 8, 9, 10 और 11 चिह्नित थे, जिन पर उज्जैन विकास प्राधिकरण का अधिकार था। अब इन चारों स्कीमों की जमीन का हक फिर किसानों के पास होगा। उधर भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने आदेश को गोल-मोल बताया है। किसानों की मांग थी कि सिंहस्थ क्षेत्र में लैंड पूलिंग एक्ट पूरी तरह खत्म किया जाए। टीडीएस 8, 9, 10 और 11 की गजट नोटिफिकेशन रद्द किए जाएं। किसानों पर दर्ज सभी केस वापस हों। सिंहस्थ क्षेत्र में कोई भी स्थायी निर्माण न किया जाए। लेकिन सरकार ने उसे नहीं माना। यही नहीं, कितनी जमीन पर निर्माण होना है, फैसला सरकार करेगी। निर्माण के लिए 70 हेक्टेयर के आसपास जमीन की जरूरत है। इसमें 23 हेक्टेयर सरकारी जमीन है। बाकी 45-50 हेक्टेयर निजी जमीन का अधिग्रहण 2013 के कानून के तहत होगा। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ से पहले सरकार एक नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसका मकसद मेला क्षेत्र में अतिक्रमण रोकना है। अभी यहां 'मध्यभारत सिंहस्थ मेला एक्ट 1955' लागू है। जब मेला क्षेत्र में नया इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो जाएगा, तो आगे पक्के निर्माण को रोकने के लिए सरकार नए एक्ट में सख्त आर्थिक दंड का प्रावधान जोड़ेगी। वैसे भी 12 साल में एक बार होने वाले सिंहस्थ के लिए स्थायी निर्माण कराने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सिंहस्थ समाप्ति के बाद बाकी समय इनका क्या उपयोग होगा, कौन इसका संधारण करेगा?

# समता, सामाजिक न्याय, विकास व हिंदुत्व का परिणाम

**बिहार के मतदाताओं ने एकपक्षीय जनादेश दिया। यह धारणा पिछले डेढ़ दशकों में ध्वस्त हो चुकी है कि रिकॉर्ड संख्या में मतदान होने का अर्थ सत्ता विरोधी रुझान है। मतदान घटने या बढ़ने से सत्ता के जाने या बने रहने का सामान्यतः कोई सीधा संबंध नहीं रहा। बिहार में 66.91 प्रतिशत अभूतपूर्व मतदान ने इसे फिर साबित किया है। बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम ने केवल उन लोगों को चौंकाया होगा जो वस्तुस्थिति से दूर कल्पनालोक में थे या भांपते हुए भी परिणाम आने तक सच स्वीकारने को तैयार नहीं थे। कांग्रेस अब राहुल गांधी के नेतृत्व में पराजय वाले परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार ही नहीं। उन्हें महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक तक में वोट चोरी दिखा और बिहार में भी यही होगा। बिहार की राजनीति की पिछले तीन दशकों के साथ वर्तमान स्थिति समझने वालों के लिए यह बिल्कुल स्वाभाविक परिणाम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद यू भाजपा सरकार ने व्यापक जन समूह के विरुद्ध ऐसा कुछ नहीं किया जिनसे असंतुष्ट होकर उसे सत्ताच्यूत कर दें।**

**अवधेश कुमार**

तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाला विपक्ष सरकार में रहकर या विरोधी समूह के रूप में जनसमूह में सरकार विरोधी आलोड़न पैदा नहीं किया कि इन्हें सत्ता देने के लिए एकजुट हो जाए। वास्तव में चुनाव के दौरान लोगों से बात करने पर साफ दिखाई देता था कि नीतीश सरकार को लेकर प्रदेश स्तर पर कोई सामूहिक असंतोष है ही नहीं । तीसरी शक्ति के रूप में खड़े होने की कोशिश कर रही जन सुराज को गांव तक लोग अवश्य जानते थे, दल के रुप में जनसुराज के सीधे मतदाता नहीं मिलते थे। कुछ उम्मीदवारों के समर्थन में अवश्य लोग थे। महिलाओं का मत पुरुषों की तुलना में अधिक होना चुनाव परिणाम का बहुत बड़ा संकेतक था। अगर संक्षेप में इन्हीं बिंदुओं को आधार बना दें तो चुनाव परिणाम आसानी से समझ आ जाएगा।

यह परिणाम एक साथ प्रदेश और केंद्र के शासन की निरंतरता, विकास, हिंदुत्व, लैंगिक समानता सहित सामाजिक न्याय के कदमों की सम्मिलित परिणति है। सम्पूर्ण विपक्ष विशेषकर कांग्रेस द्वारा नकारात्मक व्यवहारों के विरुद्ध जन प्रतिक्रिया भी इसमें शामिल है। गठबंधनों वाले चुनावी संघर्ष में प्रदर्शन इस पर निर्भर करता है कि आप एकजुट होकर एक स्वर में बोलते हुए किस तरह मुद्दों, वक्तव्यों और रणनीति पर एकरूपता प्रदर्शित करते हैं। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पहले दिन से एकजुट दिखाई दिया। थोड़े बहुत मतभेद होते हुए भी इन्होंने सीटों का बंटवारा कर सार्वजनिक घोषणा कर दी। विपक्षी गठबंधन जिसे महागठबंधन कहा गया था उसकी कोई बैठक सार्वजनिक रूप से होती नहीं दिखी। सभी ने अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए। ऐसा संदेश निकला कि केवल भाजपा को हराने के नाम पर साथ हैं अन्यथा उनके बीच एकजुटता नहीं है। तेजस्वी यादव को नेता घोषित करने में भी काफी देरी हुई क्योंकि कांग्रेस इसे स्वीकारने को तैयार नहीं थी। तेजस्वी के नेतृत्व की घोषणा के समय राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ही नहीं प्रदेश अध्यक्ष तक वहां उपस्थित



नहीं थे। अशोक गहलोत और पवन खेड़ा की उपस्थिति में घोषणा हुई। दूसरी ओर भाजपा ने लगातार घोषणा किया कि हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं।

विपक्षी गठबंधन को पिछले चुनाव में चिराग पासवान के लोजपा आर के विद्रोही हो जाने का लाभ मिला था। अगर लोजपा 137 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा कर भी राजद कांग्रेस को सत्ता तक नहीं पहुंचा सकी और इस बार वह राजग में है। उपेंद्र कुशवाहा का रालोमो पिछली बार अलग गठबंधन में था। तो राजग ने दो सामाजिक आधारों वाले नेता को जोड़ा और दूसरी ओर केवल एक मुकेश साहनी की वीआईपी थी। मुकेश सहनी संपूर्ण सहनी समाज का प्रतिनिधित्व कर लेंगे शायद यही सोचकर उन्हें उपमुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाया गया। परिणाम बताते हैं कि ऐसा हुआ नहीं। कांग्रेस की पूरी रणनीति वोट चोरी तथा चुनाव आयोग के विरुद्ध अभियानों तक सीमित रहा। बिहार में कहीं ऐसे लोग नहीं निकले जिन्होंने जानबूझकर मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप लगाया इसलिए जमीन पर यह मुद्दा नहीं था बल्कि इसके विपरीत प्रतिक्रिया थी। कांग्रेस उम्मीदवारों तक ने इसे मुद्दा नहीं बनाया। जो है नहीं उसे आप प्रमुख मुद्दा बनाकर चुनाव अभियान चलाएंगे तो परिणाम क्या आएगा?

महिलाएं ज्यादा संख्या में किनके लिए वोट डालने निकलीं थीं? महिलाओं की भागीदारी 71.6 प्रतिशत रही। कुल 2.51 करोड़ महिलाओं ने मत डाला, जबकि पुरुष मतदाता 2.47 करोड़ रहे। महिलाओं का मत पुरुषों से 4.34 लाख अधिक था। 2020 में 2.08 करोड़ महिलाओं ने मतदान किया था। इसकी तुलना में महिलाओं का मत 43 लाख अधिक रहा। यह यूं ही नहीं हुआ श। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार ने आरंभिक दिनों से महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया। बच्चियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन के उद्देश्य से साइकिलें, पुस्तकें, वस्त्र, स्कॉलरशिप दिए गए। स्थानीय शासन में उन्हें 33 प्रतिशत आरक्षण मिला और बाद में सरकारी नौकरियों में भी। केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में महिलाओं को प्रमुखता दी। इन सबसे बिहार की महिलाओं का मनोविज्ञान बदला हुआ है। जिन बच्चियों को 2005-10 में पढ़ाई की सुविधा मिली अगर वह 15 से 20 वर्ष की थीं तो आज 35 से 40 वर्ष की हो चुकी हैं और उनकी दूसरी पीढ़ी को लाभ मिल रहा है। जीविका दीदी से लेकर छोटे-छोटे रोजगार के लिए 10 हजार रुपए खाते में जाना इन्हीं सबका अगला कदम था। इनकी आप जीतनी आलोचना करिए लेकिन महिलाओं के अंदर घर में रहकर छोटे-छोटे काम कर थोड़े धन उपार्जन की प्रवृत्ति गांव में देखी जा सकती है। यह राजग का ऐसा वोट बैंक है जिसे तोड़ना आसान नहीं।

भारत के किसी भी चुनाव परिणाम का आकलन करते समय हमें ध्यान रखना चाहिए कि हिंदुत्व और राष्ट्र भाव के आधार पर भाजपा का एक ठोस जनाधार पूरे देश में है। वह चुनाव हारे या जीते एक निश्चित मत उसके खाते जाना ही है। बिहार में हर जाति के लोग लोगों में भाजपा के ऐसे मतदाता सामने आते थे। हमारी समस्या यह है कि हम मान कर चलते हैं कि बिहार में जाति के परे चुनाव का विश्लेषण नहीं हो सकता। जातियां एक कारक हैं। इस बार डरावना और शर्मनाक तस्वीर बिहार में दिख रही थी जब छोटी-छोटी जातियों का समूह बनाकर नेता अपने को जनाधार वाला साबित कर रहे थे। एक समय बिहार में पिछड़े -अगड़ों की बात होती थी, इस बार ऐसा लगता था जैसे पूरा बिहार इतने जातीय आधारों में बंट चुका है कि अब इसका बाहर निकलना असंभव है। चुनाव परिणाम इस मायने में आशाजनक संकेत है। मतदाताओं के एक बड़े वर्ग ने जातियों से ऊपर उठकर भूमिका निभाया तभी ऐसा परिणाम आया। इसका संकेत और संदेश ऐसे नेताओं के सामने स्पष्ट है। सभी दलों के नेताओं को समझना चाहिए कि हम आप किसी जाति से हहैं पर 24 घंटे हमारे अंदर केवल जाति भाव नहीं रहता।

वैसे भी बिहार में जिन्हें अगड़ी कहा जाता था उन्होंने पिछड़ों-दलितों के साथ लगभग अपने सामान्य संबंध बनाए हैं। पंचायत से लेकर लोकसभा चुनावों तक एक दूसरे के लिए काम करते हैं मत देते हैं। आपस के खान-पान भी काफी बढ़े हैं। यह दुर्भाग्य है कि राजनीतिक नेताओं ने इस आशाजनक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने की जगह वोट के लिए जातीय भाव को और सशक्त करने की कोशिश की। निष्पक्षता से अध्ययन करें तो निष्कर्ष निकलेगा कि बहुत बड़े वर्ग के लिए चुनाव में जाति कारक नहीं था। अगर यादवों की एक छोटी संख्या ही अररिया,बिस्फी, केवटी, किसनगंज, पूर्णिया जैसे स्थानों पर भाजपा या राजग उम्मीदवारों को मत दे रहा था तो साफ है कि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ाई जा सकती है। वस्तुतः बिहार चुनाव परिणाम ने साबित किया है कि राजनीतिक तत्व और शासकीय नीतियों में स्त्री पुरुष समता को केंद्र बनाकर सामाजिक न्याय, विकास, कानून व्यवस्था तथा हिंदुत्व के साथ राष्ट्रीय भाव का समायोजन हो तो धीरे-धीरे बहुसंख्यक जातीय परिधि को तोड़कर आगे आ सकता है।

अध्यात्म

## सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गयी।

अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी।

राजन ! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है...मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूँ ।

मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूँछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं और प्यार से उसके पैर चाटने लगते हैं।

राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था उसने मन ही मन सोचा कि आखिर इन खूंखार कुत्तों को क्या हो गया है ? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं ?

आखिरकार राजा से रहा नहीं गया उसने मंत्री से पुछाः ये क्या हो रहा है, ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं?

राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। मैं रोज इन कुत्तों को नहलाता, खाना खिलाता व हर तरह से उनका ध्यान रखता।

ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी!

राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया और आगे से ऐसी गलती ना करने की सौगंध ली।

कई बार इस राजा की तरह हम भी किसी की बरसों की अच्छाई को उसके एक पल की बुराई के आगे भुला देते हैं।

यह कहानी हमें क्षमाशील होना सिखाती है, ये हमें सबक देती है कि हम किसी की हज़ार अच्छाइयों को उसकी एक बुराई के सामने छोटा ना होने दें।

# राजनीतिक कुलों में संग्राम

**बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में वर्चस्व का संग्राम छिड़ गया है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव और रमीज खान को चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया है। परिवार के सदस्यों में मानसिक विकृति किस हद तक होती है, इसका उदाहरण देते हुए रोहिणी ने कहा है कि 'मुझे गालियां देते हुए कहा गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी। इसके बदले में मैंने करोड़ों रुपए और चुनावी टिकट लिए। मुझे अब अपनी उदारता पर पछतावा हो रहा है। मेरा देश की सभी बेटियों से अनुरोध है कि जब आपके मायके में कोई बेटा या भाई हो तो भूलकर भी अपने पिता को नहीं बचाएं।'**

**प्रमोद भार्गव**

लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव भी रोहिणी के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि 'यदि बहन रोहिणी का माता-पिता ने किसी भी भी तरह का मानसिक उत्पीड़न दिया है तो उसकी जांच होनी चाहिए।' तेजप्रताप ने यहां तक कह दिया कि जयचंदों को जमीन पर दफन कर देंगे। राज और राजनीतिक वंशों में देखने में आया है कि जब तक वे प्रगति कर रहे होते हैं, तब तक उनमें एकता बनी रहती है, लेकिन पतन के समय ये कुनबे बिर जाते हैं। कुदरत का यह ऐसा जाल है कि वह वंशों के डीएनए में ही अलगाव के बीच बो देता है।

भारतीय लोकतंत्र की जमीन पर जड़ें जमाते राजनीति के वंश-वृक्ष देश की संवैधानिक संप्रभुता की जड़ां में मट्ठा घोलने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस समेत हरेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल में राजनीतिक उत्तराधिकार और वंशवाद को राजनीति के फलक पर स्थापित करने की होड़ लगी है। भाजपा में भी वंशवाद का रोग पनपा हुआ है। वामदलों को जरूर हम अपवाद के रूप में देख सकते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे दलों की मानसिकता पर कुठाराघात करते हुए उन्हें लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना का विरोधी बताते हुए हमेशा हमलावर रहे हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति को सामंतशाही की संरक्षक और लोकतांत्रिक मूल्यों और मान्यताओं के लिए घातक बताया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकृत वंशवादी मनोवृत्ति के चलते बहुदलीय शासन प्रणाली, एकतंत्रीय व्यक्तिवाद की गिरफ्त में आती जा रही है। इस नाते देश के प्रमुख राष्ट्रीय दल संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकध्रुवीय बनाने की कोशिश में लगे रहे हैं। कांग्रेस ने तो समूची राजनीति को राहुल गांधी और क्षेत्रीय दलों ने परिवार के मुखियाओं पर केंद्रित कर दी है। जबकि संवैधानिक व्यवस्था बहुदलीय है। लोकतंत्र को राजतंत्र में बदलने का यह खेल न तो देश की बुनियादी समस्याएं भूख, अन्याय और असमानता से लड़ने में कामयाब हो सकती हैं और न ही सीमाई संप्रभुता व आंतरिक समस्याओं से निपटने में दो-चार हो सकती हैं ? दरअसल आसानी से मिला राजनैतिक उत्तराधिकार का वैभव व्यक्ति की मानसिकता को सुविधा-भोगी और व्यक्तिवादी महत्वाकांक्षा को बढ़ाने का काम करता हैं। वह राजसी भोग-विलास में भी लग जाता है। प्रजातंत्र में यह स्थिति अपरोक्ष रूप से सामंती मूल्यों को स्थापित करने वाली है।

स्वतंत्रता के बाद अस्तित्व में आए संविधान में समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के आदर्शों के साथ देश को एक मजबूत राष्ट्र में गूंथने की परिकल्पना की गई थी। किंतु जब 1952 में स्वतंत्र भारत का पहला आम चुनाव हुआ तो संविधान में दर्ज आदर्श को पलीता लगाने का काम कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दलों ने धर्म और जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन और वोट मांग कर किया। अब आजादी के 78 साल बाद भी धर्म और जाति तो अपनी जगह कायम हैं ही, खरपतवार की तरह वंशवादी ऐसे बरगदी वृक्ष भी उग आए हैं,जो प्रजातांत्रिक मूल्यों और भावनाओं को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। बुंदेलखण्ड में एक कहावत प्रचलित है कि चंबल नदी की गहराई एक दर्जन खाटों की बान से भी नहीं नापी जा सकती ? लेकिन प्रजातंत्र की मिट्टी में वंशवाद की जड़ें जितनी गहरी होती जा रही हैं,उन्हें तो दो दर्जन खाटों के बान से भी नहीं नापा जाना मुश्किल है ?

राजनैतिक वंशवाद का वास्ता ग्वालियर क्षेत्र में सिंधिया राजघराने से आज भी मजबूती से जुड़ा है। आजादी की लड़ाई में असहयोग के बावजूद राज-परिवार की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि वंशवाद से नाता टूटने की फिलहाल कोई उम्मीद ही नहीं हैं। विजयाराजे सिंधियां से शुरू हुआ वंशवादी यह जीवाणु उनके बेटे माधवराव सिंध्यि और बेटियों वसुंधरा राजे व यशोधरा राजे के बाद इनकी तीसरी पीढ़ी ज्योतिरादित्य और दुष्यंत सिंह के जरिए भी अवतरित होता चला गया है। अब ज्योतिरादित्य अपने पुत्र महाआर्यमन को मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जरिए राजनीति की सीढ़ियां चढ़ाने में लगे है। एक समय इस वंश की खूबी यह रही कि यह देश के दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस में समान रूप से स्थापित रहा, लेकिन अब ज्योतिरादित्य के भाजपा में आने के बाद पूरा कुनबा भाजपाई हो गया है।इन दो वंश-वृक्षों से उत्प्रेरित होकर कालांतर में कई राजनेताओं के परिवार इस डगर पर चल निकले हैं। इसमें वे लोहियावादी भी शामिल हैं,जो कई दशकों तक विवाद को कोसते हुए इन्हें लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बताते रहे। लेकिन क्षेत्रीय दलों के प्रमुख बनने और सत्ता की बागडोर हाथ में आते ही लालू प्रसाद, मुलायम सिंह और रामविलास पासवान इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लालू को जब चारा घोटाले के मामले में बिहार का मुख्यमंत्री रहते हुए जेल जाने की नौबत आई,तो उन्हें अपना राष्ट्रीय जनता दल में ऐसा एक भी होनहार नेता नहीं दिखाई दिया जो मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने की काबिलियत रखता हो ? आखिरकार यह योग्यता उन्हें अपनी निरक्षर धर्मपत्नी रावड़ी देवी में ही दिखाई दी। अंततः लालू ने प्रजातांत्रिक राज्यसत्ता रावड़ी को मनोनीत करके हस्तांतरित कर दी। स्वतंत्र भारत में राज्यसत्ता के पारिवारिक उत्तराधिकारी को ही हस्तांतरित किए जाने की यह मनोवृति सबसे शर्मनाक स्थिति रही है। बाद में लालू के दो पुत्र और दो पुत्रियां राजनीति में सीधे दखल देने लग गईं। किंतु 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू कुनबे की कलह सड़क पर आ गई। दक्षिण में भी वंश-वृक्ष खूब फल-फूल रहे हैं। आठ दशक पुराने क्रांतिकारी द्रविड आंदोलन और हिन्दी के विरोध की कोख से जन्मी द्रविड मुनेत्र कशघम यानी द्रमुक भी वंशवाद की राह पर है। एम करुणानिधि की राजनैतिक विरासत का वास्तविक उत्तराधिकारी कौन है, इस सवाल को लेकर उनके दोनों बेटों में खूनी जंग भी छिड़ चुकी है। हालांकि बड़े बेटे एमके अलागिरी की बजाए करुणानिधि ने छोटे बेटे एमके स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था, इसलिए पार्टी, तमिलनाडू और राज्य सत्ता की कमान स्टालिन के हाथ है। उनकी बेटी कनिमोझी भी सासंद हैं। 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले में वे जेल भी जा चुकीं हैं। हालांकि करूणानिधि और उनका दल साम्यवाद से प्रभावित रहा है। मार्क्स का जो ऐतिहासिक भौतिकवाद है, वह प्रजातंत्र में कुनबापरस्ती का विरोध करता है, लेकिन करुणानिधि का वंश इसी कुनुबापरस्ती की गिरफ्त में है। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी की सुप्रीमो मायावती अविवाहित हैं, बावजूद वंशवादी मानसिकता के चलते अपने भतीजों को आगे बढ़ा रही हैं। तेलंगाना में केसीआर का उत्तराधिकारी कौन हो इसे लेकर भाई-बहन आपस में टकरा रहे हैं। बेटी कविता 2023 के शराब घोटाले में गिरफ्तार हुई तो भीतर का संघर्ष सड़क पर आ गया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के अलग होने के बाद 2022 में शिंदे की बगावत ने शिवसेना के दो फाड़ कर दिए। इस अलगाव की वजह से बाल ठाकरे की विरासत कमजोर हुई तो भाजपा सत्ता के सिंहासन पर जा बैठी। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर की मौत के बाद 2023-24 में पैतृक संपत्ति पर अधिकार को लेकर जगन और उर्मिला के बीच विवाद सामने आया और दोनों अलग-अलग दलों में पहुंच गए। महाराष्ट्र में शरद पवार की राजनीतिक विरासत पर रस्साकशी के बाद 2023 में अजीत पवार भाजपा-शिंदे सरकार में शामिल हो गए, जिसके चलते पार्टी दो हिस्सों में विभाजित हो गई, इस विभाजन के साथ ही महाराष्ट्र में कई सीटों पर कांग्रेस-शिवसेना और अन्य गठबंधनों के साथ समीकरण बदल गए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कुछ काम करने की सोचेंगे, लेकिन उसमें विघ्न आने से आपकी बेवजह की टेंशन बढ़ेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कर्क**
दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी काम की गति भी बेहतर रहेगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह**
आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो बेवजह का लड़ाई-झगड़ा हो सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीदारी के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**वृश्चिक**
किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है और आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखना होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद हो सकता है। आपको अपने किसी वाद-विवाद को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य का विवाह के बात पक्की हो सकती हैं और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**मीन**
आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपके बॉस से भी आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक चोरी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने टेशलाल वर्मा नगर से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार मो आजाद उर्फ सुंदर टेशलाल वर्मा नगर रूपसपुर निवासी है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि पिछले 23 सितंबर को थाना क्षेत्र से हुई बाइक चोरी मामले में पुलिस ने मो आजाद उर्फ सुंदर को छापेमारी कर गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार मो आजाद से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### छापेमारी में 1500 लीटर जावा महुआ शराब नष्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को केवड़ा ओपी पुलिस ने बरेयपुर मुशहरी में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी कर कई शराब भठ्ठीयां धवस्त की गई, इस दौरान तकरीबन 1500 लीटर कच्चा जावा महुआ शराब को नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि केवड़ा ओपी पुलिस के द्वारा तबातोड़ विभिन्न मुसहरी में शराब भट्टी तोड़ी जा रही है। दरअसल नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर निरंतर कार्रवाई चल रही है और छापेमारी के दौरान शराब भट्टी तोड़ी जा रही हैं। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब धंधेबाज को पहले ही भनक लग जा रही है और वह शराब छोड़कर भागने में सफल हो जा रहे हैं।हालांकि भागे हुए शराब संचालकों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

### रेडक्रॉस सोसाइटी की चेयरमैन राज कुमारी देवी को मनोनीत किया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेड क्रॉस सोसाइटी दानापुर शाखा के चेयरमैन सह समाजसेवी राम भजन सिंह यादव के निधन होने पर उनकी पत्नी राज कुमारी देवी को शाखा चेयरमैन पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है. रविवार को बैठक कर सर्वसम्मति से स्व राम भजन सिंह यादव के पत्नी राज कुमारी देवी को शाखा के चेयरमैन पद पर मनोनीत किया गया है. बैठक में सोसाईटी के कोषाध्यक्ष रामेश्वर कुमार, मौलवी हसन उर्फ मौलवी हसन , राज नारायण अकेला, जबीना बेगम, बिंदेश्वर प्रसाद सिंह ,रजनीश कुमार ,सुनीता, स्वीटी, शोभा देवी समेत आदि सदस्य मौजूद थे.

### चौकीदार विमल पासवान का हुआ निधन, पुलिसकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शाहाबाद पंचायत के चौकीदार रहे विमल पासवान का निधन रविवार को हो गया है। दिवगंत विमल पासवान मसौढी थाना क्षेत्र के छाता गांव के रहने वाले थे, जो शाहाबाद पंचायत में कार्यरत थे। बताया जाता है कि लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थे और इलाज भी चल रहा था। ऐसे में रविवार को सुबह उनका निधन हो गया है। मसौढी थानाध्यक्ष अनिल कुमार समेत सभी पुलिस पदाधिकारी ने देवगंत विमल पासवान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके अलावा सभी पंचायत के चौकीदार ललन पासवान, रामाधार पासवान, सुरेंद्र पासवान, रामप्रवेश पासवान, सुनैना एवं नारायण पासवान, लाल बाबू पासवान आदि सभी चौकीदारों ने भी दिवगंत चौकीदार विमल पासवान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बाढ़ में शादी के पहले जेवर लेकर भाभी फरार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढकवाहाचक गांव में शादी से पहले भाभी अपनी ननद का जेवर लेकर फरार हो गई । इस मामले को लेकर आरोपी निशा के विरुद्ध के केस दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती की शादी को लेकर उसके परिवार ने उपहार में देने के लिए सोने की चेन, अंगूठी और ढाई लाख रुपये घर में रखे थे। भाभी नाराज चल रही थी ।शादी में खलल डालने की नीयत से भाभी सभी सामान लेकर भाग गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### दुल्हन हुई बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के एक गांव में शादी से पहले ही बेहोश हो गई जिसके बाद उसे गंभीर हालत में रविवार की शाम को अनुमंडल अस्पताल लाया गया। घटना के बाद घर में अफरा तफरी मच गई। परिजनों ने बताया कि धार्मिक रस्म चल रहा था। इसी दौरान दुल्हन की तबीयत खराब हो गई।

### युवक ने की आत्महत्या

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दयाचक मोहल्ले में युवक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान चालीसकुरबा गांव निवासी मनीष के रूप में हुई है ।मनीष की शादी 6 माह पूर्व ही हुई थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### आज 2 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के विद्युत उप केंद्र में ग्रिड मेंटेनेंस को लेकर सोमवार को 10:00 बजे से 12:00 बजे दिन तक बिजली आपूर्ति ग्रिड मेंटेनेंस को लेकर बाधित रहेंगी। इसके कारण बाढ़ नगर, कोर्ट एरिया, भटगांव, जलगोविंद, अचुआरा और दक्षिणीचक इलाकों में बिजली की सप्लाई ठप रहेगी। यह जानकारी विभागीय अभियंता ने दी है।

### सड़क किनारे दुकान में घुसा ऑटो, बाल-बाल बचे लोग, दो चोटिल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मुंजी टोला गांव के पास सड़क के किनारे एक चाय दुकान में अनियंत्रित ऑटो घुस गया। जिसके कारण दुकान के पास खड़े आधा दर्जन लोग बाल बाल बच गए। हालांकि इस दुर्घटना के दौरान दुकानदार ऋषिकेश राय और उनके बेटे किशन कुमार चोटिल हो गया। साथ ही दुकान में रखे खाने-पीने की चीज पूरी तरह से नष्ट



हो गई। इसके अलावा दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुकानदार ऋषिकेश राय ने बताया कि अचानक उनके दुकान में एक तेज रफ्तार में रहे ऑटो घुस गया। जिसकी वजह से दुकान की समान के अलावे दुकान को काफी नुकसान पहुंचा है।

# नौबतपुर-खगौल मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, चालक की मौत

## बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल









**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौबतपुर-खगौल मुख्य मार्ग पर जानीपुर थाना क्षेत्र के महेंद्र रोड स्थित भेलूरा-रामपुर गांव के पास शनिवार की शाम करीब आठ बजे तेज रफ्तार टेम्पू और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि टेम्पू चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को नौबतपुर रेफरल अस्पताल भेजने में मदद की. बगल के गांव के लोगों ने बताया कि देखने से लग रहा था की बाइक सवारी युवा के तीनों कहीं किसी शादी विवाह या क्रिश्चियन में काम से जा रहे थे तभी टेंपो से टक्कर हो गई जिसमें एक युवक बुरी तरह जख्मी होने के चलते घटना स्थल पर मर गया. वहीं अन्य दोनों युवक और ऑटो चालक की हालत भी चिंताजनक थी. घायल किसी तरह अपने परिवार वालों को मोबाइल से सूचना देकर मौके पर बुलाए और फिर उसके साथ चले गए. खबर लिखे जाने तक मृतक और घायलों की स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी थी. हालांकि मिले दस्तावेजों के अनुसार मृत टेम्पू चालक की पहचान शाहपुर, दानापुर थाना क्षेत्र के मठियापुर निवासी के रूप में की जा रही है. घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए. इसी बीच घायलों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए. पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही परिजन घायलों को अपने साथ ले गए, जिससे उनकी स्थिति और पहचान की पुष्टि में देरी हो रही है. जानीपुर थाना अध्यक्ष नवीन ने बताया कि नौबतपुर, खगौल, दानापुर और सगुना मोड़ क्षेत्र के आसपास स्थित सभी अस्पतालों में तलाश की गई है, लेकिन अभी तक घायलों की स्थिति व पहचान की आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है. उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद वाहनों के नंबर के आधार पर यह संकेत मिला है कि ऑटो चालक और बाइक सवार क्रमशः दानापुर व मनेर के रहने वाले प्रतीत होते हैं. पुलिस परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रही है. पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## ऑपरेशन लहरिया कट को लेकर पुनपुन पुलिस ने लक्ष्मण झूला पर किया सघन वाहन चेकिंग

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में बने लक्ष्मण झूला पर इन दिनों लहरिया कट बाइकर्स का इन दोनों रेस चल रहा है। एवं साइलेंसर बदलकर तेज आवाज के साथ फटफटिया वाले मोटरसाइकिल का इन दोनों रेसिंग की शिकायत मिलने पर रविवार को पुनपुन पुलिस ने लक्ष्मण झूला पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ऑपरेशन लहरिया बाइकर्स के दौरान कई बाइकर्स को पकड़कर उसकी लाइसेंस की जांच की गई है। सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी बाइकर्स में हडकप मच गई और सभी भाग निकले हैं। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि जब से लक्ष्मण झूला बनी



है तब से पुल पर लहरिया कट बाइक चलाने वाले की तादाद बढ़ते जा रही थी, कुछ बाइकर्स लोग अपना साइलेंसर को चेंज करवा कर तेज आवाज वाले बाइक के साथ गाड़ी इधर से उधर कर रहे थे। ऐसे में पैदल चल रहे यात्रियों को एवं अन्य वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## हिमालया लॉ कॉलेज में छह दिवसीय ओरिएंटेशन एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पालीगंज स्थित हिमालया लॉ कॉलेज में 13 से 21 नवम्बर, 2025 तक छह दिवसीय ऑफलाइन ओरिएंटेशन सह करियर काउंसलिंग प्रोग्राम, शैक्षणिक सत्र, 2025-26 का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नैतिकता के साथ विधि व्यवसाय की शुरूआत, व्यावसायिक कौशल तथा विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देना था। बीए, एलएलबी और एलएलएम के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें व्यावसायिक कौशल और विधि व्यवसाय में नैतिक आचरण पर विशेष



जोर दिया गया। प्रभारी प्राचार्या सुश्री सुरुचि ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। हिमालया लॉ कॉलेज से असिस्टेंट प्रोफेसर विकास आनंद, कुमार ज्योतिष, अनुपम कुमार तिवारी, दीपमीरा, सोनेलाल कुमार, शगुफ्ता यासमीन एवं दिव्य रौनक ने विधि व्यवसाय के व्यावसायिक एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हिमालया समूह के निदेशक डॉ. रामचन्द्र साव ने विधि शिक्षा में नैतिकता, दायित्वबोध और समाज सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को संबोधित किया। श्री विकास आनंद, जो संस्थान के IQAC कोऑर्डिनेटर हैं, इस कार्यक्रम के संयोजक रहे। यह पहल एनएएसी द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता उन्नयन एवं मानकों के अनुरूप अकादमिक वातावरण सुदृढ़ करने की अनिवार्य व्यवस्था के अंतर्गत आयोजित की गई। बीए, एलएलबी सत्र 2024-29 के छात्र बिट्टू कुमार को 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक' सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और संस्था ने सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 15 दिनों में कटाव का कार्य शुरू नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतरेंगे मनेरवासी

## विद्यायक भाई वीरेंद्र ने गंगा नदी से हो रहे कटाव का विधायक ने किया निरीक्षण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार मनेर में गंगा नदी से कई गांव के पास हो रहे लगातार कटाव की सूचना मनेर के विधायक भाई वीरेंद्र पहुंचे। इस दौरान विधायक भाई वीरेंद्र जल संसाधन विभाग के अभियंता और जूनियर इंजीनियर के साथ गंगा घाट के कटाव का निरीक्षण किया। कटाव के निरीक्षण की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचकर विधायक भाई वीरेंद्र से मुलाकात करते हुए समस्याओं के बारे में अवगत कराया। ग्रामीणों के बातों को सुनते हुए विधायक में जल संसाधन विभाग के अभियंता और जूनियर इंजीनियर को भी इसके बारे में विशेष रूप से रूबरू कराते हुए कटाव को रोकने के लिए पूरी प्रयास करने की बात कही।
विधायक ग्रामीणों ने कहा कि कुछ दिनों तक अगर लगातार कटाव होते रहा तो मनेर के हल्दी छपरा, बदल



टोला, रामनगर, नयका टोला समेत करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव कटाव में विलीन हो जाएगा। अभियंता से विधायक ने कहा कि जल्द से जल्द कटाव रोकने के लिए कार्य शुरू कर दिया जाए इसके अलावा उन्होंने सरकार से सभी सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि सरकार भी इस पर ध्यान दें। विधायक ने मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार मनेर के लोगों के साथ सौतेलापन रवाया और पक्षपात कर रही है। जबकि जहां जरूरत नहीं रहती है वहां अपने काम को पूर्ण सरकार करती है। लेकिन मनेर के लोगों के साथ पक्षपात का रवाया अपनाती है। इसका मुख्य कारण है कि मनेर भाई वीरेंद्र और राजद का इलाका है। मौजूद ग्रामीणों के सामने ही विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि वो हमेशा लोगों के लड़ाईया को लड़ते आए है। जरूरत पड़ी तो मनेर के लिए पूरी तरह से वह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार गंगा नदी से हो रहे कटाव को रोकने के लिए 15 दिनों के अंदर कार्य अगर शुरू नही करती है तो इसे लेकर वह खुद धरना प्रदर्शन करने के लिए उतरेंगे। स्थानीय मुखिया अशोक सिंह ने बताया कि काफी दिनों से इसके बारे में विभाग को विधायक के अलावा स्थानीय ग्रामीण और प्रतिनिधियों ने पत्र लिखकर कटाव को रोकने की मांग की है। लेकिन इस पर सरकार ध्यान देना उचित नहीं समझ रही है। अगर लगातार यही हाल रहा तो कटाव के कारण हम लोगों का गांव हल्दी छपरा समेत आधा दर्जन गांव पूरी तरह से गंगा नदी में समा जाएगी। इस मौके पर मुखिया अशोक कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष दिलीप सिंह, राजद नेता जीतन यादव, धर्मेंद्र कुमार सहित कई लोग थे।

## ईसाई समाज ने धूमधाम से खीस्त राजा पर्व मनाया, निकाली शोभा यात्रा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी चर्च मे ईसाई समाज ने खीस्त राजा पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर शोभा यात्रा निकाली गई.इस दौरान फादर पैकियम बासकर ने हाथो मे राजा खीस्त को उठा कर चल रहे थे जहाँ उनके स्वागत मे रास्ते मे फुल बिछाये छा रहे थे, जहां सैकड़ों की संख्या मे लोग राजा खीस्त के जयघोष करते नजर आ रहे थे। शोभा यात्रा के बाद पुनः वापस चर्च पहुंचे जहाँ गिरजाघर में विशेष प्रार्थना हुई. जहाँ फादर बासु ने लोगों के खुशहाल जीवन और समृद्ध देश की कामना की. उन्होंने कहा कि तमाम लोग प्रभु की संगति करें, उनके प्रति समर्पित रहें. सभी ईसाई खीस्त की ही प्रजा हैं और हमेशा उनके ही रहेंगे। दरअसल, ईसाई समाज के महापर्व क्रिसमस के ठीक एक माह पहले खीस्त राजा पर्व मनाया जाता है. ऐसी मान्यता है कि इसी दिन से ही प्रभु ईसा मसीह का आगमन काल प्रारंभ होता है. जिसके बाद से ईसाइयत क्रिसमस की तैयारियों में जुट



जाते हैं. ईसाई समाज का कहना है 'हे खीस्त राजा, तू हमारा राजा है. तेरा राज आवे... हम सभी विश्वासी चाहते हैं कि तू इस राज्य में आवे और हमारे दुखों को दूर करे. तू इकलौता राजा है', जो सभी को समान भाव से देखता है.धर्म को मानने वाले कहते हैं कि प्रभु यीशु हमारे दिलों के राजा हैं. उस दिलों के राजा की हम जय-जयकार करते हैं और यह बिल्कुल न्यायोचित है. राजा का नाम सुनते ही मन में एक ऐसे व्यक्ति का स्वरूप उभर कर आता है, जो पूरे राजसी ठाठ-बाट के साथ रहता है. एक ऊंचे सिंहासन पर विराजमान रहता है. लेकिन हमारे राजा ने कांटों का मुकुट पहना और कष्ट का जीवन स्वीकार किया. ताकि हमें बचाए जा सके और हमारा जीवन बेहतर बन सके.

## बेकाबू स्कार्पियो ने मारी ठोकर गंभीर अवस्था में जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया फोरलेन पर मसौढी थाना क्षेत्र के नदौल रोड ओवर ब्रिज के निकट एक सड़क क्रॉस कर रहे हैं एक व्यक्ति को बेकाबू स्कार्पियो ने जोरदार ठोकर मार दि, जहां गंभीर रूप में व्यक्ति जख्मी हो गया है। इलाज के लिए ऑटो से जहानाबाद अस्पताल में उसे भेजा गया है। जख्मी व्यक्ति का नाम राम पुकार बिंद (35 वर्ष) पिता स्व शमरू बिंद है। जो नदौल के बिंद टोली का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह सड़क क्रॉस कर रहा था उसी दरमियान तेज गति से जा रहे हैं स्कार्पियो ने उसे ठोकर मार दिया। वही इस घटना से गुस्साए लोगों ने भाग रहे स्कॉर्पियो को पकड़ लिया,वहीं स्कार्पियो छोड चालक भागने में सफल रहा, जहां गाड़ी में तोड़फोड़ एवं आग लगाने की कोशिश की मौके पर मसौढी पुलिस की चार गाड़ी पहुंची जहां हालात को काबू करते हुए अपनी कार्रवाई में जुट गई है थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है फिलहाल घायल को इलाज की बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है।

# मसौढी के नदौल में बैखौफ सजती है शराब की मंडी, पुलिस का नहीं है भय

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब को लेकर बने सख्त कानून के बावजूद शराब कारोबारी शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह तस्वीर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल की है। जहां नदौल रेलवे ओवरब्रिज पुल के नीचे दिन के उजाले में



बेखौफ होकर देसी शराब बेचने की मंडी सज जाती है और पीने और पिलाने का खेल देर शाम तक चलते रहता है। हालांकि इसके बगल में फोरलेन भी गुजरी है और इस फोरलेन से न जाने कितने प्रशासनिक पदाधिकारीयों की गाड़ियां भी गुजरती होगी और सड़क से शराब बेचते हुए सीधे तौर पर तस्वीर दिखती होगी, बावजूद इन शराब कारोबारी पर कार्रवाई नहीं होना प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह रेलवे ओवरब्रिज के ठीक नीचे बैठकर गैलन में देसी शराब को रखकर शराब बिक्री कर रहे हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी भी कर रही है। जगह-जगह पर शराब भठ्ठियों को भी तोड़ रही है। बावजूद नदौल में शराब कारोबारी शराब बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। दरअसल नदौल मुसहरी जो सड़क के किनारे झोपड़पट्टी में बसी हैं।जहाँ शराब के कारोबार में जुड़े हुए हैं। कई बार एक्साईज पुलिस और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई की गई है बावजूद शराब बनाने पीने और पिलाने के धंधे में आज भी वह संलिप्त है और दिन के उजाले से लेकर शाम ढलते ही बेखौफ होकर शराब पीने पिलाने का कार्य किया जाता रहा है। इस मामलें में रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने बताया कि सूचना मिलते ही इन शराब धंधेबाजों पर कार्रवाई करते हैं कई बार भठ्ठीयां भी तोड़ी गई है कार्रवाई भी की गई है ऐसे में चिन्हित कर लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## कोचिंग जा रहा रही युवती के साथ मारपीट, सात के खिलाफ थाने कारवाई की गुहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**लहसुना थाना क्षेत्र के सुकठिया गांव मे कोचिंग पठने जा रही एक छात्रा के साथ मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला सामने आया है।इस मामले मे पीड़ित छात्रा अंचल कुमारी पिता मुरीन पासवान ने थाने मे लिखित आवेदन दे कर कारवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित के द्वारा दिये गये आवेदन मे लिखा है की सुबह में कोचिंग पठने के लिए अपने घर से बाहर निकले तो मेरे पड़ोसी (1) कोमल कुमारी, पिता जितन पासवान (2) आरती कुमारी, पिता स्व रामविलास पासवान उर्फ भोरु (3) मुस्कान कुमारी, पिता जितन पासवान (4) गौतम कुमार, पिता जितन पासवान (5) सोमा देवी, पति मकुन पासवान (6) मुड़िया देवी, पति जितन पासवान (7) तुनि देवी, पिता मकुन पासवान सभी ने मिल मारपिट कर जख्मी कर दिया, मार पीट के क्रम में कोमल कुमारी ने ईट से मेरे ललाट पर मारा जिसे ललाट फट गया तथा आरती कमारी ने नोकिले हुन्टे से मारा जिससे दाहिने हाथ का काउली एवे बगल वाला उंगली छिला गया जिससे उंगली कट गया है। पुलिस पुरे मामले की जांच मे जुटी है।

# युवा ही हैं विकसित भारत की भाग्यविधाता : प्रेम कुमार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया । मौके पर उपस्थित देश के चर्चित गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। युवा ही है विकसित भारत के भाग्य विधाता । महात्मा गांधी ने जो बुनियादी शिक्षा का परिकल्पना किया था उसे साकार कर ही हम 2047 में विकसित भारत बन सकते है । प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति 2020 में आंशिक सुधार किया है जबकि अभी व्यापक सुधार की जरूरत है । मैकाले शिक्षा पद्दति फेक डिग्री और बेकार परीक्षा भर रह गया है। देश के विश्विद्यालयो से प्रतिवर्ष लाखों लोग डिग्री लेकर निकलते है जिसमें मुश्किल से पांच से दस प्रतिशत लोग को ही नौकरी मिल पाता है बाकी बचे लोग किसी तरह प्राइवेट नौकरी कर जीवन यापन के लिए मजबूर है। आज का युवा इसलिए शिक्षा प्राप्त करता है जिससे कि



उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके इसी आनंद के तलाश में असफल होने पर अवैध तरीके से धन कमाने की चेस्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है। युवा बेरोजगार है तो उसे परिवार का व्यंग्यात्मक रवैया तनावग्रस्त कर देता है । देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्नातक के सभी छात्र छात्राओं के लिए इंर्नशिप अनिवार्य किया है यह छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए मिल का पत्थर सावित हो रहा है। इंटरशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेतृव,व्यक्तित्व विकास, जीवन कौशल, संवाद सम्प्रेषण, एनजीओ मैनेजमेंट, स्वरोजगार का सत्र आयोजित किया जा रहा है। वही एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने कहा कि गरीवी मुक्त भारत बनाने के लिए सभी को स्वरोजगार से जोड़ना ही होगा। बिहार एक उपभोक्ता प्रदेश है हम इसे उत्पादक प्रदेश बनायेगे । उन्होंने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया कि कोई भी युवा उद्योग धंधा स्थापित कर सकता है इसके लिए पांच लाख से लेकर पचास लाख तक कि ऋण की सुविधा उपलब्ध है जिसमें सहरी क्षेत्र के लिए 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रो के लिए 25 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है। मांस और शराब को छोड़कर कोई भी उद्योग धंधा आप कर सकते है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जात पात और धर्म के भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे आये। मौके पर प्रबोध तिवारी, क्वीन रंजन,रवि प्रकाश, ज्योति कुमारी,अंजू कुमारी,सपना कुमारी, इशिता आनंद,प्रियांशु कुमार,आयुषी कुमारी, मौजूद रहे ।

# दानापुर में पीपा पुल का निर्माण कार्य धीमी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा का लाइफ लाइन कहा जाने वाला पीपा पुल का निर्माण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है. जबकि 15 अक्टूबर के बाद पुल को चालू करने का प्रावधान है. इसके बाद भी 23 नवंबर तक पुल के चालू नही किया गया है. पुल चालू नही होने से दियारा के लोगों स्टीमार व नाव के सहारे गंगा पार करने को विवश है. दियारा के लोगों ने बताया कि लगन शुरू हो गया है. इसके बाद भी संवेदक द्वारा पुल निर्माण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है. लोगों ने बताया कि एक माह पूर्व ही मुख्य गंगा नदी में पीपापुल जोड दिया गया था और पानापुर घाट पर जटी और बीच में पीपा पुल जोडने का कार्य छोड दिया गया था. साथ ही पीपा पुल घाट से उस पार जाने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है. लोगों ने बताया कि पहुंच पथ का भी निर्माण कार्य शुरू नही किया गया है. जिससे दियारा के लोगों में असंतोष व्याप्त है. दियारा के लोगों ने बताया कि गंगा का जलस्तर घट जाने के बाद भी पुल निर्माण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है. भाजपा नेता भाई सनोज यादव , पूर्व जिला पार्षद सदस्य ओम प्रकाश यादव, पूर्व प्रमुख सुनील राय व जदयू नेता संजय सिंह ने सीएम नीतीश कुमार , बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अधिकारियों से जल्द पीपा पुल निर्माण कर चालू



करने की मांग किया है. ताकि दियारा के सात पंचायतों के लोगों का आवागमन का सुगम साधन हो सकेंगे.पानापुर घाट पर जटी का निर्माण बल्ले गाडे कर नही किया जा रहा है . साथ ही टूटे डफल को बदले नही जा रहे है और टूटे प्लेट को चेकर प्लेट नही लगाया जा रहा है.साथ ही प्रत्येक साल पुल का रैलिंग या वायर रोप को बदलने का प्रावधान है. इसके बाद भी संवेदक नही बदलते है. पुल चालू होने से दियारा के लोगों का पैदल आवागमन भी शुरू हो जायेगा. पुल नहीं रहने से नासरीगंज स्टीमर और नाव के सहारे रोजमर्रा का सामान लेने ग्रामीण शहर आते-जाते हैं. बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है.उन्होंने बताया कि संवेदक को जल्द पुल निर्माण कर चालू करने का निर्देश दिया गया है. ताकि दियारा वासियों पुल से आवागमन कर सकेंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एमडी को दिया मांग पत्र

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में बिजली की समस्या से निजात को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष कुमार तथा सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विद्युत विभाग के एमडी(आईएस) व घोड़ासहन निवासी राहुल कुमार को मांग पत्र दिया गया.दिए मांग पत्र में घोड़ासहन में पवार सब स्टेशन की स्थापना करने, समनपुर पवार सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने,पूरे शहर में स्ट्रीट लाइट लगने के साथ-साथ 11000 के नंगे तार को बदल कर कॉपर वायर लगवाने,गांधी चौक पर 63 केवी के ट्रांसफॉर्मर को अपग्रेड कर 100 केवी करने जिससे लो वोल्टेज की समस्या दूर हो सके, डॉ पीके मिश्रा क्लीनिक के निकट 63 बदले 100 केवी,छठ घाट पर 100 केवी,गुलरिया टोला में 100 केवी,पूरे शहर में बांस बल्ले से बिजली की आपूर्ति को कंपलीट पोल लगाने की मांग किया गया है.हालाकि मामले को संज्ञान लेते एमडी श्री कुमार ने तत्काल तीन जगहों पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया है.जिससे लोगों में हर्ष है वहीं शेष कार्य प्रक्रिया में बताया जा रहा।

### बारात में हुई फायरिंग, दो लोग जख्मी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिरिसिया थाना क्षेत्र के पटखौली गावँ में शनिवार रात्रि एक शादी समारोह में फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। फायरिंग की घटना से बारात में अफरा तफरी मच गई। घटना में दो लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज सीएचसी चनपटिया में किया गया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार पटखौली निवासी स्व.विनोद महतो के लड़की की बारात मझौलिया थाना क्षेत्र के धनकुटवा से पटखौली आई हुई थी।बारात दरवाजे लगने पर वरमाला कार्यक्रम हो रहा था। जिसमे कतिपय लोगों द्वारा अचानक से फायरिंग की जाने लगी। फायरिंग की इस घटना में हीरो हुसैन व उर्मिला देवी दोनों के हाथ जख्मी हो गया।परिजनों द्वारा घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां इलाज के बाद वे घर वापस हो गए। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना सिरिसिया पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनंत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँच कर जांच में जुट गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में सबेय निवासी आलोक मिश्रा को हिरासत में लिया गया है।

### दूल्हे को काना देखते ही लड़की ने किया शादी से इनकार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहोदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनबैरिया गांव में शनिवार शाम शिकारपुर (बैतापुर) से आई बारात में उस वक्त हंगामा मच गया जब दुल्हन ने स्टेज पर वरमाला डालते समय दूल्हे को एक आँख से विकलांग (काना) देख लिया। पहले से ही दूल्हे के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की जानकारी दुल्हन को थी, लेकिन चश्मे की वजह से उसकी शारीरिक कमी छिपी हुई थी। दुल्हन ने साफ इनकार कर दिया और कहा ये लड़का हमें पसंद नहीं, शादी हरगिज नहीं करेंगे, जबरदस्ती हुई तो खुदकुशी कर लेंगे। इसके बाद माहौल बिगड़ गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई, दुल्हन के भाई ने लड़के व अपने पिता को गोली मारने की धमकी दी। पूरी बारात को बंधक बना लिया गया। पुलिस मौके पर पहुँची और लंबी पंचायती के बाद हिसाब-किताब कर बारातियों को रात में छोड़ा गया।शादी टूट गई, बारात बिना दुल्हन के लौट गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर - लौरिया मुख्य पथ पर शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत व तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं , यह घटना यह घटना संजय चौधरी के घर के पास सड़क पे बरगजवा गांव के पास हुई है। मृतक की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के चरघरवा बिशुनपुरवा गांव निवासी स्व मुखतार साह के 25 वर्षीय पुत्र इरशाद के रूप में हुई है स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हादसा लौरिया से रामनगर की ओर आ कार आ रहा था, घने कुहासे के कारण मुख्य सड़क के किनारे रखे ईट में जोड़ से टकराव हो गया। टक्कर इतनी जोडदार थी की कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार लोग घायल हो गये। ग्रामीणों ने शोर सुन कर घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। ईलाज के दौरान इरशाद ने दम तोड़ दिया । थानध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि वाहन को जप्त कर लिया गया है तथा शव को अंत्य परीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### नाबालिग लापता

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग का गायब होने का मामला सामने आया है। इस मामले में गायब नाबालिग के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि बेटी दादी के साथ निकली। मां वापस आकर बताई कि बेटी बैंक में डीबीटी कराने के लिए चली गई। देर रात वापस नही लौटी तो काफी खोजबीन किए। लेकिन पता नही चला। पूर्व में एक लडके से बातचीत करती थी जिसको लेकर उसकी मां ने डाट-डपट की थी। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस छान बीन में जुट गयी है।

### एक सप्ताह में जन्म-मृत्यु के 64 आवेदन जमा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय में इन दिनों जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदकों की भीड़ जुट रही है। पिछले एक सप्ताह के दौरान करीब 64 से अधिक आवेदन प्रखंड में जमा हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार 17 से 22 नवंबर तक कुल 52 जन्म और 12 मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन जमा हुए हैं। 20 नवंबर को जन्म प्रमाण पत्र के लिए सबसे अधिक 16 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 19 और 21 नवंबर को चार चार आवेदन जमा किए गए। 22 नवंबर को दोपहर तक तीन जन्म और 1 मृत्यु का आवेदन जमा हुआ। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों का आवश्यक जांच कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

### बैठक में सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने का मुद्दा उठा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के शिकारपुर पंचायत कार्यालय में शनिवार को मुखिया राहुल जायसवाल की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी वार्ड सदस्य, पंचायत स्तरीय कर्मी, स्वच्छता मित्र व अनुरक्षक शामिल हुए। बैठक के दौरान मुखिया श्री जायसवाल ने पंचायत में चल रही विकास योजनाओं पर चर्चा किया। वही स्वच्छता, पेंशन, अनुरक्षक एवं स्वच्छता मित्रों के मानदेय भुगतान को लेकर भी चर्चा हुई। वहीं कई वार्ड सदस्यों ने वार्ड में स्ट्रीट सोलर लाइट खराब होने की समस्या को प्रमुखता से रखा। जिसपर मुखिया ने उसे ठीक कराने का आश्वासन दिया। मुखिया ने स्वच्छताकमीयी से नियमित कचरा उठाने तथा सभी वार्ड सदस्यों से अनुरक्षकों के लंबित मानदेय का भुगतान करने को कहा।

# छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह को लेकर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपी छपरा के छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह रोकने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की की शादी को बाल विवाह माना जाता है। शादी के समय कोई भी पक्ष यदि इससे कम उम्र का है तो वह शादी बाल विवाह है। नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया गया कि यदि 18 साल से अधिक उम्र का कोई पुरुष किसी अवयस्क बच्ची से विवाह करता है तो उसके लिए सजा का प्रावधान है। नाटक में दिखाया गया कि वर वधू के माता पिता को मुखिया समझाते हैं, पर वे नहीं मानते हैं। मुखिया थाना को फोन करके पुलिस बुलाते हैं और वर-वधू के माता-पिता को हथकड़ी लगाकर जेल ले जाते हैं।वहीं शिक्षक टुनटुन कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह सामाजिक अपराध है। अगर आगे कोई भी ग्रामीण बाल विवाह करते हैं तो उन्हें जेल जाना पड़ेगा। बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले बिचौलिए, माता पिता, अभिभावक, सगे-संबंधी, बाल विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरु, बैंड-बाजा वाले, हलवाई, टेंट वाले, विवाह भवन मालिक आदि बाल विवाह में भाग लेने वाले बाराती-सराती, गांव समुदाय के सदस्य आदि सभी के लिए सजा का प्रावधान है। इसके तहत दो वर्ष तक के सश्रम कारावास या एक लाख रुपये तक का जुमार्ना अथवा दोनों हो सकता है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक लोकप्रिय राजेश ने कहा कि नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि निकट भविष्य में कोई बाल विवाह होने वाला है तो उन्हें समझाएं। इसकी सूचना मुखिया, शिक्षक को दें और इसके बाद भी ना माने, तो थाना को सूचित करें। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों में अंजली कुमारी, कोमल कुमारी, रोशनी कुमारी, साहिल कुमार, राहुल कुमार, श्वेता कुमारी, छोटी कुमारी शामिल थी।

## 'माता-पिता अनमोल रतन' की प्रस्तुति.....कदर नहीं जिसे मात-पिता की उससे बड़ा नादान नहीं





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे निर्देशित नाटक-'माता-पिता अनमोल रतन' की प्रस्तुति फुलवारीशरीफ, वाल्मी में की गई। नाटक की शुरूआत करण कुमार के स्वरबद्ध गीत- माता-पिता अनमोल रतन है, इनसे बड़ा भगवान नहीं, कदर नहीं जिसे मात-पिता की उससे बड़ा नादान नहीं... से हुई । नाटक में यह बताने की कोशिश की गई की विधवा मां दूसरे के घर में बर्तन मांजकर अपने तीन बेटों का परिवेश करती है। उसका बड़ा लड़का पढ़-लिखकर आईएएस ऑफसर बनता है। उसकी पोस्टिंग एक शहर में होती है वह बड़े घराने की लड़की से शादी करता है। वह मां को भी साथ रखना चाहता है पर पत्नी उससे कहती है कि यदि मां और भाई को साथ रखोगे तो मैं आपके साथ नहीं रहूंगी। कुछ दिनों के बाद मां बेटा से मिलने शहर आती है पर वह पत्नी के डर से मां से बात तक नहीं करता है। इसके बाद वह गांव लौट रही थी कि रास्ते में उसकी सड़क हादसे में मौत हो जाती है तब बेटा मां से लिपटकर बहुत रोता है इसके लिए अपने आप को अपराधी मानते हुए कहता है की मां मैं आंख रहते हुए भी अंधा हो गया था। इसलिए अब इस दुनिया से आजाद होना चाहता हूं तभी उसकी पत्नी आती है और अपने गुनाह को कबूल करते हुए पति से माफी मांगती है।

## धार्मिक स्कूलों और मस्जिदों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सिंहौली में आज से शुरू

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जामिया अरबिया दार-ए-इस्लाम, सिंहौली (बसैठा, चांदपुरा, मधुबनी) में धार्मिक स्कूलों और मस्जिदों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू हो गया. इमारत ए शरिया, बिहारझओडिशाझझारखंड के स्कूल विभाग के उप निदेशक एवं प्रभारी मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सना-उल-हुदा कासमी ने बताया कि यह शिविर बुनियादी धार्मिक और नैतिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है. उन्होंने कहा कि इमारत ए शरिया पिछड़े इलाकों में अब तक सौ से अधिक स्कूल खोल चुकी है, जहाँ प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को धार्मिक और नैतिक आधार प्रदान कर रहे हैं. हर साल शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है जिसमें शिक्षण पद्धति, बच्चों के मनोविज्ञान और आधुनिक तरीकों से पढ़ाने पर विशेष सत्र लिये जाते हैं. इस वर्ष के शिविर में बिहार के अनुभवी कला शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रशिक्षण देंगे. मुफ्ती सना-उल-हुदा कासमी के अनुसार अंतिम सत्र में इमारत ए शरिया के नाज़िम और अध्यक्ष मुफ्ती मुहम्मद सईद-उर-रहमान कासमी भी शामिल होंगे. उन्होंने आमंत्रित शिक्षकों से अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण से लाभ उठाने की अपील की.उन्होंने प्रतिभागियों से सर्द मौसम को देखते हुए आवश्यक गर्म कपड़े साथ लाने की सलाह दी.

## योजना का प्राक्कलन बोर्ड लगाकर निर्माण कार्य करने का सख्त निर्देश

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डो में बिना प्राक्कलन बोर्ड लगाए बगैर ही विभिन्न योजनाओं के कार्य कराए जा रहे है. कार्य स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड नही लगाये जाने की सूचना पर नप के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी विग्नेश टीए ने परिषद के संवेदक व कनीय अभियंता को सख्त निर्देश दिया है कि कार्य स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड लगाकर ही कार्य शुरू करें. नही तो संवेदक व कनीय अभियंता के विरूद्ध सख्त कारवाई किया जायेगा. उन्होंने परिषद के सभी संवेदकों व कनीय अभियंता को सख्त निर्देश दिया है कि कार्य स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड लगाए कार्य शुरू करें नही तो उनके विरूद्ध सख्त कारवाई किया जायेगा. बताया जाता है कि संवेदकों द्वारा कार्य स्थल पर प्राक्कलन से संबंधित बोर्ड नहीं लगाए जाने की वजह से लोगों को कार्य की पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाती है.

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का व्यापक गृह संपर्क अभियान शुरू



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में व्यापक गृह संपर्क अभियान शनिवार से आरंभ हुआ। यह व्यापक अभियान 22 दिसंबर तक चलेगा। यह अभियान सम्पूर्ण देश में चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत स्वयंसेवकों की टोली मंडल स्तर के सभी गांवों के प्रत्येक घरों व परिवारों तक पहुंच कर उनको आरएसएस के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ पत्रक और वर्णिका उपलब्ध करा रहे हैं। स्वयंसेवकों की टोली में ओंकार कुमार उर्फ कुमार सानू, संतोष कुमार, प्रवीण बाजपेई, मिंटू कुमार सहित अन्य शामिल रहे। संघ के प्रखंड कार्यवाह अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि व्यापक गृह संपर्क अभियान के तहत संघ के कार्यकर्त्ता प्रखंड के सभी 99 गांवों में घर-घर जाकर स्थानीय निवासियों को संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों एवं सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। साथ ही वे प्रत्येक परिवार से समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए स्वेच्छा से किसी न किसी सेवा या जन-जागरण कार्य से जुड़ने की अपील भी कर रहे हैं। बताया कि अभियान के दौरान हर व्यक्ति और परिवार को संघ द्वारा प्रस्तावित ह्यपंच परिवर्तनह्ल को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पंच परिवर्तन का लक्ष्य व्यक्ति, परिवार, समाज, पर्यावरण और राष्ट्र इन पांचों के समग्र विकास की दिशा तय करना है।

## ईव एंडोस्कोपी 2025 पटलीपुत्र का सफल समापन, देशभर के विशेषज्ञों ने साझा किया अनुभव





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में स्त्री-रोग एंडोस्कोपी पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ईव एंडोस्कोपी 2025 पटलीपुत्र का आयोजन 22झ23 नवम्बर को भव्य रूप से किया गया.सम्मेलन का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध सूक्ष्म-छिद्र शल्य विशेषज्ञ एवं 'आइकन ऑफ गायनेकोलॉजी' के रूप में विख्यात डॉ. प्रकाश त्रिवेदी का प्रेरक सत्र रहा, जिसमें उन्होंने 'शून्य से पुण्य तक-आओ बनाएँ अपना भविष्य' विषय पर व्याख्यान दिया. पहले दिन आयोजित कार्यशालाओं में फाइब्रॉइड, एडेनोमायोसिस, एंडोमेट्रियोसिस सहित कई जटिल प्रक्रियाओं का अभ्यास वरिष्ठ विशेषज्ञों-डॉ. अरुणा टंटिया, डॉ. माला राज, डॉ. मंजुला अग्नानी और डॉ. मुक्ता अग्रवाल-द्वारा कराया गया. शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रिभोज के साथ पहला दिन संपन्न हुआ. दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्र, स्वतंत्र शोध-पत्र प्रस्तुति और वीडियो प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों-डॉ. कल्याण बर्माड़े, डॉ. शैलेश पंटांबेकर और डॉ. मंजुला अग्नानी—ने स्त्री-रोग एंडोस्कोपी की नई दिशाओं पर अपने विचार रखे. प्रशिक्षु चिकित्सकों एवं सर्जनों ने वरिष्ठ विशेषज्ञों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की, जिससे उनकी शल्य कौशल क्षमता और मजबूत हुई. उद्घाटन सत्र का शुभारंभ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना के कार्यकारी निदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल तथा आयोजन अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनीता सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया. इस अवसर पर देशभर से आए विशिष्ट विशेषज्ञों-डॉ. सुधा टंडन, डॉ. पूनम प्रसाद भदानी, डॉ. संगम झा और डॉ. मोनिका अनंत-की उपस्थिति रही. सम्मानित अतिथियों डॉ. कल्याण बर्माड़े और डॉ. रेखा कुरियन ने स्त्री-रोग एंडोस्कोपी की नई दिशा और सुरक्षा पर महत्वपूर्ण विचार रखे. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना के निदेशक ने कहा कि 'ईव एंडोस्कोपी 2025 पटलीपुत्र' स्त्री-रोग एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण, शोध, नवाचार और महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा.भारतीय स्त्री-रोग एंडोस्कोपिस्ट्स संघ तथा प्रसूति एवं स्त्री-रोग विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य स्त्री-रोग एंडोस्कोपी में नई तकनीकों, सुरक्षित शल्य-प्रक्रियाओं, शोध एवं प्रशिक्षण को मजबूत बनाना था. समापन समारोह में आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनीता सिंह ने सभी प्रतिभागियों, वैज्ञानिक समितियों, सहयोगियों और प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया. आयोजन सचिव डॉ. मुक्ता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया. अंतिम सत्र में विभिन्न समितियों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया. संयुक्त सचिव डॉ. संगम झा तथा कोषाध्यक्ष डॉ. मोनिका अनंत ने सम्मेलन को अभूतपूर्व सफल बताते हुए कहा कि इससे स्त्री-रोग एंडोस्कोपी के क्षेत्र में पूर्वी भारत को नई दिशा मिलेगी.

## कोटवा में 16 हजार जीविका से जुड़ी महिलाओं के खाते में गई 16 करोड़ रुपये

**2 हजार आवेदन की स्वीकृति शीघ्र**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के जीविका दीदियों के प्रति सरकार की योजनाएं लगातार काम कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रखंड क्षेत्र के 16000 जीविका दीदियों के बीच 16 करोड़ की राशि वितरित की गई है। सरकार की योजना के तहत अबतक 16 हजार जीविका दीदियों को 10-10 हजार की राशि दी गई है। इस दौरान जो आंकड़े प्राप्त हुए है उसके मुताबिक 1200 वैसी जीविका दीदिया है जिनकी राशि स्वीकृत है पर उनके बैंक खातों में समस्या है जिसको लेकर पैसा नहीं पहुंच रहा है। विभागीय स्तर पर इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे है, लाभुकों को भी केवाईसी आदि को अपडेट करने और बैंक से संपर्क करने को कहा जा रहा है। बताया गया है कि प्रखंड के 16 पंचायत में जीविका का 2163 समूह कार्यरत है , जिसमें 23 हजार 9 सौ 32 सदस्य है। इसके अलावे दो हजार से अधिक जीविका दीदी का आवेदन फर्म स्वीकृति के प्रक्रिया में है, उसमें भी लगभग आधे का लगभग प्रक्रिया पूरा कर लिया गया है। वही अन्य आवेदक के कागजातों का अवलोकन कर उसे भी स्वीकृति हेतु प्रस्तावित कर दिया जायेगा। इस बाबत जीविका के एलएचएस मौसम राज ने बताया कि विभागीय स्तर पर कार्यों को संपादित करने में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है,उच्चस्तरीय निर्देश का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

## मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज में गन्ना पेराई सत्र शुरू

**मिल में रौनक, 60 लाख क्विंटल पेराई का लक्ष्य**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लंबे इंतजार के बाद मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज में रविवार अहले सुबह से 2025-26 का गन्ना पेराई सत्र शुरू हो गया। मिल परिसर में गन्ना आवक बढ़ने लगी है और किसान उत्साह के साथ गन्ना आपूर्ति कर रहे हैं। चीफ केन मैनेजर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी गन्ना खरीद पूर्व निर्धारित दर पर ही की जाएगी, जिससे किसानों में संतोष है। मशीनों की टेस्टिंग और तकनीकी तैयारियाँ पूरी होने के बाद पेराई सुचारू रूप से शुरू कर दी गई है।सीजीएम उदयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष मिल ने 60 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने किसानों से निर्धारित समय पर गन्ना आपूर्ति करने की अपील की, ताकि पेराई प्रक्रिया बाधित न हो।

## चिरैया पुलिस की चुलाई शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1000 लीटर किया नष्ट



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के लालबेगिया गांव स्थित सिकरहना नदी तट पर पुलिस ने रविवार को मध्य निषेध अभियान के तहत बड़ी छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान करीब 1000 लीटर चुलाई शराब की पास तथा पांच अवैध भट्ठियों को पुलिस टीम ने नष्ट कर दिया। कार्रवाई के चलते अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि नदी तट पर बड़े पैमाने पर अवैध चुलाई शराब बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां अवैध शराब बनाने की प्रक्रिया जारी थी। पुलिस ने सभी उपकरण, शराब तथा भट्ठियों को नष्ट कर दिया।थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मध्य निषेध कानून का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द ही ऐसे अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की जाएगी।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की कार लकी ड्रा में पायल कुमारी विजेता बनीं

**झारखंड निवासी पायल पटना में रहकर करती हैं पढ़ाई**




**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक कार लकी ड्रा महोत्सव में इस वर्ष का मुख्य पुरस्कार पायल कुमारी के नाम रहा। पायल कुमारी मूल रूप से भीमकुंड, झारखंड की रहने वाली हैं और वर्तमान में पटना में रहकर पढ़ाई करती हैं। उनका नाम निकलते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। फुलवारी शरीफ के हारून नगर के सामने स्थित किसना डायमंड ज्वेलरी मेगा शॉप में जब पायल कुमारी का नाम बच्चे द्वारा निकाला गया, उस समय वे मौजूद नहीं थीं। इसके बाद आयोजकों ने उन्हें फोन कर विजेता बनने की जानकारी दी और बुलाया। पायल कुमारी ने बताया कि वे पटना के भूतनाथ रोड में रहती हैं और दुकान पहुँचने पर उन्हें कार की चाबी सभी औपचारिकताओं के साथ सौंप दी गई। प्रथम पुरस्कार लक्जरी कार जीतकर पायल ने कहा कि उन्हें अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है। उन्होंने किसना डायमंड ज्वेलरी और आयोजकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान किसना कंपनी के वक्ताओं ने बताया कि हर वर्ष लकी ड्रा के माध्यम से ग्राहकों को कार और स्कूटी जैसे बड़े उपहार दिए जाते हैं। पिछले वर्ष 104 स्कूटी वितरित की गई थीं और इस वर्ष 200 से अधिक कार तथा 1000 स्कूटी वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी के अनुसार, ग्राहकों का विश्वास ही किसना की सबसे बड़ी ताकत है और इसी भरोसे ने ब्रांड को देशभर में तेजी से आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी मालिक शेष कुमार, अनिकेत राज, आदित्य राज, क्लस्टर हेड विवेक सिंह और शोरूम प्रबंधक जयंत पाठक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कंपनी ने स्वच्छ भारत-किसना डायमंड मैराथन की घोषणा भी की, जो 28 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। इसमें लोगों से परिवार सहित शामिल होकर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में किसना टीम ने सभी विजेताओं को बधाई दी और पायल कुमारी को मुख्य पुरस्कार मिलने पर विशेष सम्मान प्रदान किया।

CMYK

# मंत्री बनने के बाद प्रमोद चंद्रवंशी का जोरदार स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद पहली बार जहानाबाद पहुंचे भाजपा के एमएलसी प्रमोद चंद्रवंशी का जिले में जोरदार स्वागत किया गया। उनके स्वागत को लेकर समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। कई स्थानों पर लोग घंटों तक सड़क किनारे खड़े होकर मंत्री के आगमन का इंतजार करते दिखे। इस दौरान पूरे जिले में जगह- जगह समारोह जैसा माहौल बन गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि वे मंत्री सिर्फ किसी एक क्षेत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए बने हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों और सरकार के बीच अब कोई बिचौलिया नहीं रहेगा। यदि कोई बिचौलिया दखल देने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार बनते ही विभागों का कार्यभार बांट दिया गया है और सभी मंत्री अपने-अपने विभागों में सक्रिय रूप से काम में जुट गए हैं। चंद्रवंशी ने बताया कि जहानाबाद उनके लिए एक "धड़कन" की तरह है और जिले के विकास के लिए वे प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेंगे।किसानों को आश्वस्त करते हुए मंत्री ने कहा कि खाद, बीज और अनाज के वितरण में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने दी जाएगी। किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की दिशा में हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गृह जिले में मंत्री के आगमन और भव्य स्वागत से स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अभिनंदन समारोह के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। इस दौरान घोसी विधायक ऋतुराज कुमार, अरवल विधायक मनोज शर्मा, कुर्था विधायक पप्पू वर्मा, जहानाबाद जिले के भाजपा अध्यक्ष धीरज कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे।

# शैक्षिक परिभ्रमण पर गये डीएलएड प्रशिक्षु राजगीर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गयाजी में डी.एल.एड. सत्र 2024–26 के प्रशिक्षुओं के लिए एक दिवसीय शैक्षिक परिभ्रमण यात्रा का सफल आयोजन किया गया। यह परिभ्रमण शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समृद्ध करने तथा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहरों की समझ विकसित करने हेतु आयोजित किया गया था। परिभ्रमण दल को संस्थान के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला द्वारा प्रातः 6:30 बजे चार बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कुल 150 प्रशिक्षुओं, संकाय सदस्यों एवं कर्मियों ने इस परिभ्रमण में शामिल होकर भरपूर आनंद उठाया। शैक्षिक परिभ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों तथा खेल शिक्षा की आधुनिक अवधारणाओं से प्रत्यक्ष परिचित कराना था। पहले चरण में परिभ्रमण दल ने शांति स्तूप, राजगीर का भ्रमण किया। पूरा परिभ्रमण दल रोपवे के जरिए स्तूप तक पहुंचा जिससे यात्रा और भी मनोरंजक और रोमांचक हो गई। वहां के शांत और आध्यात्मिक वातावरण, आकर्षक सफेद वास्तुकला उनके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। प्रशिक्षुओं ने पहाड़ी की चोटी पर स्थित स्तूप के आसपास के परिदृश्य का मनमोहक मनोरम दृश्य का भरपूर लुफ्त उठाया। शांति स्तूप के शांत वातावरण और बौद्ध स्थापत्य कला ने प्रशिक्षुओं को शांति, करुणा एवं बौद्ध दर्शन से परिचित कराया। इसके पश्चात परिभ्रमण में प्रशिक्षुओं ने बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राजगीर का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें आधुनिक खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण मॉड्यूल, फिटनेस विज्ञान तथा खेल–शिक्षा प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षुओं ने खेल आधारित शिक्षा और टीमवर्क के महत्व को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने राजगीर में अवस्थित विरायतन का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने जैन दर्शन, अहिंसा, सेवा और नैतिक शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विचारों का अवलोकन किया। शैक्षिक परिभ्रमण का अंतिम पड़ाव प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का खण्डहर रहा. प्रशिक्षुओं ने इस विश्व प्रसिद्ध प्राचीन विश्वविद्यालय के विहारों, अध्ययन पद्धतियों, शोध परंपराओं और शिक्षा के ऐतिहासिक स्वरूप का गहन निरीक्षण किया। इस स्थल ने प्रशिक्षुओं को भारतीय ज्ञान परंपरा और वैश्विक शिक्षा इतिहास की गहरी समझ प्रदान की। शैक्षिक परिभ्रमण से प्रशिक्षुओं में न केवल ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और खेल–शिक्षा संबंधी ज्ञान का विस्तार हुआ, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, अवलोकन कौशल, टीमवर्क, अनुशासन और मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित हुई। प्रशिक्षुओं ने अनुभव किया कि भ्रमण आधारित शिक्षा सीखने की प्रक्रिया को अधिक जीवंत, रोचक और अर्थपूर्ण बनाती है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने इस परिभ्रमण की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अनुभव प्रशिक्षुओं को कक्षा शिक्षण के लिए अधिक सक्षम और समग्र बनाते हैं, साथ ही यह शिक्षण–अधिगम के सबसे प्रभावी, जीवंत और समृद्ध माध्यमों में से एक है। यह प्रशिक्षुओं के मानसिक, सामाजिक और व्यावसायिक विकास में अमूल्य योगदान देता है। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों और प्रशिक्षुओं को सफल आयोजन हेतु बधाई दी। इस पूरे परिभ्रमण का सफल संचालन एवं समन्वय व्याख्याता बरुन कुमार ने किया। परिभ्रमण दल में व्याख्याता निधि नैनम, चन्द्रशेखर कुमार, रोहित कुमार, एकता कनौजिया, वन्दना कुमारी, रीना कुमारी, संजीत कुमार, ह्यूमा से डॉ अमित रत्न द्विवेदी, वर्षा कुमारी, मंसूर अंसारी, एडमिन प्रीतम कुमार, रामकृष्ण मूर्ति और राहुल कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### बिहार पेंशनर समाज की कमिटी गठित

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल मोड़ के समीप लौह पुरुष पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय के सभाकक्ष में प्रखंड स्तरीय कमिटी गठन को लेकर बैठक की गई। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में परिखा सिंह उपस्थित थे। पर्यवेक्षक के समक्ष बिहार पेंशनर समाज के क्रिया कलाप के बारे मे विस्तार से चर्चा कि गयी। जिसमें सर्व सम्मत से रिटायर्ड हेडमास्टर जगदानंद लाल कर्ण को अध्यक्ष, सुरेश प्रसाद सिंह को सचिव, एकरामुल हक व कुलदीप चौधरी को संयुक्त सचिव, हृदयानंद सिंह व परशुराम शर्मा को उपाध्यक्ष, रामजीत प्रसाद को कोषाध्यक्ष सहित कैलाश प्रसाद, जयराम प्रसाद, रामबचन राम, शिवदेयाल चौधरी, धनेश्वर प्रसाद, कामेश्वर सिंह, मधेश्वर प्रसाद व अंबिका सिंह को सदस्य बनाया गया है। चुनाव संपन्न होने के उपरांत अध्यक्ष जगदानंद लाल कर्ण व सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने तमाम पेंशनर समाज के सदस्यों के बीच कहा आप सबों ने पुनः कंधे पर जिम्मेदारी सौंपी है प्रयास होगा कि पेंशनरों कि समस्याओं को मजबूती के साथ कहीं भी रखुंगा। उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह, संयुक्त सचिव रिटायर्ड हेडमास्टर कुलदीप चौधरी ने कहा पेंशनर समाज संगठन हमेशा पेंशनरों के हित में कार्य करते रहा है। जिसका फायदा सभी पेंशनरों को मिलता रहा है।

### छक्कन बिगहा में नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**औरंगाबाद।** बारण प्रखंड के छक्कन बिगहा स्थित वार्ड सं-10 में करीब 90 घर है। गांव की सड़क एवं नाली की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिट्टी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो गया है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क। देखने में सड़क की स्थिति खेत जैसी लगती है। नागरिक यदुनंदन सिंह, तपेश्वर सिंह, रामकेश्वर सिंह ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन 100 से अधिक परिवार के लोग आवागमन करते हैं। संपर्क पथों को जोड़ने वाली यह सड़क अब गड्ढों और कीचड़ से भर चुकी है। सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलते समय जमीन पर पैर रखने के लिए जगह तलाशते नजर आते हैं। खासकर स्कूली बच्चों और महिलाओं को इस सड़क से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्ड सं-100 के पार्षद सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के लापरवाही के कारण सड़क की यह स्थिति है। बताया कि नगर पंचायत के वार्ड सं-10 के छक्कन बिगहा में रामजी सिंह के घर के नल-जल टंकी से वीरेंद्र यादव के घर तक ढकन युक्त आरसीसी नाली एवं पीसीसी पथ का निर्माण नहीं हो पाया है।

### प्राथमिक विद्यालय दशवतखांप की स्थिति बदहाल

**औरंगाबाद।** जिले के सरकारी विद्यालयों का हाल बेहाल है। कमरों की स्थिति जर्जर है परंतु विभाग का ध्यान नहीं है। स्थिति यह है कि भवन के अभाव में छात्र-छात्राएं किसी तरह बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मदनपुर प्रखंड के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय दशवतखांप छत जर्जर है। वर्षा के दिनों में छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। जिसके कारण छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। विद्यालय का छत कब गिर जाए कहां नहीं जा सकता। विद्यालय में पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। दो कमरों में विद्यालय संचालित है। ग्रामीणों ने बताया कि 40 वर्ष पहले भवन निर्माण हुआ था जो अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है। भवन के अभाव में एक कमरे में वर्ग प्रथम व द्वितीय एवं दूसरे कमरे में तीन से पांच वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जाती है। बता दें कि जिस कमरे में छात्र-छात्रा बैठकर पढ़ते हैं उसी में कार्यालय है। इसी कमरे में मध्याह्न भोजन के चावल, बर्तन एवं किताब रखे हैं। बरामदा में रसोइयां मध्याह्न भोजन बनाती है। विद्यालय में शौचालय नहीं है। चाहरदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है। सरकार द्वारा बच्चों को खेलने के लिए उपलब्ध कराई गई खेल सामग्री बेकार हो रही है। विद्यालय में बच्चों को बैठने के लिए टेबल नहीं है। वर्ष 1953 से संचालित विद्यालय में भवन का अभाव है। बता दें कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षक हैं। वर्तमान में नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या 56 है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय की मरम्मत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है परंतु अबतक कोई पहल नहीं की गई है।

### जान जोखिम में डालकर सोननगर रेल ट्रैक कर विद्यालय जाते हैं बच्चे

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण प्रखंड के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं रेल ट्रैक पार कर विद्यालय जाने को मजबूर हैं। प्रतिदिन छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर विद्यालय जाते हैं। यहां अंडरब्रिज नहीं होने के कारण उन्हें रेल ट्रैक पार होना पड़ता है। बता दें कि मध्य विद्यालय सोननगर के बच्चों की संख्या अधिक है। उच्च विद्यालय एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं भी इसी रास्ते आवागमन करने को विवश है। सोन नदी किनारे है जिस कारण बालू लदे वाहन अधिक पार होते हैं। वाहनों के भय एवं संकीर्ण रास्ता होने के कारण छात्र-छात्राएं रेल ट्रैक पार कर विद्यालय जाते हैं। यहां तक की अंडरब्रिज के समीप पास की समस्या गंभीर है। रास्ते में बरसात के मौसम में जलजमाव बना रहता है। राहगीरों के साथ स्कूली बच्चों को विद्यालय जाने में समस्या झेलनी पड़ती है। इस समस्या से निजाम के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर अबतक कुछ नहीं किया गया। यह व्यस्ततम रेल ट्रैक है जिस कारण तेज रफ्तार से ट्रेनों की आवाजाही होती रहती है। बच्चों को विद्यालय जाने के लिए दो तीन किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है जिस कारण वे रेल ट्रैक पार कर विद्यालय जाते हैं। अंडरब्रिज से संबंधित शिकायत ग्रामीणों ने रेल अधिकारियों से की है परंतु किसी ने नहीं सुना। रेल यात्री संघ के अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने वर्षा पहले आश्वासन दिया था कि अंडरपास का निर्माण कराया जाएगा। वर्षो बीत गए परंतु इस दिशा में अबतक कोई पहल नहीं की गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस मसले को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया है परंतु अबतक इस दिशा में कोई खास पहल नहीं की गई है।

# बैट्री चोरी मामले में कबाड़ी दुकानदार गिरफ्तार, चार किशोर निरूद्ध



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव पुलिस द्वारा ट्रैक्टर से बैट्री चोरी मामले में एक कबाड़ी वाले को गिरफ्तार किया है तथा चार विधि विरुद्ध किशोरों को निरूद्ध किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान नगर थाना क्षेत्र के शहीद नगर निवासी श्रवण कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक 15 नवंबर की रात तिलौता बिगहा में ट्रैक्टर से चार बैट्री अज्ञात चोरों ने रात की अंधेरे में चुरा लिए थे। घटना को लेकर ट्रैक्टर मालिक द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। कांड की गंभीरता के आधार पर मामले में छानबीन की गई जिसमें चारों विधि विरुद्ध किशोरों को निरूद्ध किया गया। पूछताछ में किशोरों ने बताया कि चोरी की बैट्री कबाड़ी वाले श्रवण को बेचा है। मामले की तहकीकात में चोरी की बैट्री श्रवण के पास से बरामद किया गया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि अलग-अलग ट्रैक्टर से चार बैट्री चोरी मामले में एक कबाड़ी वाले को गिरफ्तार किया गया है जिसने विधि विरुद्ध किशोरों से औने-पौने दामों में बैट्री खरीद रखा था। मामले में आवश्यक कार्रवाई के आरोपी को जेल भेज दिया गया। जबकि विधि विरुद्ध किशोरों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# गैस टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के घटराइन हाई स्कूल के समीप एनएच-19 पर रविवार को एक गैस टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा जख्मी युवकों का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जख्मी युवकों की पहचान बनियां पंचायत के मंगरावां टोले महादलित बस्ती निवासी देवराज मांझी के पुत्र श्रवण कुमार एवं दीपक कुमार के रूप में हुई है। वे दोनों अपने सगे भाई हैं। बताया जाता है कि वे दोनों युवक बाइक से जम्होर थाना क्षेत्र के मोरडिहरी जा रहे थे। चिकित्सक ने बताया श्रवण कुमार को सिर में गंभीर चोटे आई है और आठ टांके लगाए गए हैं। स्थिति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जख्मी श्रवण कुमार के मां पनवां देवी ने बताया श्रवण बाइक से अपना ससुराल जम्होर थाना क्षेत्र के मोरडीहरी जा रहा था। इसी क्रम में हादसा हो गई।

# जहानाबाद जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक संपन्न




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों यथा बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, गोप गुट मूल, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ, बिहार स्टेट टीचर एसोसिएशन गोपगुट की बैठक राम उदय कुमार की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के संघ पदधारक एवं शिक्षक नेता मौजूद रहे। बैठक में सभी शिक्षक संघ के नेताओं ने जिले में कार्यरत शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं पर शिक्षा विभाग और राज्य सरकार के नजर अंदाजी पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि छह महीने से सेवा पुस्तिका कार्यालय में लंबित रखना, सभी प्रकार के एरियर का भुगतान करने, प्रधान शिक्षकों का वेतन भुगतान करने, बीपीससी से नियुक्त शिक्षकों को निर्धारित दर पर आवास भत्ता भुगतान करने, सेवानिवृत शिक्षकों का सेवांत लाभ समय पर देने, शिक्षकों का एचआरएमएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने, कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार नहीं रोकने तथा उनके द्वारा मनमानी किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया गया।

इस दौरान शिक्षक नेताओं ने बताया कि शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव द्वारा सभी शिक्षकों का ससमय वेतन भुगतान करने, सभी प्रकार के बकाया वेतन भुगतान करने एवं सभी प्रकार के समस्या का निदान करने के स्पष्ट आदेश विभाग को पहले ही दिए जा चुके हैं इसके बावजूद भी जिला में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मनमानी जारी है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि शिक्षक संघ के द्वारा समस्या निदान करने हेतु कई बार पत्राचार करने तथा शिक्षक संघ के नेताओं द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर समस्या निदान करने हेतु आग्रह करने के बावजूद भी जिला शिक्षा पदाधिकारी शिक्षकों की समस्याओं को अनसुना और नजरअंदाज़ करते हुए आज तक मनमानी करते आ रही हैं। इस दौरान कई शिक्षकों ने बताया कि निरीक्षण के नाम पर शिक्षा में सुधार के बजाय शिक्षकों को निलंबन सहित आर्थिक दोहन किया जाता है। बैठक के दौरान शिक्षक संघ के नेताओं ने शिक्षकों की समस्या निदान हेतु सभी शिक्षक संगठनों को गोलबंद कर शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा का निर्माण करते हुए जिले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मनमानी और अड़ियल रवैया के विरुद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया। शिक्षक नेता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आंदोलन को धारदार बनाने हेतु अगली बैठक 30 नवंबर को 12:00 बजे से यदुनंदन महतो दांगी छात्रावास होलीगंज जहानाबाद में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

## ज्योतबा फुले की पुण्यतिथि पर गोष्ठी 30 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के बसस्टैंड के समीप का.रामशरण यादव पुस्तकालय भवन के सभाकक्ष में महान क्रांतिकारी विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले के पुण्यतिथि पर 30 नवंबर को गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में ज्योतिबा फुले, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन विषय पर परिचर्चा होगी। इसकी जानकारी प्रगति शील लेखक संघ औरंगाबाद के सत्येंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि परिचर्चा में मुख्य वक्ता शिक्षा शास्त्री नवेंदू प्रियदर्शी होगें। गोष्ठी में दर्जनों प्रगति शील विचार रखने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

# अतिक्रमण से शहर परेशान, नहीं हो रही कोई कार्रवाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अतिक्रमण के कारण शहर की सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। फुटपाथों पर अवैध कब्जे के कारण बाजारों में जाम की समस्या विकराल हो गई है। नागरिकों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रमेश चौक, कचहरी रोड, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार, बाइपास से लेकर रामाबांध तक सड़क किनारे की जमीन पर अवैध कब्जा हो गया है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। अतिक्रमण के कारण नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है और मरीजों की जान भी खतरे में पड़ रही है। सदर अस्पताल से गंभीर मरीजों को ले जाने वाले एंबुलेंस प्रतिदिन जाम में फंस जाती है जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इधर अतिक्रमण के कारण सुबह से ही जाम की समस्या शुरू हो जाती है। शहर में अतिक्रमण की समस्या अब लाइलाज बन चुकी है। अधिकारी इसे सुधरने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ रहा है। पहले रमेश चौक से अदरी नदी तक अतिक्रमण का दायरा था परंतु अब यह ओवरब्रिज तक फैल चुका है। जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए फुटपाथों पर भी दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। फुटपाथ के अलावा सड़क के चारों ओर भी ठेला दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इधर नागरिकों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। रमेश चौक से नगर थाना तक लगने वाली जाम से नागरिक परेशान रहते हैं। बराटपुर के कुंदन सिंह, प्रदीप सिंह ने बताया कि रमेश चौक से नगर थाना तक पहुंचने में 20 मिनट से अधिक का समय लग रहा है जबकि दूरी मात्र एक किमी है। बाइक से यात्रा करना भी मुश्किल हो गया है। जाम से निकलने में बाइक को 10 से 15 मिनट और कार को 20 से 25 मिनट लगते हैं। इतना होने के बावजूद भी यातायात पुलिस व नगर परिषद के अधिकारी चैन की नींद सोए हैं।

# सधान बिगहा गांव जाने वाली सड़क बदहाल, बढ़ी परेशानी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा प्रखंड के पड़रिया टोला से सधान बिगहा गांव जाने वाली सड़क वर्षो से बदहाल है। सड़क आजादी के बाद से आज तक नहीं बन सकी है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण राहुल कुमार, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, हरेंद्र कुमार, रवि कुमार, रितेश कुमार ने बताया कि गांव में पड़रिया की ओर जाने के लिए पक्की सड़क है। सड़क से होकर प्रखंड मुख्यालय जा सकते हैं। बता दें कि गांव से सिमरा बाजार की दूरी लगभग चार से पांच किलोमीटर है। जहां से होकर आसानी से जिला मुख्यालय तक जा सकते हैं। सिमरा बाजार में ही उनकी थाना और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। जहां पहुंचने के लिए पहले पड़रिया गांव जाना पड़ता है। अधिक दूरी तय करते हुए सिमरा बाजार पहुंचना पड़ता है। ऐसे में समय की बर्बादी होती है। साथ ही खर्च भी ज्यादा होता है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि सिमरा से चोरहा गांव तक पक्की सड़क बनी है। चोरहा गांव से उनके गांव की दूरी मात्र दो से ढ़ाई किलोमीटर है। स्थानीय मुखिया के द्वारा गांव से कुछ दूरी तक सड़क बनरा दिया गया है। इसके आगे भरौंधा पंचायत शुरू हो जाता है। अगर चोरहा से डेढ़ किलोमीटर पक्की सड़क बना दिया जाए तो उनका गांव सिमरा से भी पक्की सड़क से जुड़ जाएगा। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला मुख्यालय आने में सुविधा होगी। ऐसी बात नहीं है कि ग्रामीणों ने इसके लिए प्रयास नहीं किया। उक्त सड़क का पक्कीकरण कराए जाने को लेकर कई बार अधिकारियों से मांग की गई है परंतु अबतक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।

# उत्पाद अधीक्षक के आवास पर विजिलेंस की टीम ने मारा छापा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सुमेरा गांव में उस वक्त हड़कम्प मच गया जब विजिलेंस की टीम यहां छापेमारी के लिए पहुंची। विजिलेंस की टीम औरंगाबाद में उत्पाद अधीक्षक के पद पर कार्यरत अनिल कुमार आजाद के पैतृक घर सुमेरा में छापेमारी करने पहुंची थी। मामले की जानकारी देते हुए टेहटा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि रविवार के दिन विजिलेंस की टीम सुमेरा गांव में औरंगाबाद में मध निषेध विभाग में उत्पाद अधीक्षक के पद पर कार्यरत सुमेरा गांव निवासी अनिल कुमार आजाद के घर छापेमारी करने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि घर से विजिलेंस की टीम को क्या कुछ मिला इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वही ग्रामीणों ने बताया कि जब विजिलेंस की टीम अचानक गांव में पहुंची तो पूरे गांव में हड़कम्प मच गया धीरे धीरे गांव वालों को पता चला की अनिल कुमार आजाद के घर ये लोग छापेमारी करने आए हैं। ग्रामीणों ने कहा की वे अपने गांव में नहीं रहते हैं। हालांकि कुछ दिन पूर्व भतीजे की शादी समारोह में वे भाग लेने गांव में आए थे। छापेमारी के बाद गांव के हर नुक्कड़ पर इसी बात को लेकर लोगो मे चर्चा थी के आखिर किस बात के लिए गांव में विजिलेंस की टीम ने छापेमारी किया है?

# मारपीट की घटनाओं में दो लोग गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अलग-अलग घटनाओं में दो अभियुक्तों को फेसर पुलिस द्वारा गिफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के पटोई गांव निवासी सरोज कुमार एवं हरनाही गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को अलग- अलग घटनाओं में गिरफ्तार किया गया है। सरोज कुमार को ऑटो चालक के साथ मारपीट मामले में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, 20 नवंबर को बाइक सवार सरोज और ऑटो चालक के बीच साइड को लेकर विवाद हो गया जिसमें सरोज ने ऑटो चालक के साथ लाठी डंडे से मारपीट की। ऑटो चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस घटना में उसका सिर फट गया। स्थानीय स्तर पर इलाज के उपरांत उसे बेहतर इलाज लिए मगध मेडिकल गयाजी में भर्ती करवाया गया, जहां वह फ़िलहाल इलाजरत है। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आज गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह आपसी विवाद में मारपीट को लेकर धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस पर आरोप है कि भाई को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी हो कर दिया जिसमें भाई को गंभीर चोटे आई है। मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पकड़ा गया। बताया कि आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# पर्यावरण असंतुलन दूर करने के लिए किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 234वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद नगर क्षेत्र के डिफेन्स कॉलोनी स्थित धनन्जय ठाकुर के निजी जमीन में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के सस्वर पाठ एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है। उन्होंने आम जनों का आह्वान करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि कम से कम प्रत्येक वर्ष 10 पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। वृक्षारोपण कार्यक्रम के इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी रंगेश कुमार,जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, श्यामनारायण कुमार, शिशुपाल सिंह,धनन्जय ठाकुर, सुधांशु कुमार पाण्डेय, मुकेश कुमार, गोपी कृष्ण, सोनु कुमार, हिमांशु कुमार, शिव जी बिन्द, खैरा पौधशाला के संचालक उपस्थित थे। जैसा कि ज्ञात हो पौधरोपण कार्यक्रम गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा आज से 5 वर्ष पूर्व 2020 में कोरोना महामारी के बाद जिले के कुछ प्रबुद्ध युवाओं द्वारा शुरू किया गया था। तबसे अनवरत इस अभियान को प्रत्येक रविवार के दिन निःशुल्क चलाया जाता है।

# विधायक आबिदुर रहमान ने जनता से मिलकर जताया आभार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अररिया विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक आबिदुर रहमान ने चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार को क्षेत्र का व्यापक दौरा कर समर्थकों एवं मतदाताओं से मुलाकात की। तीसरी बार विधायक चुने जाने के बाद पहली बार जनता से रूबरू होते हुए उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि "आप सभी का तह-ए-दिल से शुक्रिया, आपका विश्वास ही मेरी असली ताकत है।" नव निर्वाचित विधायक ने हरिया बारा, मुरबल्ला, खरहैय्या बस्ती समेत नगर परिषद क्षेत्र के अधिकांश वार्डों का भ्रमण किया। इस दौरान वे घर-घर पहुंचे, लोगों से आशीर्वाद लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि क्षेत्र की किसी भी समस्या के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि "आपकी हर समस्या मेरी जिम्मेदारी है। बेझिझक फोन कीजिए, आपकी सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा।" जनता के बीच पहुंचे विधायक का विभिन्न समुदायों, जातियों और वर्गों के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। लोगों ने कहा कि राजनीति का असल उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के हित में निष्पक्ष और संवेदनशील होकर काम करना है, और आबिदुर रहमान ने हमेशा इसी भावना के साथ कार्य किया है। स्थानीय नागरिकों ने पुष्पगुच्छ और बुके भेंटकर विधायक को शुभकामनाएं दीं और विकास कार्यों को इसी तरह आगे बढ़ाने की अपील की। विधायक रहमान ने कहा कि अररिया की जनता ने उन्हें जिस विश्वास के साथ तीसरी बार चुना है, वह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा, "मैं आपका प्रतिनिधि ही नहीं, आपका भाई हूं। आपके हर दुख-सुख में साथ खड़ा रहूंगा। सदन से लेकर सड़क तक आपकी आवाज बनकर संघर्ष करता रहूंगा।" उन्होंने क्षेत्र के लोगों की कई समस्याएं भी सुनीं और भरोसा दिलाया कि इनके समाधान के लिए वे विधानसभा में मजबूती से आवाज उठाएंगे। इस मौके पर कौशल वर्मा, अब्दुस्सलाम, मो. सादिक, अनवर आलम, मेहताब आलम, ओवेस भाई, मंजर आलम, तनवीर आलम, मो. खुर्शीद सहित कई समर्थक उनके साथ मौजूद रहे। वहीं विभिन्न गांवों और वार्डों के सुधीर यादव, सुरेश यादव, अरविंद कुमार, प्रशांत कुमार, नजिम दादा, आफताब आलम, मुमताज साहब सहित दर्जनों लोगों ने विधायक का स्वागत किया। नव निर्वाचित विधायक से मिलने का यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

## बरौनी मिलिट्री कैंप में एनसीसी का 16वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** शहर स्थित मिलिट्री कैंप में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) का 16वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं रिपब्लिक डे कैंप का आयोजन जारी है। ओल्ड ट्रांजिट कैंप बरौनी में भागलपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल के निर्देश पर शिविर का शुभारंभ किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत ने गरमजोशी से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर कैडेटों का उत्साह बढ़ाया। कैंप के पांचवें दिन ब्रिगेडियर अरुण उनियाल स्वयं शिविर का निरीक्षण करेंगे। दौरान वे प्रशिक्षण कार्यक्रम, अनुशासन व्यवस्था, गतिविधियों की गुणवत्ता और शिविर संचालन की समग्र समीक्षा करेंगे। कैडेट्स उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर औपचारिक सम्मान भी प्रस्तुत करेंगे। कैंप में शामिल कैडेट्स को चार कंपनियों में विभाजित किया गया है। उनकी दिनचर्या सुबह के शारीरिक व्यायाम से शुरू होकर ड्रिल, परेड, राइफल संचालन, सैन्य इतिहास, मानचित्र पठन, व्यक्तित्व विकास, आपदा प्रबंधन और कई अन्य विषयों की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण कक्षाओं तक विस्तारित रहती है। आगे के दिनों में कैडेट्स के लिए खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और टग ऑफ वॉर जैसी खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर में सेना की कठिन जीवन शैली, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और बलिदान के मूल्यों से भी कैडेट्स को अवगत कराया जाएगा, ताकि उनमें राष्ट्रसेवा की भावना और अनुशासन का स्तर और अधिक मजबूत हो सके। कैंप के दसवें दिन कैडेट्स को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन क्षमता, अनुशासन और चयनित गतिविधियों में वरीयता के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## जॉब जलाशय जंगल से शराब बरामद, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के जॉब जलाशय के घने जंगली क्षेत्र में शराब तस्करों द्वारा छिपाकर रखे गए 400 पाउच शराब को पुलिस बलों ने रविवार को बरामद किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाए जाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई अमित कुमार, एएसआई जयप्रकाश चौधरी एवं एएसआई सत्येद प्रसाद के साथ सशस्त्र बलों के सहयोग से छापेमारी की गई।

# हुलासगंज के कन्हैयागंज में तीन वर्षों से नहीं टपका नल से जल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड के दावथू पंचायत अंतर्गत उत्तीमपुर टोला कन्हैयागंज यानि वार्ड संख्या- 3 में बने नल जल योजना से तीन वर्षों में अधिकांश घरों में नल जल से आपूर्ति कभी नहीं हुई। बताया जाता है कि पिछले तीन माह से जलमीनार पर लगा टंकी भी गायब हो गया। हैरत की बात तो यह है कि इसकी जानकारी न तो विभाग को है और न ही पंचायत के मुखिया को।दावथू पंचायत के वार्ड संख्या तीन में नल जल योजना के तहत जलमीनार हुलासगंज स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में स्थापित किया गया था।इससे वार्ड संख्या तीन के तहत प्रांगकुशनगर एवं कन्हैयागंज जो उतीमपुर का टोला है के लगभग सौ घरों के लोगों के लाभ मिलना था। लेकिन लाभूकों को रती भर भी लाभ इस योजना से नहीं मिल पाया, जबकि आपूर्ति हेतु पाइप बिछाने के क्रम में गलियों की ढलाई तोड़कर ध्वस्त कर दिया गया। अब लोगों को आने-जाने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के निवासी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हुलासगंज बाजार स्थित इस मोहल्ले में भूजल स्तर काफी नीचे है ।सभी घरों के चापाकल मार्च महीने से ही जवाब दे देता है ।इस स्थिति में लोगों को यह उम्मीद जगी थी की नल जल के माध्यम से सभी घरों में पानी पहुंच जाएगा ।लोगों ने ढलाई वाले गलियों को तोड़कर पाइप लगाने में सहयोग भी किया था ,लेकिन घरों तक पानी पहुंचना तो दूर जमीन के अंदर बिछाए गए पाइपों को भी चुहों ने कबाड़ में तब्दील कर दिया है। लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी की लेकिन आज तक ना तो प्रतिनिधि और ना ही कोई अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लिया।



हद तो तब हो गई कि इस योजना के तहत जो टंकी लगाया गया था वह टंकी भी अब गायब हो गया है और इसकी जानकारी किसी को नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा इस इलाके में नलजल योजना से पेयजल आपूर्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से बड़ी राशि ख़र्च किया गया, ट्रांसफार्मर लगाया गया लेकिन सब बेकार हो गया। स्थानीय राजेश कुमार, बालदेव शर्मा, आदि ने बताया कि सात निश्चय के तहत नल जल योजना और फिर लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता को लेकर जो सरकार की सोच थी उसकी हवा निकल गई है। अब न तो पेयजल के लिए पानी उपलब्ध है न ही गिला कचरा,सूखा कचरा की कहीं चर्चा है।

# अंतर प्रमंडल फुटबॉल बालक अंडर-17 खेल प्रतियोगिता संपन्न

## फाइनल के रोमांचित मुकाबले में पूर्णिया ने दरभंगा को हराकर खिताब अपने नाम किया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** शहर के गांधी स्टेडियम मे जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल फुटबल अंडर-17 बालक खेल प्रतियोगिता रविवार को आयोजित किया गया। फुटबल खेल का उद्घाटन उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेलों में भी अब आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। खेल के माध्यम से खिलाड़ी आज रोजगार और सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। जिले और राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और राज्य का परचम लहरा रहे हैं। राष्ट्रीय खेलों में भी बिहार के सैकड़ो खिलाड़ी कड़ी मेहनत के बल पर भाग ले रहे हैं। खिलाड़ी अगर लगन से खेले तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं है। उन्होंने राज्य स्तरीय विद्यालय फुटबल खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभागियों, आयोजन मंडल तथा खेल विभाग को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इससे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ आजीवन आरोग्य रहता है। अगर बच्चों में बचपन काल से ही खिलाड़ियों के गुण का समावेश किया जाय। तो युवा पीढी में भटकाव नही होगा। पहला सेमी फाइनल मैच कोशी बनाम पूर्णिया प्रमंडल के बीच खेला गया। जिसमें कोई भी टीम ने एक भी गोल नहीं किया। मैच का नतीजा ट्राई ब्रेकर में निकला। जहाँ कोशी के खिलाडियों ने 3 गोल किये। वहीं पूर्णिया की टीम ने 4 गोल करके फाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी। दूसरा सेमी फाइनल मैच दरभंगा और भागलपुर के बीच खेला गया। दरभंगा की ओर से मैच का पहला और एक मात्र गोल आयुष कुमार ने कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। आज का फाइनल मुकाबला पूर्णिया बनाम दरभंगा के बीच खेला गया। जिसमे दोनों ही टीम ने एक भी गोल नहीं किया। मैच का नतीजा ट्राई ब्रेकर में निकला जो कि बहुत ही रोमंचित रहा। दोनों ही टीमों को दस-दस पेनाल्टी शूट का मौका मिला जिसमें दरभंगा के खिलाडियों ने 7 गोल किये। वहीं पूर्णिया की टीम ने 8 गोल करके फाइनल को अपने नाम किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के द्वारा प्रतिनियुक्त तकनीकी पदाधिकारी शशि कुमार सुमन का विशेष सहयोग रहा है । इस अवसर पर जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक अरबिन्द कुमार, चिरंजीव ठाकुर, राजेश कुमार रौशन, अरुणव पंकज, दीपक कुमार दीप, शशिकांत, अमन, रौशन आदि मौजूद थे।

# सड़क निर्माण में गड़बड़ी पर ग्रामीणों का हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जोकीहाट प्रखंड के नौआ ननकार से जहानपुर–केसर्रा पार्ट-ए तक बन रही सड़क में कथित गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल अररिया द्वारा करीब 7 करोड़ की लागत से साढ़े पांच किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कराया जा रहा है। काम का जिम्मा हिल कंस्ट्रक्शन जे. भी. को मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर डालने के लिए लाई गई गिट्टी (मेटल) में बड़े पैमाने पर मिट्टी मिलाई जा रही थी। इससे सड़क की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होगी और कुछ ही महीनों में सड़क टूट जाएगी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने साइट पर मौजूद मुंशी से गुणवत्ता सुधार की बात कही तो उसने उल्टा गाँव में काम नहीं करने की धमकी दे दी। इससे आक्रोशित लोगों ने सड़क के किनारे जुटकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से निर्माण में



इस्तेमाल मेटल व बालू की जांच कराने और संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों — जमीर, इस्लाम, सलाम, कैसर, मुश्ताक, जसीम, अजीम, एखलाक, मो. कारे सहित अन्य — ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी राशि का खुला दुरुपयोग हो रहा है।

गौरतलब है कि इस सड़क का शिलान्यास पूर्व विधायक शाहनवाज आलम ने 30 अगस्त को किया था। ग्रामीणों ने कहा कि करोड़ों की लागत से बन रही सड़क में इतनी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# देश में प्रदूषण से कैंसर का विस्फोट, डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोग हैं पीड़ित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** देश में वायु गुणवत्ता के लगातार खराब बने रहने के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि देश में बढ़ते प्रदूषण और आम जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुओं में जहरीली मिलावट के चलते अब आमलोगों को फेफड़े का कैंसर हो रहा है। अमेरिका के वेलस्पन अस्पताल के वरिष्ठ फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ तारकेश्वर तिवारी ने आज यहां कहा कि देश में जल जीवन और रहन सहन में आए प्रदूषण से फेफड़ों सहित हर अंगों का कैंसर विस्फोटक स्तर पर बढ़ा है और लोगों को इलाज हेतु पर्याप्त बुनियादी चिकित्सा तंत्र अभी विकसित



नहीं हुआ है।

आरंभ में ऐसे रोगियों का स्क्रीनिंग तक की सुविधा नहीं है। डॉ तिवारी अमेरिका से बक्सर जिले के सोनबरसा में अपनी माता पिता को देखने आये है और आज बताया कि बक्सर जिले सहित देश में पेयजल भी सुरक्षित नहीं है। पानी में आर्सेनिक का स्तर बढ़ा है उससे दूषित अन्न सब्जी दूध और पर्यावरण भी हुआ है। पानी दूध खाद्य पदार्थ से लेकर दवाएं भी दूषित है और ऊपर से वायु प्रदूषण से सामान्य लोगों को भी फेफड़ों में समस्या आ सकती है। लैंसेट के ई-क्लिनिकल मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित एक हालिया शोध से पता चला है कि भारत में फेफड़े के कैंसर के अधिकांश रोगी धूम्रपान न करने वाले हैं। यह वायु प्रदूषण के बढ़ते संपर्क के कारण है। देश में डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोग फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हैं। डॉ. तिवारी ने बताया, "वैसे तो फेफड़े के कैंसर का कारक सिगरेट, पाइप या सिगार पीना है, मगर धूम्रपान न करने वालों में भी कैंसर के बढ़ते मामले देखने को मिल रहे हैं, जिसके पीछे मुख्य रूप से पैसिव स्मोकिंग, रेडॉन, वायु प्रदूषण, एस्बेस्टस (अभ्रक) और पारिवारिक इतिहास शामिल है। लंबे समय तक पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) के संपर्क में रहने से फेफड़े की कोशिकाओं में परिवर्तन हो सकता है, जिससे अनियंत्रित रूप से कोशिका वृद्धि हो सकती है।" डॉ तिवारी ने बताया, "भारत में वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर फेफड़ों के कैंसर के बढ़ते मामलों का कारण बनता जा रहा है। पीएम 2.5 और जहरीली गैसों जैसे प्रदूषकों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के ऊतकों (टिशू) को नुकसान पहुंचता है जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।" डॉक्टर ने कहा, "धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के कैंसर का सबसे आम प्रकार एडेनोकार्सिनोमा है, जो आमतौर पर फेफड़ों के बाहरी क्षेत्रों में शुरू होता है।"

**खाद्य पदार्थ से लेकर दवा तक दूषित**

डॉ तारकेश्वर तिवारी ने बताया कि देश में शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल नहीं रहा हैं, खाद्य पदार्थो में उर्वरक से लेकर कीटनाशक दवाओं का अंश भारी मात्रा में है, इसके गंभीर दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर हो रहा है। दवाएं भी अब असर इस प्रदूषण में नहीं कर पा रही हैं और कई रोगी तो दवाओं से निष्प्रभावी हो जा रहे हैं। डॉ तिवारी ने बताया कि देश में खासकर बिहार में अभी स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा विकसित नहीं हो पाया है और लोगों के पास लाचारी है कि गंभीर रूप से बीमार लोगों को कहां इलाज कराएं। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों की घोर कमी है और लोगों को बुनियादी स्क्रीनिंग तक की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि रोगों का यदि शुरुआती दौर में पता चल जाय तो चिकित्सकों को इलाज करने में सुविधा होती हैं। डॉ तिवारी ने कहा कि अभी देश कैंसर के इलाज स्क्रीनिंग आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है इससे भी समस्या विकराल हो गई है।

# प्रकृति का अनसुलझा रहस्यः जहानाबाद के दरधा नदी स्थित सोइया घाट पर जलप्रवाह का अनसुलझा रहस्य

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

प्रकृति के कई अनुपम दृश्य अलग- अलग रूपों में देखने को मिलते हैं। इनमें से कुछ तो ऐसे की पर्यटकों को रोमांच से भर देता है वहीं प्रकृति के कुछ ऐसे रहस्य जो लोगों को सोचने पर विवश कर देता है। कुछ ऐसा ही प्राकृतिक नजारा और रोमांच और रहस्यों से भरा एक स्थल है जहानाबाद शहर से होकर गुजर रही दरधा नदी पर स्थित सोइया घाट। यहां प्रकृति के मनोरम दृश्य के साथ कुछ अजीब से रहस्यमयी दृश्य के लिए चर्चित है। यहां के अदभुत नजारा देखने के बाद हर व्यक्ति स्तब्ध रह जाता है। इस स्थान पर धरती के अंदर से सालोंभर पानी निकलते रहता है. हालांकि, आज तक इस पानी के



निकलने का श्रोत का पता किसी को अब तक नहीं चल पाया है। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि जमीन से पानी की निरंतर धारा प्रवाहित होने के कारण ही शायद इस घाट का नाम सोइया घाट पड़ा होगा। आज के वैज्ञानिक युग में भी अधिकतर लोग इस दृश्य को देखकर इसे कुदरत का चमत्कार मानते हैं। वहीं धार्मिक आस्था में रखने वाले लोग इसे भगवान का दिया उपहार समझते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर आज भले ही घाट बनाकर इस स्थान को संरक्षित करने का प्रयास किया गया हो, लेकिन इसकी पौराणिकता और महत्व बहुत ही प्राचीन है। सबसे खास बात यह है कि श्रद्धालुओं द्वारा इस पानी का उपयोग धार्मिक पूजा पाठ के साथ महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रसाद बनाने के लिए भी किया जाता है। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसरों पर श्रद्धालु व्रती इसी स्थल से पानी लेकर छठ का प्रसाद पूरे पवित्रता के साथ बनाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान की चर्चा सुनने के बाद यहां कई भूगर्भ वैज्ञानिक और विद्वान पृथ्वी के भीतर के रहस्य समझने के लिए आए। उनलोगों ने अपने-अपने तौर तरीकों से इसकी जांच की, लेकिन यहां के प्रकृति के रहस्यों का सटीक उद्भेदन करने में अब तक विफल ही रहे हैं। या यूं कहें कि आज तक यहां के रहस्य को कोई अब तकसुलझा नहीं पाए हैं। सोइया घाट के इस जलस्रोत का लाभ स्थानीय लोगों को भरपूर मिलता रहा है। चाहे गर्मी कितनी भी पड़ी हो या अकाल भी आया हो तब भी यहां का जलस्रोत से निरंतर धारा प्रवाहित होते रहती है। यहां आज तक लोगों को 24 घंटे पानी मिलते रहता है। बताया जाता है कि पहले के लोग इस पानी का सदुपयोग कृषि कार्य में भी किया करते थे, लेकिन वर्तमान में यहां कई इमारत बन जाने के चलते अब इस पानी का बहाव नदी में कर दिया गया है। बिना पहाड़ और पठार के बहने वाली यहां की जलधारा को पवित्र मानते हुए इसे ईश्वर का वरदान और असीम कृपा मानते हैं। इसके साथ ही जमीन से पानी निकलने के चलते यहां आस पास के इलाकों में जलस्तर स्थिर रहता है। इन दिनों घाट छोटा तालाब का रूप तो ले लिया, लेकिन इसके महत्व और पौराणिकता के अनुकूल कृति जितनी होनी चाहिए उतना आज नहीं पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दरधा नदी की सफाई के साथ साथ इस स्थल के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता है। स्थानीय लोग के लिए प्रकृति और ईश्वर के वरदान के साथ- साथ यह स्थान चमत्कारी भी है।

पृष्ठ 1 का शेष)

### औरंगाबाद के उत्पाद...

जब्त किया गया है। इसके अलावा अनिल ने एलआइसी, एसबीआइ लाइफ, यूको लाइफ आदि बैंकों में करीब 1,54,65,581 रुपए निवेश किया है। इसके सबूत मिले हैं। इसके अलावा अनिल कुमार आजाद, उनकी पत्नी और परिवार के बैंक अकाउंट में 48 लाख रुपए डिपोजिट का पता चला है। 26 लाख रुपए के ज्वेलरी और 8,60,944 रुपए के ज्वेलरी के रसीद मिले हैं। अनिल के पास तीन लॉकर है। इसकी सूचना मिली है, जिसकी तलाशी की जाएगी। निगरानी की टीम ने पटना के शिवपुरी इलाके में अनिल के आवास पर रेड के दौरान परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। इसके अलावा जहानाबाद के टेहटा थाना क्षेत्र में सुमेरा स्थित अनिल के आवास पर छापेमारी की। बता दें कि अनिल पर आय से 1.58 करोड़ अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। 20 महीने पहले अनिल कुमार आजाद की पोस्टिंग बतौर उत्पाद अधीक्षक औरंगाबाद में हुई थी। बताया जाता है कि 2 महीने बाद ही वो रिटायर होने वाले हैं। इस बीच उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद ने फोन पर बातचीत में कहा कि ये सब स्पिरिट माफियाओं की साजिश है। उनलोगों ने साजिश रचकर निगरानी में शिकायत की है। मेरे ऊपर जो आरोप लगाया गया है, वह गलत और बेबुनियाद है। हम खुद निगरानी की टीम को छापेमारी में सहयोग कर रहे हैं। उत्पाद विभाग में बेहतर काम की बदौलत तीन-तीन मेडल हासिल किया है। बदले की भावना से छापेमारी की गई है। कल भतीजा की शादी थी, बारात से लौट कर पटना पहुंचा हूं। इसके बाद छापेमारी टीम पहुंची। जांच में मैं सहयोग कर रहा हूं।

### मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एमएलए...

अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत हो रही है। अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ का सौंदर्यीकरण कार्य बेहतर ढंग से करायें। पथ के बगल में बनने वाले पार्क में रेलिंग का भी निर्माण करायें ताकि लोग सुरक्षित रह सकें और उन्हें घूमने-फिरने में सुविधा हो। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कॉर्पियो दुर्घटना में...

पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ी में फंसे हुए घायलों को किसी तरह बाहर निकलवाया और उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मधेपुरा जिला के रैभी गांव निवासी प्रमोद यादव के पुत्र गुड्डू कुमार अपनी मां का पटना के आईजीआईएमएस से इलाज करवा कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान यह घटना हो गई। हाइवे मोबाइल के शशिभूषण सिह ने बताया कि उन्हें एक ट्रक वाले ने घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद उन्होंने मौके से वाहन के भीतर से फंसे लोगों को निकलवाकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। गाड़ी में कुल सात लोग सवार थे जिसमें तीन की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हैं। सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में प्रमुख पति घायल

**बलिया।** प्रखंड प्रमुख ममता देवी के पति सुभाष राय दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रखण्ड क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत के नौरोगा निवासी प्रमुख ममता देवी के पति पंचायत समिति सदस्य सुभाष राय एक शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। अपने साथी सुभाष सिंह के साथ बाइक पर स्वार थे।तभी बिपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियों ने बाइक मे ठोकर मार दी। जिस कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सुचना पर घटना स्थल पर पहुचे परिजन ने दोनों घायल को इलाज के लिए बेगूसराय भेजकर पुलिस को सुचना दिया। स्कार्पियो चालक घटना स्थल पर गाड़ी को छोड़कर भागने मे सफल रहा। पुलिस स्कार्पियो को जप्त कर मामले की जांच कर रही हैं।

### स्ट्राबेरी उत्पादन तकनीक पर किसानों की पाठशाला आयोजित

**बीहट।** बरौनी प्रखंड बरौनी के लगौली पंचायत बथौली में स्ट्रबेरी उत्पादन तकनीक विषय पर किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया।षि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वाधान में इस कार्यक्रम में पाठशाला की संचालक नीतू कुमारी के नेतृत्व में कुल 25 महिला एवं पुरुष किसानों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पाठशाला के नोडल एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक, बरौनी कुंदन कुमार द्वारा किसानों को स्ट्रबेरी उत्पादन की संपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। तथा बरौनी को स्ट्रबेरी उत्पादन में अग्रणी बनाने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया।सहायक तकनीकी प्रबंधक श्री ज्ञानेश्वर कुमार द्वारा स्ट्रबेरी की खेती से होने वाले आर्थिक लाभ एवं विपणन संभावनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने इस नई फसल के प्रति उत्साह और रुचि व्यक्त करते हुए स्ट्रबेरी उत्पादन अपनाने का निर्णय लिया।

### चोरों ने काटी तार, बिजली आपूर्ति बाधित



**दनियावां(पटना)।** फतुहा से दनियावां जाने वाली 33 केवीए लाइन को अज्ञात चोरों द्वारा तार काटकर बाधित करने से विद्युत संचरण व्यवस्था चरमरा गई है। इसके कारण करीब 36 घंटे तक लाइन आपूर्ति बाधित रही। पिछले दो-तीन माह से चोरों के निशाने पर 220/33 केवीए का तार है। इस बीच,दनियावां थाना पुलिस ने तार चोरी में संलिप्त चोरों को गिरफ्तार करने की बात बताई है।

### ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मति की मांग

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के भीठ सुलिश गेट से चेरिया गांव तक लगभग 3.14 किलोमीटर बने सड़क की मरम्मति की मांग ग्रामीणों ने विभाग से की है।इस सड़क के कुछ स्थान पर जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। संवेदक द्वारा टूटे हुए स्थान पर ईंट डाल दिया गया है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उक्त सडक से आये दिन छोटी-छोटी दुर्घटना होती रहती है। चेरिया के ग्रामीण सुशील राय, आजाद, प्रभाष कुमार आदि ने बताया कि जिला मुख्यालय जाने का यह गांव का मुख्य मार्ग है। इस सड़क पर मरम्मति के नाम पर ईंट व मिट्टी डाल दिए जाने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन कोई न कोई गिरकर घायल हो जाता है। ग्रामीणों ने अविलंब सड़क मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक



**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन एवं नव-निर्वाचित सदर विधायक आनंद मिश्र ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए नुआंव (कृष्णाब्रह्म) निवासी अनुभवी एवं समर्पित वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सदर विधायक आनंद मिश्र ने कहा कि संतोष जी की कमी पत्रकारिता जगत में लंबे समय तक खलेगी। वे राष्ट्र और बक्सर के प्रति समर्पित पत्रकार थे। अपने अनुभवों से पत्रकारिता जगत में कई सुधारात्मक कार्यों को अंजाम देकर उन्होंने राष्ट्र एवं जन-जन के प्रति अपनी निष्ठा साबित की। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन ने अपने शोक संदेश में कहा कि तेज-तर्रार वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह के निधन से भाजपा परिवार के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त है। वे एक जाने-माने, नेक और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से न केवल पत्रकारिता जगत, बल्कि पूरे समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। दोनों नेताओं ने इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है।

‘कांग्रेस की नाली में उतरा था सफाई करने, पर पाया कि सड़ांध ही इसकी पहचान है’

# डॉ. एस.एम. झा ने छोड़ी पार्टी

**■ भाजपा से शुरू हुई राजनीतिक यात्रा के बाद कांग्रेस को दिया झटका, बोले–‘सनातन का अपमान करने वालों के साथ एक पल भी रहना पाप है’**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति, अवसरवाद और सनातन धर्म के प्रति बढ़ती विषाक्त मानसिकता से आहत होकर डॉ. एस.एम. झा ने रविवार को पार्टी के सभी पदों, दायित्वों और प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा सिर्फ एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि कांग्रेस की जड़ों में बैठ चुकी गंदगी पर एक तीखा प्रहार है, जिसे उन्होंने वर्षों के अनुभव के बाद महसूस किया।

डॉ. झा ने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीतिक शुरूआत भाजपा से हुई थी, जहाँ जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक उन्होंने ज़िम्मेदारियाँ निभाई और संगठन ने उन्हें सम्मान भी दिया। लेकिन जब उन्हें लगा कि लोकतंत्र का संतुलन तभी संभव है जब विपक्ष मजबूत हो, तब उन्होंने स्वेच्छा से भाजपा जैसे विशाल दल को छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश किया। उनका उद्देश्य था—एक कमजोर और बिखरी हुई पार्टी को मजबूत विपक्ष में बदलना। उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें लगा कि कांग्रेस के भीतर व्याप्त अव्यवस्थाओं और गुटबाजी को वह अपनी मेहनत और संघर्ष से समाप्त कर पाएँगे। पर समय ने उन्हें सिखाया कि ‘जहाँ सड़ांध ही तंत्र का आधार बन जाए, वहाँ सफाई नहीं, बल्कि और गंदगी ही पनपती है।’ डॉ. झा के अनुसार कांग्रेस में उनके प्रयासों को सम्मान नहीं मिला, बल्कि उन्हें लगातार हतोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि वे अपमान का घूंट पीते रहे सिर्फ इसलिए कि शायद पार्टी नेतृत्व सही समय पर कार्रवाई करेगा। लेकिन जब कांग्रेस के भीतर कुछ लोगों ने उनके सनातन धर्म और उनके आराध्य देवताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और शीर्ष नेतृत्व ने भी उस अपराध पर चुप्पी साध ली, तब उन्हें लगा कि वहाँ रहना धर्म और समाज दोनों के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने दावा किया कि पूर्णिया में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत, सामाजिक और पेशेवर स्तर पर भारी जोखिम उठाए। दो डीएम स्तर के अधिकारियों के खिलाफ अकेले खड़े होकर लड़ाई लड़ी, अपने स्कूल पर लगा तालाबंदी और 10 लाख जुमार्ने



का दबाव सहा, लेकिन कांग्रेस के लिए संघर्ष जारी रखा। परंतु, उनका कहना है कि अंततः वे बाहरी दुश्मनों से नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर पल रहे ‘भस्मासुरों’ से हार गए। डॉ. झा ने यह भी खुलासा किया कि चौदह प्रखंड अध्यक्षों के सर्वसम्मति समर्थन और सैकड़ों कार्यकताओं के प्रस्ताव के बावजूद, पटना के तथाकथित ‘दारबारियों’ ने उनकी उम्मीदवारी को दो बार रद्द कर अपने दलाल तंत्र को बचाया। टिकट भी ऐसे व्यक्ति को दिया गया जो कुछ दिनों पहले ही पार्टी में आया था। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस न तो विचारधारा का मंच है और न ही लोकतंत्र की प्रहरी। यह एक ऐसा तंत्र बन चुका है जहाँ व्यक्तिगत स्वार्थ, अवसरवाद, दलाली और सनातन-विरोधी सोच ही शासन करती है। उन्होंने साफ कहा—‘कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि चरित्रहीन मानसिकता का गढ़ बन चुकी है।’ इस्तीफा देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई कांग्रेस छोड़ने से समाप्त नहीं होगी। अब वे किसी दल, पद या संगठन के दबाव में नहीं, बल्कि सीधे जनता की आवाज बनकर काम करेंगे। पूर्णिया के गरीब, वंचित और प्रशासनिक अत्याचारों से पीड़ित लोगों के लिए उनकी लड़ाई पहले की तरह जारी रहेगी, बल्कि उससे भी अधिक मजबूती से। अंत में डॉ. झा ने कहा—‘पूर्णिया मेरा धर्म है, समाज सेवा मेरा कर्म है और सनातन मेरी आत्मा। अब मैं कांग्रेस के बंधन से मुक्त होकर उसी आत्मा की पुकार पर चलूंगा।’

# अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा : जिलेभर में चला सघन वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण को मजबूत करना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना था। अचानक शुरू किए गए इस अभियान ने सड़क पर चल रहे वाहनों की रफ्तार ही नहीं, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों पर भी पूरी तरह लगाम डाल दी।

जिले के प्रमुख मार्गों, व्यस्त चौराहों, बाजार इलाकों और संवेदनशील प्वॉइंट्स पर पुलिस बल की तैनाती पहले से अधिक सख्ती के साथ दिखी। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच करते हुए पुलिस टीमों ने कागजात, नंबर प्लेट, वैधता और यातायात नियमों के पालन पर विशेष ध्यान दिया। कई स्थानों पर चालक और सवार व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जबकि संदिग्ध दिखने वालों की पहचान की पुष्टि कर तलाशी भी ली गई। इस अभियान को पुलिस प्रशासन ने महज रूटीन प्रक्रिया नहीं बताया, बल्कि अपराधियों की गतिविधियों को ध्वस्त करने की एक कड़ी रणनीति का हिस्सा बताया। पूरे अभियान की मॉनिटरिंग शीर्ष स्तर से की गई और स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए। पुलिस ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में ऐसे अभियान और अधिक व्यवस्थित एवं कठोर तरीके से चलाए जाएंगे, ताकि अपराधियों पर लगातार दबाव बना रहे। इस सघन पहलकदमी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में पुलिस प्रशासन पूरी सक्रियता और संकल्प के साथ जुटा है। नागरिकों में भी इस कार्रवाई से सुरक्षा का भरोसा और पुलिस की कार्यशैली को लेकर सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ है।

# उपायुक्त ने किया सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शिविर से अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठायें सुयोग्य लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार की योजनाओं से करना है लाभान्वित इस दिशा में कार्य करने हेतु जिला प्रशासन है कृतसंकल्पित सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार" के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह ग्रामीणों के विकास का सूत्रधार बन गया है। यहां ग्रामीण को सीधे लाभ मिलने के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल जा रहा है।

सरकार व जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के वंचित लाभुकों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्म निर्भर बनाया जा सके। इसी क्रम में आज आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत "सेवा का अधिकार सप्ताह" कार्यक्रम के तहत आज गांवा प्रखंड के पिहरा पूर्वी पंचायत में आयोजित शिविर का शुभारंभ उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव द्वारा दीप प्रज्वलित करे किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्राप्त निदेशानुसार "आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम अंतर्गत "सेवा का अधिकार सप्ताह" के रूप में 21 से 28 नवम्बर 2025 तक मनाये जाने का निर्णय लिया गयो है। जिसके तहत गिरिडीह जिला अंतर्गत 21 से 28 नवम्बर 2025 तक पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर "झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011" में सूचीबद्ध राज्य सरकार के विभिन्न सेवाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को समयबद्ध रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं सरकारी सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ‘सेवा का अधिकार सप्ताह’ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का निवारण, लंबित मामलों का निष्पादन तथा आवश्यक सेवाओं का त्वरित लाभ लोगों तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति शिविर में उपस्थित हो कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। साथ ही लोगों से आग्रह किया गया कि उन्हें जो भी समस्याएँ हो रही हैं, उन्हें जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि संबंधित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान किया जा सके। जिला प्रशासन आम नागरिकों की सुविधा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और ‘सेवा का अधिकार सप्ताह’ इसी दिशा में एक सार्थक पहल है।कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का हुआ वितरण शिविर में साईकिल वितरण, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, जाती प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड का वितरण, जेएसएलपीएस की दीदियों को ऋण से लिंकेज, सर्वजन पेंशन योजना के अलावा विभिन्न परिसम्पतियों का वितरण सुयोग्य लाभुकों के बीच किया गया। आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हुए पेंशन, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया। साथ ही आमजनों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविर में आम जनों से झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध सेवाओं एवं तत्सम्बंधी समस्याओं से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त किया जा रहा है एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित मुख्य सेवा प्रक्षेत्र सर्विस फोकस एरिया के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल खारिज मामलों का निष्पादन, भूमि की मापी मेजरमेंट ऑफ लैंड भूमि धारण प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की स्वीकृति से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जायेंगे, ताकि ससमय आवेदनों का निराकरण किया जा सके

# जी.एल.एम. कॉलेज में विकास की धड़कन तेज, बैठक में उभरा बदलाव का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** जी.एल.एम. कॉलेज का सभागार गुरुवार को उस समय एक सक्रिय विचार-मंच में बदल गया, जब प्राचार्य डॉ. प्रमोद भारतीय की अध्यक्षता में महाविद्यालय विकास समिति की बैठक शुरू हुई। माहौल शुरूआत से ही गंभीर, ऊर्जावान और कॉलेज के भविष्य को लेकर उम्मीदों से भरा था। प्रतिभागियों ने जिस तत्परता से सुझाव दिए और निर्णयों पर सहमति जताई, उससे साफ झलका कि जी.एल.एम. कॉलेज अब विकास को केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि प्राथमिकता बनाने की दिशा में बढ़ चुका है।

बैठक में CCDC डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्रो. डॉ. शंभू लाल वर्मा, बर्सर डॉ. गिरीधारी हजरा, जूनियर इंजीनियर संतोष कुमार सुमन, हेड क्लर्क सुबोध कुमार साह और लेखापाल बाबुल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कॉलेज की दशा और दिशा पर की गई चर्चा न तो औपचारिक थी और



न ही सामान्य बल्कि हर प्रस्ताव कॉलेज की जरूरत और विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए रखा गया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद भारतीय ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम कदम आगे बढ़ाए गए। गर्ल्स हॉस्टल को तुरंत चालू करने का निर्णय सबसे पहले लिया गया, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और व्यवस्थित आवास की सुविधा बिना किसी देरी के मिल सके। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में पी.जी. कक्षाएं शुरू करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय को भेजे जाने पर सहमति बनी, जिससे स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा के द्वार और व्यापक होंगे। परिसर में अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण का मुद्दा भी अनदेखा नहीं रहा और इसे कॉलेज की तत्काल आवश्यकताओं में शामिल किया गया। साइकिल स्टैंड के नवीनीकरण पर भी सहमति बनी, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को अधिक सुगठित और सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था मिल सके। बैठक में महाविद्यालय पत्रिका के प्रकाशन की मंजूरी को भी महत्वपूर्ण माना गया, क्योंकि यह छात्रों और शिक्षकों दोनों को रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर देगा। वहीं कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक पहचान दिलाने की दिशा में दो अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों के आयोजन का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। NAAC मूल्यांकन से जुड़े अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि कॉलेज अपनी गुणवत्ता और मान्यता को नई मजबूती दे सके। बैठक के समापन पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद भारतीय ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आज लिए गए निर्णय मात्र कागजी प्रस्ताव नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले समय में जी.एल.एम. कॉलेज की नई पहचान गढ़ने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएँगे।

# असदुद्दीन ओवैशी ने मतदाताओं व कार्यकताओं का किया शुक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुरे /कटिहार।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलेमिन के प्रमुख असदुद्दीन अवेशी बिहार विधानसभा चुनाव में पांच सीटे जितने के बाद मतदाताओं एवं कार्यकताओं का शुक्रिया अदा करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सीमांचल पहुंचे।

इस दौरान शुक्रवार को बलरामपुर प्रखंड के माधेपुर गांव जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बलरामपुर 65 विधानसभा क्षेत्र के 80 हजार मतदाताओं एवं कार्यकताओं का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। जिसने मेरी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में अपना कीमती वोट दिए। लेकिन दुर्भाग्य से चंद वोटो से उसे हारना पड़ा। मेरी पार्टी के जितने भी उम्मीदवार है वह हारने के बाद भी उसका होंसला बुलंद है। हमने अपनी पार्टी कि शुरूआत सीमांचल से किया था। इस लिए सीमांचल के हक और तरक्की के लिए हम लड़ते रहेंगे।बलरामपुर में नये दौर का आगाज हो चूका है। जो कहता था कि यह हमारा लाल किला बहुत मजबूत है। हमने उसे बता दिया कि हमारे हरे के सामने कोई लाल नहीं ठहर सकता। उन्होंने विशेष रूप से राजद से अपनी कमियों का आत्मनिरीक्षण करने की सलाह देते हुए कहा कि राजद भाजपा को रोक पाने में सक्षम नहीं है। सभा में हजारों की संख्या में भीड़ देखी गई।

## मोहनपुर में हुआ क्रॉप कटिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के रामपुर संतोला में क्रॉप कटिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांख्यिकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित होकर क्रॉप कटिंग कराया। इस मौके पर सांख्यिकी विभाग के बीएओ अनीता सिंह ने बताया कि 10 बाय 5 की दूरी पर धान की क्रॉप कटिंग किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सांख्यिकी विभाग के द्वारा क्रॉप कटिंग कराया गया जिसमें मोहनपुर पंचायत के रामपुर संतोला में नुमान अली के खेत में धान की क्रॉप कटिंग की गई। इस अवसर पर किसान सलाहकार अनिल सिंह,मोहम्मद जमील आदि मौजूद रहे ।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बी कोठी/पूर्णिया।** रघुवंशनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़ित बच्ची की माँ के आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर अग्रेत्तर करवाई किया जा रहा है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 5 वर्षीय बच्ची अपने दरवाजे पर खेल रही थी। गावँ का ही एक 16 वर्षीय लड़का दरवाजे पर से बुलाकर घर के बगल वाले बसबिट्टी में बच्ची साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची रोती हुए आई और अपने माँ के पास शरीर के अंदरूनी भाग की ओर इशारा करके रोने लगी। माँ जब अंदरूनी भाग को देखा तो अंदरूनी भाग से खून निकल रहा था। खून बहता देख विदित बच्ची की माँ अपनी बेटी को इलाज कराने बड़हरा कोठी लेकर गई जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज कराने हेतु सदर अस्पताल पूर्णिया भेजा। आवेदन के आलोक में थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार द्वारा पास्को एक्ट की धाराओं के तहत कांड संख्या 131/25 दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

## प्रखंड कृषि कार्यालय मनसाही में बीज वितरण जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड कृषि कार्यालय मनसाही में गेहूं, सरसों, तीसी, हरा मटर, मटर बीज वितरण जारी हैं। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि 109 क्विंटल गेहूं 200 किसानों के बीच वितरण किया जा रहा हैं । सरसों प्रत्यक्षण साहेबनगर,फुलहरा के 30 किसानों के बीच,टीसी 16 किलो,हरा मटर 1350 किलो,मटर 192 किलो किसानों के बीच वितरण किया जा रहा हैं। किसान अविलंब किसान सलाहकार के माध्यम से बीज का उठाव कर ले। इस अवसर पर कृषि समन्वयक मनीष कुमार,मंजर आलम, जीवन प्रकाश, सभी पंचायत के किसान सलाहकार मौजूद रहे ।

# मैट्रिक व इंटर की सेंटअप परीक्षा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मोहनपुर में मैट्रिक एवं इंटर की सेंटअप परीक्षा शुरू हो गया हैं। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मैट्रिक एवं इंटर की सेंटअप परीक्षा शुरू हो गया हैं। गुरुवार को मैट्रिक में प्रथम पाली में विज्ञान एवं द्वितीय पाली में सामान्य विज्ञान की परीक्षा हुई। वहीं इंटर साइंस में प्रथम पाली में गणित, द्वितीय पाली में बायोलॉजी की परीक्षा हुई।

इंटर आर्ट्स प्रथम पाली में गणित, द्वितीय पाली में जियोग्राफी की परीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि मैट्रिक में 187 छात्र - छात्राओं ने फॉर्म भरा



हैं जो परीक्षा दे रहे हैं। वहीं इंटर साइंस में 32 ,आर्ट्स में 76 परीक्षा दे रहे हैं। इस अवसर पर क्लर्क विश्वनाथ मरांडी, शिक्षक अनुज कुमार, विकास कुमार, मिथिलेश कुमार, ऋशू कुमारी भारती, वंदना रजक माला कुमारी, सफिया खातून, सत कुमार, राजीव रंजन, चंदन कुमार, सुमन कुमारी, स्वीटी कुमारी, राजहंस कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षित महिलाओं व किशोरियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ाास्मीन फाउंडेशन की ओर से संचालित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत सिलाई कटाई एवं ब्यूटीशियन ट्रेड में प्रशिक्षित महिलाओं एवं किशोरियों के समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सांसद तारिक अनवर ने इन विधाओं में सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त 150 महिलाओं को प्रमाण पत्र दिये। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कटिहार जिलें की महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने में यास्मीन फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से सराहनीय भूमिका निभा रहा है।

# भारत-नेपाल सीमा से संयुक्त अरब अमीरात का नागरिक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** बिहार में भारत-नेपाल के सीमाई शहर रक्सौल से एक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। वह भारत से नेपाल जाने का प्रयास कर रहा था।

एसएसबी ने रक्सौल से सलेम अब्दुल्ला सलेम खल्फान अलसमशी को गिरफ्तार किया है। वह संयुक्त अरब अमीरात के आबू धाबी निवासी एलेन जखर का पुत्र है। गिरफ्तार विदेशी नागरिक, भारत से नेपाल जाने का प्रयास कर रहा था लेकिन उसके पास वैध कागजात नहीं थे। सलेम के पास से एसएसबी ने दो पासपोर्ट (एक पुराना और दूसरा नया) एवं दो मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद दोनों पासपोर्टों में से एक का नम्बर ए0498168 है। एसएसबी ने पूछताछ के बाद रविवार को गिरफ्तार विदेशी नागरिक को वैधानिक कार्यवाई के लिए पूर्वी चंपारण पुलिस को सौंप दिया है। ज्ञातव्य हो कि विगत 19 मई को रक्सौल के एक होटल से पूर्वी चंपारण की पुलिस ने दक्षिण कोरियन नागरिक किम यंग डे को गिरफ्तार किया था। वह 4 वर्ष से अवैध रूप से भारत में निवास कर रहा था। उसके पास से भारत और नेपाल दोनों देशों की 1 लाख 83 हजार की मुद्राएं बरामद की गयीं थी। इस गिरफ्तारी से महज तीन दिन पूर्व 16 मई को रक्सौल से भारतीय मूल के कैनेडियन नागरिक हरप्रीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 22 अप्रैल को एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया गया था। उससे पहले 5 चाइनीज नागरिक गिरफ्तार किए गए थे।

# एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद मंत्रिमंडल को मिली नई ऊर्जा, बिहार विकास के निर्णायक दौर में : डॉ. ए.के. गुप्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार में आए प्रचंड जनादेश ने प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे दी है। एनडीए की जोरदार जीत के बाद पूर्णिया के जाने-माने चिकित्सक सह भाजपा नेता डॉ. ए.के. गुप्ता ने नवनियुक्त मंत्रियों तथा विजयी प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम बिहार की जनता की उस स्पष्ट सोच का प्रतीक है जिसमें विकास, स्थिरता और भरोसे को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता ने इस चुनाव में साफ कर दिया कि अब उसके लिए सिर्फ काम मायने रखता है, राजनीति की पुरानी चालें नहीं।

डॉ. गुप्ता ने विशेष रूप से नए मंत्री सम्राट चौधरी और दिलीप जायसवाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दोनों नेताओं का



मंत्रिमंडल में शामिल होना बिहार की नीतियों और योजनाओं को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी की मजबूत प्रशासनिक पकड़ और दिलीप जायसवाल के संगठनात्मक अनुभव से सरकार और भी अधिक प्रभावी तरीके से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि यह मंत्रिपरिषद बिहार की विकास यात्रा में निर्णायक भूमिका निभाने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश विपक्ष के लिए भी एक सशक्त संदेश है कि बिहार अब भ्रम, नकारात्मकता और जातिगत समीकरणों की राजनीति को पीछे छोड़ चुका है। लोगों ने जाति से ऊपर उठकर विकास को वोट देकर यह साबित कर दिया कि वे स्थिर और मजबूत सरकार चाहते हैं, जो जमीन पर बदलाव ला सके। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की परिपक्वता का उदाहरण है, जिसमें जनता ने अपने भविष्य को प्राथमिकता दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए की नई सरकार रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग और बुनियादी ढांचा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस और प्रभावी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्णिया सहित पूरे सीमांचल में विकास की अपार संभावनाएं हैं और मंत्री मंडल के नए नेतृत्व से इन क्षेत्रों में नई रोशनी अवश्य आएगी। अंत में डॉ. गुप्ता ने भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता का भरोसा ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और यह जनादेश जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि बिहार अब नई शुरूआत के मोड़ पर है, और एनडीए की नई मंत्री टीम इस अवसर को ऐतिहासिक उपलब्धियों में बदलने की क्षमता रखती है।

## सालमारी में होगा जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी/कटिहार।** सालमारी ठाकुरबाड़ी में श्री सतगुरु महाराज श्री श्री 108 श्री मेंही दास जी परमहंस गुरुजी महाराज का जिला स्तरीय बैठक पूर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से जिला से आए बाबा नागेश्वर जी के साथ-साथ अन्य संतों ने भी इस बैठक में भाग लिया। सालमारी सत्संग कमेटी के ललित बूबना ने बताया कि आगामी 6 एवं 7 मार्च 2026 को जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन सालमारी के ढोलमारा खेल मैदान में आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुप्पाघाट भागलपुर के सत्संगी बाबा गन बड़ी संख्या में आएंगे। ओर उनका प्रवचन होगा। वही इस अवसर पर पूर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल, ललित बूबना, राजेश मंडल, सुबोध शर्मा, अरुण सिंघानिया ,प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद यादव, एवं जिला स्तरीय अशोक विश्वास, रंजीत मंडल एवं अन्य सत्संग प्रेमी मौके पर उपस्थित रहे ।

# बदलते मौसम में बढ़ रही मरीजों की संख्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज/कटिहार।** हसनगंज प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम में हो रहे लगातार उतार-चढ़ाव के कारण ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच रहे हैं।

दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है मरीज को देखते हुवे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आयुष भारद्वाज ने बताया। कि इस समय सर्दी, खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तन के कारण लोगों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, इसलिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। बुखार व अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यदि किसी व्यक्ति को कई दिनों से लगातार बुखार आ रहा हो तो उसे तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और स्वयं उपचार करने से बचना चाहिए। वही प्रभारी चिकित्सक ने यह भी सुझाव दिया कि लोग साफझ्रसफाई का विशेष ध्यान रखें, गर्म पानी का सेवन करें और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और जागरूकता ही मौसमी बीमारियों से बचने का सबसे अच्छा उपाय है।

# अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों से समन्वय बनाकर करें कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार ने देव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच की। इसके बाद उन्होंने दवा कक्ष, एक्स-रे रूम, एमटी रूम और लैब ओटी, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मरीजों से भोजन और दवाओं की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ विकास रंजन अन्य चिकित्साकर्मी मौजूद रहे। बीडीओ ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों से समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने का निर्देश दिया। बीडीओ के इस निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना और मरीजों को बेहतर सुविधा सुनिश्चित करना है। उनके निर्देश से स्वास्थ्य कर्मियों में सक्रियता बढ़ने की उम्मीद है। बीडीओ दीपक कुमार ने बताया कि निरीक्षण जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, कर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी व आवश्यक दवा की स्थिति ठीक पायी गयी। व्यवस्थाएं संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं और इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के लिए बेहतर इलाज और सुविधाओं के प्रबंधन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

## युवती का अपहरण करने में गिरफ्तार, दूसरा फरार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** गलत नियत से युवती को जबरन अपहरण करने के मामले में एक बदमाश को सिमरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया गांव निवासी शिवम कुमार के रूप में की गई है। जबकि फरार आरोपी की पहचान शहर के करमा रोड स्थित पुलिस लाइन निवासी शुभम कुमार के रूप में की गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार युवती ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। इसी क्रम में बाइक सवार दो युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर परसावां की तरफ़ भगाने लगे। शोर मचाने पर परिजन और स्थानीय लोग दौड़े तथा पीछा कर एक बदमाश को धर दबोचा जबकि दूसरा बाइक लेकर फरार हो गया। घटना के बाद बदमाश को पुलिस को सुपूर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद युवक को जेल भेज दिया गया है।

# मारपीट में नौ लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के न्यू एरिया में शनिवार की रात एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच पूर्व से चली आ रही हिस्सेदारी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामला सीढ़ी के नीचे साइकिल लगाने को लेकर शुरू हुई। इस दौरान दोनों पक्ष एक दूसरे से उलझ पड़े और मामला तलवार और लाठी-डंडे से हुए हमले में तब्दील हो गई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्ष से तीन महिलाए और एक बच्चे समेत कुल नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में बीच बचाव करने पहुंची पड़ोस के रहने वाले वकील विजय सिंह की पत्नी भी जख्मी हुई है। सभी ज़िख्मयों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। चिकित्सकों ने तीन की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। फिलहाल मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर उन का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गोह थानाक्षेत्र के चापूक गांव निवासी तीन भाइयों कमलेश सिंह, राकेश सिंह और संजीव सिंह का मकान न्यू एरिया में है। इसमें बड़े भाई कमलेश सिंह और मंझिले भाई राकेश सिंह परिवार के साथ रहते हैं जबकि छोटे भाई संजीव सिंह ने अपने हिस्से को किराए पर दे रखा है। शनिवार शाम सीढ़ी के नीचे साइकिल लगाने को लेकर कमलेश सिंह के पुत्र नीतीश सिंह, उसकी पत्नी और बच्चे के साथ राकेश सिंह के परिवार की कहासुनी हो गई और मामले ने तूल पकड़ लिया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर साला तथा अन्य लोगों को बुलाकर मार पीट करने का आरोप भी लगाया है। मामले की जानकारी नगर थाने की पुलिस को भी दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कहीं है।

## अलग-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मारपीट व हत्या प्रयास मामले में दो अभियुक्तों को बारून पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के बारून निवासी बिक्रम डोम एवं राकेश डोम के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट को लेकर इन दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। ये दोनों जनवरी से मामले में फरार चल रहे थे जिसमें आज दोनों पकड़े गए। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कोर्ट के निर्देश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव निवासी शत्रुधन चौधरी के रूप में की गई है। यह बीते काफी दिनों से फरार चल रहा था। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया।

# हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में 31 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 23 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 352 लीटर देसी शराब, एक बाइक, 4 बैटरी बरामद किया गया है। इसी क्रम में 400 लीटर महुआ घोल और 4 भट्ठी विनष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 806 वाहनों की जांच की गई जिसमें 29500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप विभिन्न अपराधों में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

**रफीगंज से नवनिर्वाचित विधायक का मदनपुर में नागरिक अभिनंदन**

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना लक्ष्य : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा चौक के पास रविवार को स्थानीय लोगों द्वारा रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक ने आम नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। साथ ही जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। नव निर्वाचित विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह सम्मान हमारी नहीं बल्कि सर्वसमाज की है। यहां के लोगों की है। यहां के लोगों के हर सुख दुःख में साथ खड़े रहेंगे। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हमारा मूल लक्ष्य है। जनता के लिए हर समय तत्पर रहे हैं और हमेशा रहूंगा। इसके पहले सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञानदत्त पाण्डेय दूर्गा मंदिर में विधिवत धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराया और प्रसाद वितरण किया गया।



इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, वरीय भाजपा नेता अभिमन्यु प्रसाद, ज्ञानदत्त पाण्डेय, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिन्हा, प्रो संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद, नारायण प्रसाद, बसंत जायसवाल, रंजीत कुमार, संतोष स्वर्णकार, राहुल कुमार सिन्हा, यशवंत सोनी, दिलीप कुमार गुप्ता, महा काल मंडली सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के काजीचक स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायधीश तान्या पटेल के निदेश पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि विभिन्न कानूनी विषयों और नालसा के विभिन्न योजनाओं पर हमेशा प्राधिकार जागरूकता शिविर आयोजित करता रहता है। आज़ का विषय था तेजाब हमलों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं संबधित नालसा योजना 2016 पर विधिक जागरूकता इस शिविर का अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक मुकेश कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को बताया गया कि इस वर्ष के अंत में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का भरपूर लाभ लें। लोक अदालत में सुलह होने वाले वादों के बारे में विशेष जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक नाहीद फतमा, शिक्षक मो. आलिम अशरफ, शिक्षक रोहित कुमार, रेशमी खातून, अकबर सहित अन्य उपस्थित थे।

# सियाराम शॉप व विशाल मल्टीब्रांड शोरूम का भव्य उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के ओल्ड जीटी रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के समीप रविवार को सियाराम शॉप और विशाल मल्टीब्रांड शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन का शुभ कार्य शहर के प्रख्यात समाजसेवी कन्हैयालाल जैन, संचालक बबलू जैन एवं जितेन्द्र जैन उर्फ जीतू आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप जलाकर किया। उद्घाटन के बाद ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर सियाराम शॉप और विशाल मल्टीब्रांड शोरूम से अपने मनपसंद कपड़ों की खरीदारी की। इस दौरान उन्होंने बताया कि सियाराम का



कपड़ा काफी बेहतरीन होता है और इसमें कभी कोई शिकायत नहीं आती है। कंपनी ग्राहकों के अनुसार हर तरह के कपड़े शॉप में उपलब्ध कराती है जो एक बार देखने पर ही पसंद आ जाता है। इस शोरूम के खुलने से अब शहर में गुणवत्तापूर्ण कपड़ों और फैशन से जुड़े उत्पादों की मांग आसानी से पूरी हो सकेगी। संचालक बबलू जैन एवं जितेन्द्र जैन उर्फ जीतू ने जानकारी देते हुए बताया कि सियाराम शॉप में ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले सूटिंग-शर्टिंग की पूरी रेंज उपलब्ध कराई गई है। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए टेलरिंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे एक ही स्थान पर फैब्रिक से लेकर स्टिचिंग तक की पूरी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा विशाल मल्टीब्रांड शोरूम में विभिन्न ब्रांडों के रेडीमेड परिधानों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी, जिसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चों के लिए आधुनिक और पारंपरिक दोनों तरह के कपड़े शामिल हैं। मौके पर शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ अनिल कुमार सिन्हा, डॉ शीला वर्मा, एलआईसी के विकास अधिकारी संजय सिंह, शिक्षक ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

**नवीनगर(नबिटा संवाददाता)।** नरारी कला खुर्द थाना की पुलिस ने ट्रक में चोरी से लादे गये लोहे के स्क्रैप को बरामद किया है। इस क्रम में एक शातिर को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में सीआइएसएफ के एक पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिस शातिर को पकड़ा गया है उसकी पहचान उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव जिले के नैनिखाप गांव निवासी रामदेव पाल के रूप में हुई है। इस बाबत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि एनटीपीसी की ओर से स्क्रैप लोड करने के लिए किसी ठेकेदार को ठेका दिया गया था। आठ हजार किलो स्क्रैप लोड करना था। उस ट्रक पर 16 टन अधिक स्क्रैप को लोड कर लिया गया। यानी चोरी से माल को लोड किया गया है।

# सूर्य मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अगहन माह के रविवार को प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों में दिखी। मंदिर के अलावे पवित्र सूर्यकुंड तालाब में स्नान व अर्घ दान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आयी। गुनगुने ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर में लगी रही। स्नान करने के उपरांत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को दंडवत भी किया। लगभग आधा किलोमीटर की दूरी दंडवत देकर तय की। दर्शन करने में श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी न हो, इसका पुलिस प्रशासन ने पूरा ख्याल रखा और सारे वाहनों को थाना के पास रामलीला मैदान में खड़ा कराया। श्रद्धालुओं को वहां से पैदल यात्रा कर भगवान सूर्य का दर्शन-पूजन करने में सहयोग किया। मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए दो लाइनें बनायी गयी थीं। एक पुरुष के लिए, तो दूसरी महिलाओं के लिए। सूर्य मंदिर न्यास समिति ने अपनी बेहतर सेवा से आने वाले श्रद्धालुओं का ख्याल रखा। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ स्वयं सुरक्षा की मॉनिटरिंग करने में लगे थे। श्रद्धालुओं को प्रधान पुजारी आचार्य राजेश पाठक, सुभाष पाठक, अमित पाठक, कमलाकांत पांडेय आदि ने पूजा-अर्चना करायी। सुबह से लगी श्रद्धालुओं की कतार न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह व सदस्य योगेंद्र सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का कष्ट न हो, इसके लिए हमेशा तत्पर रहती है। मुख्य पुजारी आचार्य राजेश पाठक ने बताया कि देव सूर्य मंदिर और सूर्यकुंड की काफी पौराणिकता है। भगवान सूर्य के दर्शन-पूजन से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# खेल ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** बालिका इंटर विद्यालय में अंबुज ट्रस्ट की ओर से संचालित संस्था स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा मंच एवं जनहित मंच ने दिवंगत क्रिकेटर अंबुज कुमार पांडेय के सातवें स्मृति दिवस के अवसर पर खेल ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में दाउदनगर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के चौथी से नवीं कक्षा के लगभग 400 प्रतिभागी शामिल हुए। बताया गया कि परीक्षा 100 अंक की रही। परीक्षा के सारे प्रश्न खेल जगत से जुड़े थे। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल टॉप-20 प्रतिभागियों को दिवंगत क्रिकेटर अंबुज कुमार पांडेय की सातवीं पुण्यतिथि पर 28 नवंबर को पुरस्कृत किया जायेगा। परीक्षा का संचालन विश्वजीत आनंद, अमन मिश्रा व अंश पांडेय ने किया। मौके पर परीक्षा पर्यवेक्षक के रूप में वार्ड पार्षद बसंत कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत कुमार तांती, वार्ड पार्षद अमित कुमार उपस्थित रहे। महेश कुमार, आस्था पांडेय, अंशु मिश्रा, अभय कुमार पांडेय, आदर्श कुमार सैनी, बालिका इंटर विद्यालय के रात्रि प्रहरी अशोक कुमार, राजेश कुमार तांती, नीतीश मिश्रा, निखिल मिश्रा, कादरी मध्य विद्यालय के शिक्षक शिवपूजन कुमार, डॉ कवींद्र कुमार शर्मा, सिद्धू कुमार, अनुराग कुमार ने परीक्षा के सफल संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया। जनहित मंच के सचिव बसंत कुमार, वार्ड पार्षद प्रशांत कुमार तांती, वार्ड पार्षद अमित कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है। रुचि बढ़ती है एवं बच्चे भविष्य के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार करते हैं।

# नवनिर्वाचित विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र के सम्मान में समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन हॉल परिसर में रविवार को एनडीए के लोजपा समर्थित नवनिर्वाचित विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान तथा संचालन लोजपा नेता विजेन्द्र पासवान ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनता ने डॉ. प्रकाश चंद्र को फूल-माला, गुलदस्ता और अंगवस्त्र पहनाकर



सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत लोकजनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्र ने कहा कि जिस विश्वास और आशीर्वाद के साथ आपने मुझे विधानसभा तक पहुंचाया है, उसके लिए मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। क्षेत्र की हर समस्या को विधानसभा में मजबूती से उठाया जाएगा और विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। समारोह में मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने डॉ. चंद्रा को आने वाले दिनों में मंत्री पद पर आसीन किए जाने की जोरदार मांग की, जिसके समर्थन में पूरा हॉल जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुति में कलाकार श्रीजानंद त्रिवेदी एवं अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित नेताओं में लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, लोजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश पासवान, लोजपा युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, भाजपा जिला युवती प्रमुख रॉनी दूबे, संजय पटेल, रामनरेश पांडेय, मींटू शर्मा, नंदू शर्मा, पप्पू शर्मा, जयकेश पासवान, कमला प्रसाद, संजय गुप्ता, विनोद प्रसाद नाग, अशोक पांडेय, सुबोध कुमार उर्फ बोस, उपेंद्र पासवान, अर्जुन यादव, अवधेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# युवाओं को अनुशासन, साहस व आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाती है एनसीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 3/13 कंपनी बिहार बटालियन एनसीसी आर.एल.एस.वाई. कॉलेज परिसर में 78वां एनसीसी दिवस अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और उत्साह के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, देश सेवा की भावना का विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात एनसीसी की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला गया और एनसीसी के इतिहास एवं उसके योगदान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का सहज, प्रभावशाली एवं अनुशासित मंच संचालन आर्यन कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को क्रमबद्ध और आकर्षक रूप में सम्पन्न कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबेदार

**78 वें एनसीसी स्थापना दिवस का भव्य आयोजन**




मेजर रमेश पत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन, साहस और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाती है। यह उन्हें भविष्य का सक्षम नागरिक और नेतृत्वकर्ता तैयार करने का मंच प्रदान करती है। कार्यक्रम में उपस्थित अजीत कुमार ने कहा कि एनसीसी से जुड़कर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और कर्तव्यनिष्ठा का विकास होता है, जो उनके जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। पीआई अवनीश कुमार ने कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी के कार्यक्रम युवाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं तथा उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जगाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि एनसीसी केवल एक यूनिफॉर्म नहीं बल्कि जीवन जीने की एक उत्कृष्ट शैली है जो युवाओं में नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों का विकास करती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर एसयूओ मनीष कुमार, कैडेट सुमन, प्रेम प्रभात, राहुल, उमाशंकर, अविनाश, बलबीर, प्रियंका, जया, सलोनी, काजल, अंशु, पल्लवी, काशिश सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

